e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 254

**सुविचार**
जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो वह कभी किसी का नहीं हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान!

# प्रभात मंत्र

रविवार
15.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



# राज्य में हो रहे चौतरफा विकास से विरोधियों की बढ़ गई है बेचैनी : मंत्री मिथिलेश

## रंका व मेराल के 400 से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका व मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों से 400 से अधिक महिला-पुरुषों ने भाजपा एवं अन्य दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। शनिवार को ग?वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मेराल प्रखंड के अरंगी, बौराहा, रंका प्रखंड के सिरोईखुर्द, मझिगावां, बाहाहारा, मानपुर, चटनमान, गासेदाग, गौरगड़ा आदि गावों के शामिल होने वाले लोगों को मंत्री श्री ठाकुर ने माला व पार्टी का पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगो ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर की पुनः जीत सुनिश्चित कराने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आजादी के बाद से सबसे पिछड़े क्षेत्र में गिने जाने वाले गढ़वा की अब पूरी तरह से तस्वीर बदल गई है। गढ़वा अग्रणी जिलों की श्रेणी में खड़ा हो गया है। काफी कम समय में गढ़वा में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यो से प्रभावित होकर हर रोज काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व किये गये वादे को वे एक-एक कर पूरा कर रहे हैं। साथ ही पूरे राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी वर्गो के लिए कई जनोपयोगी योजनाएं चला रहे हैं। जिससे पूरे राज्य की जनता लाभान्वित हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार वर्ष 2019 में झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। राज्य में हो रहे चौतरफा विकास से विरोधी बेचैन हो गये हैं। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार यादव के नेतृत्व में प्रभु यादव, विरेंद्र यादव, चइतु भुईयां, हजारी राम, जयराम पासवान, अनिल पासवान, धनंजय परहिया, सूरज सोनी, समीर खान, हमीद खान, रविंद्र प्रजापति, बसु सिंह, महेंद्र सिंह, शंभु लाल, विश्वनाथ भुईयां, सुभाष रजक, विनोद ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भाजपा छोड़ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने थामा राजद का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के राजद प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया श्री जितेंद्र कुमार भारती के आवास पर राजद की सदा कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया जितेंद्र कुमार भारती व सफल संचालन स्वयं ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप अनुसूचित जाति प्रकोष्ट के पूर्व जिला अध्यक्ष सह छतरपुर - पाटन विधानसभा के भावी उम्मीदवार श्री राजू भुइयाँ उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम मे भाजपा छोड़ कर मुन्ना कुमार चंद्रवंशी, शम्भू महत्म, अजय चौधरी, नगीना ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, चराई टू के पूर्व मुखिया श्याम सुंदर चौधरी, शिव कुमार पासवान, धनेश्वर भुइयाँ समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने छतरपुर-पाटन के भावी उम्मीदवार श्री राजू भुइयाँ ने राजद की पट्टा और माला देकर पार्टी मे ज्वाइनिंग कराया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने बारा, जमालपुर, हरिना, नीमा, नौड़ीहा बाजार के आलावा दर्जनों गाँवों की दौरा किया और अपना आशीर्वाद माँगा। उन्होंने कहा कि अगर सुप्रीमो ने मुझे मौका दिया तो राजद की खाते मे सीट निश्चित जाने तय है।

# शोकसभा का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीपीआई एम के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी के निधन पर सीपीआई एम के जिला सचिव जेपी गुप्ता के आवास पर शुक्रवार की शाम शोकसभा का आयोजन कांग्रेस नेता ईश्वरी चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शोकसभा को सम्बोधित करते हुये नेताओं ने कहा कि कामरेड येचुरी का निधन वाम आंदोलन के लिये अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। कामरेड येचुरी जीवन पर्यंत शोषित पीड़ित, कमजोर वर्ग के लोंगो के हक अधिकार के लिये संघर्ष करते रहे। शोकसभा में उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा। शोकसभा में सीपीआई एम के जिला सचिव जय प्रकाश गुप्ता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, राजकुमार राम, देवीदयाल मेहता, विद्या पासवान, श्रीराम, कांग्रेस नेता ईश्वरी चौधरी, बिरेन्द्र प्रसाद,कइल चौधरी, जवाहिर राम, गोलू ठाकुर, गोविन्द प्रसाद, अजय प्रसाद, शुभम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनुकूलचन्द्र जी का 137 वां आविर्भाव दिवस आज

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 137 वां आविर्भाव दिवस समारोह 15 सितम्बर को सत्संग उपासना केंद्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।उक्त आशय की जानकारी देते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में वेद माँगलीकी, प्रभातफेरी, प्रार्थना व नाम पाठ, प्रातः, भजनांजली, जन्मलग्न घोषणा तथा भजन कार्यक्रम के अतिरिक्त एक घंटा छोटे बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार का खेल प्रतियोगिता किया जाएगा। दोपहर में माताओं के बीच क्विज प्रतियोगिता, सत्संग, आनन्द बाजार (भंडारा) तथा संध्या प्रार्थना के बाद कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

# प्रसव के बाद महिला की मौत, हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला थाना क्षेत्र के केताता गांव की एक महिला की मौत प्रसव के दौरान मेदिनीनगर जिला अस्पताल में हो गया.शव लेकर गांव आए सरकारी एंबुलेंस को चालक सहित ग्रामीणों ने वापस जाने से रोक दिया.परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक की लापरवाही से महिला की जान गई है.रेहला पुलिस के हस्तक्षेप पर एंबुलेंस शव को लेकर वापस मेदिनीनगर जिला अस्पताल गया.जहां मृतिका के शव का पोस्टमार्टम हुआ.मिली जानकारी के अनुसार केतात गांव निवासी पिंटू ठाकुर की पत्नी रीना देवी (25) को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा के बाद मेदिनीनगर जिला अस्पताल ले जाया गया.चिकित्सकों द्वारा परिजनों को बताया गया कि रीना के शरीर में खून की कमी है.जिसके बाद रीना को एक यूनिट खून चढ़ाया गया.शाम आठ बजे ऑपरेशन के बाद रीना ने एक बच्ची को जन्म दिया.परिजनों के अनुसार रात बारह बजे के आसपास चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि रीना की मौत हो गई.परिजनों को रीना की मौत का कारण भी नहीं बताया गया.अहले सुबह चार बजे सरकारी एंबुलेंस से रीना के शव को जबरदस्ती केतात गांव भेजा दिया गया.शव लेकर आए एंबुलेंस को चालक सहित ग्रामीणों ने डिटेन कर दिया.ग्रामीणों का आरोप था कि चिकित्सक की लापरवाही से रीना की जान गई है.अस्पताल प्रबंधन द्वारा परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र भी नही दिया गया.अपना कमी व लापरवाही छुपाने के लिए शव को आनन फानन में घर भेज दिया गया.ग्रामीण शव का पोस्टमार्टम करने,दोषी चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई करने और परिजनों को दस लाख मुआवजा देने की मांग कर रहे थे.सूचना मिलने के बाद रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मृतिका के घर गए और ग्रामीणों को समझाया बुझाया.इसके बाद पुलिस शव को उसी एंबुलेंस से एमएमसीएच लेकर गई.लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने वहां के चिकित्सकों पर अविश्वास प्रकट किया,जिसके बाद सिविल सर्जन ने पोस्टमार्टम हेतु शव को रांची रिम्स भेज दिया.ग्रामीणों के विरोध का नेतृत्व पूर्व मुखिया रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे ने किया।

# लोहरगड़ा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** झारखंड राज्य हेमन्त सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को लोहरगड़ा पंचायत भवन के परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसका शुभारंभ लोहरगढ़ा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ संपन्न **शिविर में अबुआ आवास के 680 आवेदन हुए प्राप्त** झारखंड राज्य हेमन्त सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को लोहरगड़ ा पंचायत भवन के परिसर में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ मुखिया नीलम देवी एवं बीपीओ नीरज कुमार पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने उपस्थि लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। जिसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, खाद आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन सुरक्षा, विद्युत विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण सहित अन्य विभाग का स्टाल लगाए गए थे। शिविर में विभिन्न विभागों को मिलाकर अबुआ आवास सहित 1012 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें पेंशन समेत 14 आवेदन को ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा बीडीसी रामबरत मेहता, रमाकांत भारती सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रायसुमारी में समर्थन के लिए आभार : अजय



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हुसैनाबाद के जपला-छत्तरपुर रोड स्थित उदयनाथ विश्वकर्मा कम्प्लेक्स में आयोजित हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा-79 के उम्मीदवारों को लेकर हुई रायसुमारी में कार्यकर्ताओं द्वारा दिये गए समर्थन को लेकर भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने आभार प्रगट किया है। भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा-79 के उम्मीदवारों को लेकर बीते 11 सितंबर को हुए रायसुमारी में भाजपा के कर्मठ व ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने मुझे भी अपना बहुमूल्य समर्थन दिया है। इनके विश्वाश पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का जो भी आदेश-निर्देश मिलेगा उसे सहर्ष स्वीकार करते हुए पार्टी के एक कार्यकर्ता के रूप में कर्मठता के साथ कार्य करता रहूंगा।

# शांति समिति की हुई बैठक



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर थाना परिसर में विश्वकर्मा पूजा और ईद ए मिलाद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसआई शिव नाथ रंजन व संचालन एसआई प्रदीप शर्मा ने किया.बैठक में दोनो पर्व को शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया.बैठक में एसआई बलराम दास,एएसआई भगवान सिंह, समशेर आलम, निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडे, राजेश मार्शल, संजय उपाध्याय, मनीष कुमार, संजय ठाकुर सहित दोनो समुदाय के लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था चरमराई, आमजन लोग त्राहिमाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** पलामू जिला की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है और आमजन लोग त्राहिमाम कर रहे हैं पलामू के सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह अबतक के सबसे भ्रष्ट सिविल सर्जन हैं। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा उन्होंने यह भी कहा कि पीएचसी एवं सीएचसी में जिन डॉक्टर की नियुक्ति की गई है वे वहां सेवा नहीं देकर प्राइवेट क्लीनिक चलाने में मशगूल है।अधिकतर डाक्टर यही कर रहे हैं। जिसके कारण स्थानीय स्वास्थ्य केदो में डायरिया तक का इलाज नहीं हो पा रहा है और अनगिनत लोगों की जान जा रही है। इन सारे मौतों के लिए पलामू सिविल सर्जन जिम्मेवार है।पूरा का पूरा स्वास्थ्य विभाग (झोलाछाप) ग्रामीण डॉक्टर पर निर्भर है। दुर्भाग्य की बात है कि सरकारी अस्पतालों में बंध्याकरण का ऑपरेशन तक झोलाछाप डॉक्टर से करवाया जाता है। क्षेत्रो में 80त्न से अधिक गर्भवती महिलाओं के पास एमसीपी कार्ड नहीं है।यदि कुछ महिलाओं को एमसीपी कार्ड दी भी जाती है तो उसे नियमित तरीके से नहीं भरा जाता है। कमीशन के चक्कर में नजदीकी एक्सपायरी डेट की दवाई क्रय की जाती है। पलामू में चलने वाले कुछ प्राइवेट अस्पतालों एवं जांच घरों को छोड़कर अधिकतर अस्पताल एवं जांच घर सरकार के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करते फिर भी सिविल सर्जन के सांठगांठ से लगातार संचालित हो रहे हैं और आम जनों के जीवन एवं पैसों से खेल रहे हैं। समय-समय पर इन सभी अस्पतालों एवं जांचघरों का जांच किया जाना और बिना कोई कार्रवाई के छोड़ दिया जाना स्पष्ट बतलाता है कि बड़े स्तर पर गड़बड़ी की जा रही है।

# जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से प्रखंड अंतर्गत पुतुर गांव में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण मे शनिवार को कमेटी के सदस्यों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी की सदस्यों द्वारा धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया तथा पूर्व की कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमे सभी सदस्यों और ग्रामीण जानता की सर्व सहमति से अमित कुमार बैठा को अध्यक्ष बनाया गया, जबकि उपाध्यक्ष अजीत बैठा, रतन प्रजापति को मनोनीत किया गया। मुकेश प्रजापति को कोषाध्यक्ष एवं रामदेव यादव को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि राहुल कुमार यादव और वेद प्रकाश यादव को सचिव के रूप में चुना गया। मौके पार जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी की सदस्यों सहित काफी संख्या में ग्रामीण जानता शामिल थे।

## पाटन में यूरिया की कालाबाजारी

# किसान परेशान व अधिकारी खामोश

**दीपक दुबे @ प्रभात मंत्र**

**पाटन :** पाटन प्रखंड में यूरिया खाद्य की किलत से किसान परेशान है। ऊंची दामों पर किसान खाद खरीदने पर विवश है। किसान खाद के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर है।अगर कहीं मिल भी रहा है तो सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूली की जा रही है। अब प्रखंड क्षेत्र में बारिश हो रही है।धान के खेतों में डालने के लिए यूरिया की किलत देखी जा रही है। सरकारी स्तर पर यूरिया खाद का मूल्य 266 रुपए निर्धारित किया गया है लेकिन यूरिया की कम उपलब्धता होने के कारण क्षेत्र में कुछ दुकानदारों के द्वारा यूरिया खाद 400 रुपए से लेकर 500 रुपए तक यूरिया खाद्य किसान खरीद कर खेतों में डाल रहे हैं।प्रखंड के सहदेवा के किसान जयराम महतो, ने कहाँ की 4:50 सो रुपए बोरा यूरिया खाद खरीद कर धान के खेत में डाले हैं। उधर बिल्हौरी गाँव के किसान ओमप्रकाश सिंह ने कहाँ की यूरिया खाद की ज्यादा कीमत देख कर खेत मे कम खाद डालें है।



प्रखंड क्षेत्र में किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में पैक्स की दुकानों में खाद पहले ही खत्म हो चुकी है। जिसका फायदा उठाकर अन्य दुकानदारों के द्वारा ज्यादा कीमत पर खाद बेच रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी कृषि पदाधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। लोग इनसे खाद के ऊंची कीमत के बारे में पूछते हैं तो नहकार जाते है। किसान को यूरिया खाद समय उपलब्ध नहीं हो पाने से धान की फसल पर भारी नुकसान पहुंच सकता है।

# किसान संकल्प महापंचायत 23 को : कर्नल संजय



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 23 सितंबर सोमवार को किसान ब्रिगेड के बैनर तले हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाली किसान संकल्प महापंचायत के लिए जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान जारी है। किसान ब्रिगेड की टीम पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाते हुए क्षेत्र के किसानों और आम जनता को इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने का आग्रह कर रही है। शनिवार को ब्रिगेड की टीम ने कुर्मीपुर, डंडीला और जमुआ पंचायतों में लोगों से मुलाकात कर और महापंचाययत में आने का आह्वान किया. इस मौके पर ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह संघर्ष केवल किसानों का नहीं, बल्कि आम जनमानस का है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता लंबे समय से विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही है, लेकिन कोई जनप्रतिनिधि उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। कागज़ों पर विकास के दावे तो बहुत किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। इस बार जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है।इस अवसर पर बुटन यादव, गणेश राम, सत्यनारायण यादव, दशरथ राम, पच्चु शर्मा, जगनारायण चौधरी, राजकुमार प्रजापति, संतोष पासवान, जितेंद्र राजवंशी, महेश मेहता, लल्लू पासवान, दुलारी देवी व फुलकुंवर देवी समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में हुसैनाबाद के दुलहर विद्यालय में चलाया गया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** महिला एवं बाल संरक्षण थाना, हुसैनाबाद की थाना प्रभारी पु0अ0नि0 पार्वती कुमारी द्वारा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुलहर में महिलाओं और छात्राओं के बीच एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में थाना में पदस्थापित अन्य पदाधिकारियों एवं निर्भया शक्ति में प्रशिक्षित महिला आरक्षियों ने भी हिस्सा लिया। जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं के खिलाफ हो रहे जघन्य अपराधों, दहेज प्रथा, डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाओं एवं सामाजिक कुरूतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही नए आपराधिक कानूनों की जानकारी भी ग्रामीण महिलाओं और छात्राओं को प्रदान की गई। महिला हेल्पलाइन डायल-112 और साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन डायल-1930 के उपयोग और इसके महत्व को समझाया गया, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में इन सेवाओं का सही तरीके से उपयोग कर सकें। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं और विद्यालय की छात्राओं को मोबाइल फोन के उचित उपयोग और अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण महिलाओं ने भी अपने-अपने अनुभव साझा किए, जिसमें गाँव में फैले अंधविश्वास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उजागर किया गया। महिलाओं ने अंधविश्वास के खिलाफ जागरूक होने और अन्य ग्रामीणों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की छात्राओं और स्थानीय महिलाओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को लेकर गाँव में एक रैली निकाली, जिसने गाँववासियों में उत्साह और जागरूकता की नई लहर पैदा की। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने अपनी समस्याएँ भी प्रस्तुत कीं, जिनका तत्काल समाधान मौके पर ही किया गया।

# 45 करोड़ की लागत से बनेगा हैदरनगर-पंसा पथ : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर-पंसा मुख्य पथ समेत मोहम्मदगंज प्रखंड की तीन महत्वपूर्ण सड़कों मोहम्मदगंज मुख्य पथ से गोराडीह, भाली से बेगमपुरा व मोहम्मदगंज मुख्य पथ से सबनवा पथ निर्माण कार्य का विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधिवत शिलान्यास किया। चारों सड़कों में कार्य प्रारंभ करने का निर्देश कार्यकारी एजेंसी को दिया है। शिलान्यास के मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें भी पता है की पंसा पथ की स्थिति काफी खराब है। आम लोगों को काफी परेशानी होती है। मगर कुछ तकनीकी कारणों की वजह निर्माण स्वीकृति मिलने में देर हुई। इस पथ को लेकर राजनीति करने वाले लोगों ने इसे मुद्दा बना कर गंदी राजनीति की। अब उनके पास यह मुद्दा भी नहीं रहा। उनकी बोलती बंद है। श्री सिंह ने कहा कि उन्हें इतना चिंता थी तो दस वर्षो तक उन्होंने इसका निर्माण क्यों नहीं कराया, इस मामले को क्यों नहीं उठाया। उन्हें जनता को जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो इसके लिए जनता को निगरानी करने की जरूरत है। अगर कार्य में अनियमितता होती है तो वह उन्हें सूचना दे, कार्रवाई करना उनका काम है। बाद में हंगामा करने से परेशानी के सिवा कुछ हासिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जो लोग सड़क को लेकर बहुत चिंतित थे, उन्हें अब खड़े होकर काम करना चाहिए।

# 16 वीं पुण्य तिथी पर याद किये गये स्वर्गीय गिरवर पांडेय

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार सरकार में रह चुके पूर्व मंत्री सह प्रखर समाजवादी नेता स्व गिरिवर पांडेय की 16 वीं पुण्य तिथि पर स्थानीय पथ बिभाग के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियो ने स्व पांडेय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि स्व पांडेय की जीवनी हम लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। सादगी पूर्व जीवन व्यतीत करते हुए बिहार-झारखंड में उन्होंने अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि स्व पांडेय गरीबो के मसीहा थे। जिसका परिणाम था कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें दो-दो बार क्षेत्र का विधायक चुना। वे जनता के दिलो में बसते थे। अगर राजनीति करने वाले हरेक लोग उनके विचारों को आत्मसात कर कार्य करें तो समाज को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि वे हमारे बीच नही है लेकिन उनके विचार हमेशा हमारे साथ है। उनके बताए रास्ते पर चलकर हम उन्हें सच्ची सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्व पांडेय के पुत्र अभय पांडेय, संजय पांडेय, प्राथमिक शिक्षक संघ के कमलेश्वर पांडे, अनुमण्डल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमर नाथ पांडे, सेवा निवृत्त शिक्षक रामानंद पांडे, कांग्रेस के मोबिन अंसारी, बरूण बिहारी यादव, राजद के सुभाष मेहता, आग्रह विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 254
रविवार
15.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो वह कभी किसी का नहीं हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड : बादल फटने से चार की मौत

**देहरादून :** चंपावत जनपद के दिगालीचोढ़ क्षेत्रांतर्गत मटियानी गांव में शनिवार को बादल फटने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया और पूरा मकान मलबा में तब्दील हो गया। वहीं मलबे में दबकर किशोर व महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गत 13 सितंबर को जिला नियंत्रण कक्ष चंपावत से एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि दिगालीचोढ़ के जसोल क्षेत्र के मटियानी गांव में बादल फटने से आए मलबे में एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना मिलते ही अपर उप निरीक्षक महिपाल सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। रास्ते में अनेक स्थानों पर मार्ग बाधित हो गया था।

### केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 23 सितंबर को लातेहार में स्थानीय समस्याओं पर करेंगे चर्चा

**रांची :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 23 सितंबर को लातेहार में एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।कार्यक्रम का आयोजन लातेहार के दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में सुबह 11 बजे किया जाएगा। राजेंद्र पासवान ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लातेहार जिले की कई अहम और जटिल समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### एमपी के मुख्यमंत्री 20 सितम्बर को कोलकाता में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर किये जा रहे प्रयासों के चलते जहां एक ओर प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखला जारी है, वहीं प्रदेश के बाहर बड़े शहरों में उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिये आकर्षित करने रोड-शो किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का निवेश के लिये अगला पड़ाव पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता है, जहां वे 20 सितम्बर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश से आने वाले उद्योगपतियों से रूबरू होंगे। यह जानकारी शनिवार को जनसंपर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने दी।

### मकान ढहा, मलबे में दबे 8 लोग

**मेरठ :** लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी गली नंबर सात में एक 50 साल पुराना तीन मंजिला मकान गिर गया। बारिश के कारण मकान ढह गया। मकान गिरने के कारण पूरा परिवार अंदर मलबे में दब गया। मकान में आठ से ज्यादा लोगों के दबे होने की सूचना है। मौके पर स्थानीय पुलिस और बचाव टीमें पहुंची है। मौके पर एसएसपी विपिन ताडा भी पहुंचे। जानकारी के मुताबिक मकान 50 साल की बुजुर्ग महिला नफो का है। मकान में नफो के दो बेटे साजिद और गोविंदा अपने पत्नी, बच्चों के साथ रहते हैं। पूरा ही परिवार मलबे में दबा है। इसी मकान में परिवार डेयरी कारोबार चलाता है। नीचे की मंजिल में भैंसे बंधी रहती हैं जहां डेयरी चलती है। अचानक मकान गिरने से भैंसे भी मलबे में दबी हुई हैं।सूचना पर मौके पर फायर सर्विस की टीम मौके पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चला। वहीं शहर का पुराना इलाका और घनी आबादी का क्षेत्र होने के कारण जेसीबी अंदर नहीं जा पाई। इसके कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी हुई। उधर एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि रेस्क्यू कर मालवा हटाया जा रहा है।



**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

टाटानगर में 660 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का पीएम करेंगे शिलान्यास

# प्रधानमंत्री आज झारखंड दौरे पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री आज 15 सितंबर को झारखंड की यात्रा करेंगे। वह सुबह करीब 10 बजे झारखंड के टाटानगर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। सुबह लगभग 10:30 बजे, वह झारखंड के टाटानगर में 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह झारखंड के देवघर जिले में मधुपुर बाईपास लाइन और हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखेंगे। मधुपुर बाईपास लाइन के पूरा होने के बाद हावड़ा-दिल्ली मेन लाइन पर ट्रेनों के रुकने की समस्या खत्म हो जाएगी। साथ ही गिरिडीह और जसीडीह के बीच यात्रा समय भी कम होगा। हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो इस स्टेशन पर कोचिंग स्टॉक के रखरखाव में मदद करेगा।प्रधानमंत्री कुरकुरा-कनारोअन दोहरीकरण परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे जो बंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का हिस्सा है और रांची, मुरी एवं चंद्रपुरा स्टेशनों के रास्ते राउरकेला-गोमोह मार्ग का हिस्सा है। इस परियोजना से माल और यात्री यातायात की गतिशीलता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा, आम लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 04 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) को भी राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

### वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुरू होने से यात्रियों को होगा लाभ

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुरू होने से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदाय को लाभ होगा। ये ट्रेनें देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में कालीघाट, बेलूर मठ आदि जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन के तीव्र गति वाले परिवहन प्रदान करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा, धनबाद में कोयला खदान उद्योग, कोलकाता में जूट उद्योग, दुर्गापुर में लौह और इस्पात संबद्ध उद्योगों को भी काफी बढ़ावा मिलेगा।



### प्रधानमंत्री छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

प्रधानमंत्री छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें इन मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी

1) टाटानगर - पटना
2) भागलपुर - दुमका-हावड़ा
3) ब्रह्मपुर - टाटानगर
4) गया - हावड़ा
5) देवघर - वाराणसी
6) राउरकेला - हावड़ा

### 46 हजार लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह में पीएम लेंगे भाग

सभी के लिए आवास की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री झारखंड के 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे। वह लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री 46 हजार लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह में भी भाग लेंगे।



# करम पूजा महोत्सव में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य में कर्म का पर्व बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कर्म पूजा में भाग लिया। रांची महिला महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करम पूजा महोत्सव में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शामिल हुए। इधर खूंटी जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों सहित आसपास के आदिवासी व सदान बहुल गांवों के अखरा और घरों के आंगन में करम डाली को गाड़कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और प्रसाद का वितरण किया गया।

धार्मिक अनुष्ठानों के बाद मांदर ढोल की थाप पर सामूहिक नाच गान का जो दौर शुरू हुआ वह रात्रि पर्यंत जारी रहा।आदिवासियों के अखाड़ों में पाहनों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये, जबकि गैर आदिवासियों(सदानों) के अखड़ा और घरों में पुरोहितों ने पूजा-पाठ कराये। पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी शहर के करम अखड़ा में सामूहिक करम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सामूहिक करम महोत्सव में सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, सुरजू हस्सा, अनमोल हस्सा, मोदेस्ता टोपनो, शंकर सिंह मुंडा, नरेश तिर्की, संदीप हस्सा, राम मुंडा, कुंवारी होरो, सुनीता गुड़िया, अनूप मुंडा सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष व बच्चे और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इसके अतिरिक्त बिरसा कॉलेज स्थित आदिवासी छात्रावास सहित अन्य क्षेत्रों में भी करमा का त्योहार उल्लास पूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया।सरना धर्म सोतोरू समिति केंद्र डौगड़ा सहित समिति के अन्य शाखाओं में करम पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डौगड़ा के सरना में धर्मगुरु बगराय ओड़ेया और धर्मगुरु टूटी ओड़ेया की अगुवाई में पूजा पाठ कर सिङबोंगा से सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि करम केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह अपने कर्मो के प्रति आत्म चिंतन मंथन तथा विचार करने का अवसर है। परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया सिंङबोंगा से आशीर्वाद लिए और सबको करम की शुभकामनाएं दिए।मौके पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने अपने संदेश में कहा कि करम न केवल एक त्योहार है, बल्कि यह अपने कर्मो के प्रति आत्मचिंतन- मंथन तथा विचार करने का अवसर है।

# पति-पत्नी का मर्डर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई थाना अंतर्गत बिजार गांव में पांच नकाबपोश अज्ञात अपराधियों ने घर में घुसकर राजमिस्त्री की गोली मार कर हत्या कर दी। जबकि उसकी पत्नी को भी अपराधियों का दल गोली मारकर हत्या करना चाह रहे थे। लेकिन गोली नहीं चली तो अपराधियों ने डंडे से ही पीट- पीट कर उसे मौत के घाट उतार दिया। किसी तरह पुत्र ने छुपकर अपनी जान बचाई। यह सनसनीखेज घटना शुक्रवार शाम 7.30 बजे की है जो कुचाई के सुदूरवर्ती नक्सल पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण कुचाई पुलिस को शनिवार की सुबह सूचना मिली। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना की छानबीन में जुट गई। मृतक के पुत्र से मिली जानकारी के अनुसार कुचाई के बिजार गांव निवासी सोमा सिंह मुंडा (50) अपनी पत्नी सेजाड़ी देवी (38) और दोनों के छोटा पुत्र सानिका मुंडा (14) शुक्रवार की शाम 7.30 बजे खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। तभी पांच अज्ञात नकाबपोश अपराधी उनके घर में घुस गए। अपराधियों ने सोमा सिंह मुंडा की गोली मार कर हत्या कर दी। साथ ही सेजाड़ी देवी पर गोली चलाई लेकिन मिस फायर हो गया। सेजाड़ी देवी भाग कर अपने कमरे में चली गई।अपराधियों ने घर में ही डंडे से पीट-पीट कर उसको मौत के घाट उतार दिया। अंधेरे का लाभ उठाते हुए उनका छोटा पुत्र सानिका मुंडा छुपकर अपनी जान बचाई।

चेन्नई में झारक्राफ्ट हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एक्सपो का हुआ उद्घाटन

# एक्सपो से हुनरमंद को मिलेगा मंच और बाजार : जितेंद्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विभाग में उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड हस्तशिल्पियों का गढ़ है और वहां की समृद्ध संस्कृति की विरासत और कलाकारों को एक मुकाम मिले, उसके लिए झारक्राफ्ट प्रयास कर रहा है। जितेन्द्र कुमार सिंह चेन्नई के वलुवरकर हाई रोड, नुंबक्कम स्थित मदर टेरेसा विमेंस कॉम्प्लेक्स में झारक्राफ्ट हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट एक्सपो के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। 14-16 सितंबर 2024 तक चलने वाले इस एक्सपो में झारखंड की हस्तशिल्प और कलाकृतियों से जुड़े स्टॉल लगाए गए हैं साथ ही उत्तराखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु की हस्तशिल्प और कला संस्कृति से जुड़े स्टॉल लगाए गए हैं।उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव श्री जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि झारक्राफ्ट झारखंड सरकार का इंडस्ट्री पार्टनर है। हमारा उद्देश्य है कि झारक्राफ्ट के प्रोडक्ट को नई पहचान मिले और इसी कड़ी को जोड़ने के लिए चेन्नई में हम दूसरी बार एक्सपो का आयोजन कर रहे हैं।



झारखंड में तसर सिल्क और डोकरा आर्ट विख्यात है। जब झारखंड बिहार से अलग हुआ था तो उद्देश्य था कि झारखंड के उत्पादों को एक पहचान मिले। इसके लिए एक प्लेटफार्म की जरूरत महसूस की गई ताकि झारखंड के हुनर को एक पहचान मिल सके।

झटक्राफ्ट के माध्यम से हम ऐसा ही एक मंच वहां की संस्कृति और आदिवासी परंपराओं से जुड़े प्रोडक्ट की ब्रांडिंग करने के साथ साथ उसके लिए बाजार उपलब्ध कराते रहे हैं। कई प्रदेश में इसी प्रकार के एक्सपो के माध्यम से झारक्राफ्ट के उत्पादों को एक मंच देने का प्रयास किया गया है। बेशक भागलपुर में सिल्क के कपड़े बनते हों लेकिन झारखंड 75 फीसदी सिल्क का उत्पादन करता है। यहां झारखंड में बने कई तरह के स्टॉल की प्रदर्शनी लगाई गई।

# क्रैन के चपेट में आने से दो सगे भाईयों की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू) :** मेदिनीनगर - औरंगाबाद मुख्य पथ पर पड़वा थाना क्षेत्र के पड़वा में क्रेन के चपेट में आने बाइक पर सवार दो सगे भाईयों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. घटना शनिवार को शाम करीब साढ़े छः बजे की है. मृतक पड़वा थाना क्षेत्र के राजहरा कोलियरी के श्याम भुईयां के पुत्र जितेन्द्र कुमार एवं अरुण कुमार थे. जानकारी के अनुसार दोनों भाई बाइक से पड़वा बाजार से कर्मा पूजा का सामान लेकर अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान पीछे से आ रही क्रेन दोनों को कुचल दिया. घटना के बाद



आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य पथ को जाम कर दिया. जामकर्ताओं ने मृतक के परिजनों को बीस लाख रूपए नगद एवं उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे. ग्रामीणों के अनुसार दोनों भाई मजदूरी कर अपने माता-पिता सहित परिवार का भरण-पोषण करते थे.मृतक के पिता श्याम भुईयां पिछले कुछ माह बेड पर पर है. मृतक अरुण कुमार की एक साल की बेटी है. मृतक अरुण की पत्नी अनीशा देवी का रो रो कर बुरा हाल है. अनीशा बार बार यही बोल रही थी कि अब उसके सास ससुर का भरण पोषण कैसे होगा इसके साथ ही बेटी का पालन पोषण कैसे करेंगी.

# बीजेपी विधायक गिरफ्तार

एजेंसी

**बेंगलुरुः** कर्नाटक के बेंगलुरु के राज राजेश्वरी नगर के बीजेपी विधायक मुनिरत्ना को पुलिस ने कोलार जिले से अरेस्ट किया है। बेंगलुरु पुलिस ने कोलार पुलिस की मदद से उन्हें गिरफ्तार किया। कल बेंगलुरु महानगर निगम के 2 कॉन्ट्रेक्टर्स ने उनके खिलाफ जान से मारने की धमकी देने, रिश्वत लेने और जाति सूचक गालियां देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में केस दर्ज कराया था। इन ठेकेदारों ने मुनिरत्ना का एक कथित आडियो भी जारी किया जिसमें वो गाली गलौच करते हुए और धमकी देते हुए सुनाई पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बीजेपी विधायक के खिलाफ बेंगलुरु पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की। मामला दर्ज होने के बाद मुनिरत्ना चुपचाप बेंगलुरु से कोलार चले गए। पुलिस की टीम ने उन्हें बेंगलुरु के अलग अलग जगहों पर ढूंढा लेकिन वे नहीं मिले।



## कर्रा प्रखंड में करमा धूमधाम से मनाया गया



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्राकृतिक एंव भाई बहनों का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे कर्रा प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को बहनों द्वारा दिन भर उपवास रखकर रात में पुजारी द्वारा विधि विधान के साथ उपासक बहनों को करमा और धर्म का कहानी सुनाते हुए बतलाया भादो मां का माह का एकादशी में जो भी यह व्रत रखती है उसे और द्वारा पूरे परिवार को भगवान विष्णुने दीर्घायु होने के आशीर्वाद प्रदान करते हैं। अंत में पुजारियो द्वारा करमा पेड़ का डाली को पड़कर कहां की अपन धर्म भाई कर करमा। पर्व सभी के घरों में अच्छे-अच्छे पकवान का व्यवस्था किया गया था। पूजा के अंत में जावा का वितरण उपस्थित लोगों को किया गया साथ ही मारद की थाप में स्थानीय लोकगीत के साथ स्थानीय नृत्य कर गया खुशी मनाया गया।

## कर्मा पर्व के अवसर साड़ी का वितरण



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी द्वारा खिजरी विधान सभा के विभिन्न गांवों में कर्मा पर्व के शुभ अवसर पर बच्चियों को साड़ी प्रदान किया गया . मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल बच्चियों को आत्मविश्वास मिलता है, बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। साथ ही, यह कार्यक्रम समाज में गरीब और वंचित वर्ग के लोगों की मदद करने के लिए एक अच्छा प्रयास है। आजसू पार्टी को इस तरह के कार्यक्रमों मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहती है और उम्मीद है कि वे आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। मौके पर केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह,अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो,सचिव धर्मेंद्र सिंह,महिला मोर्चा अध्यक्षा किरण देवी आदि उपस्थित थे!

## पिपरवार क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से नदियो का बढ़ा जल स्तर



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को दिन भर हुई मूसलाधार बारिश से कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है। मूसलाधार बारिश के बाद कोयलांचल क्षेत्र के सभी नदियों का जल स्तर भी काफी बढ़ गया है।जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह से ही पूरे इलाके में मूसलाधार बारिश हो रही है। मूसलाधार बारिश के कारण एक तरफ जहां सड़कों पर जल जमाव देखा जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के बचरा दामोदर नदी,बचरा सफी नदी,गहरी नदी सहित अन्य नदियों का जल स्तर काफी बढ़ गया है।नदियों में जल स्तर बढ़ने के बाद उसमें बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।इधर बारिश के कारण कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर-बहेरा मुख्य मार्ग पर सड़कों पर जल जमाव हो गया है।सड़कों पर जल जमाव होने के बाद बारिश का पानी लोगों के घरों एवं दुकानों में घुस रहा है,जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं सड़कों पर जल जमाव होने से आवागमन करने वाले लोग भी परेशान हैं।इधर ट्रांसपोर्टिंग सड़कों की स्थिति काफी बदहाल हो गई है। सड़कों पर कीचड़ों का अंबार रहने से आवागमन करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है।बारिश का असर क्षेत्र के कोयला उत्पादन पर भी देखा जा रहा है।खदान क्षेत्र में बड़े मशीनों का परिचालन बंद है।वही ट्रांसपोर्टिंग कार्यों की रफ्तार भी धीमी पड़ गई है।इधर बारिश के कारण क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है।बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है।

### करम त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया, जावा फूल व करम डाली के साथ अखड़ा में झूमे युवक-युवतियां

## सुख, शांति व समृद्धि का संदेश देता है करम : धर्मगुरु सोमा कंडीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सरना धर्म सोतो़ समिति केंद्र डौगड़ा एवं बंदगांव, बालो;, दुलवा, उलिहातु, कोरा़, खजूरदाग शाखाओं के साथ क्षेत्र में हर्सोल्लास के साथ करम त्योहार मनाया गया. डौगड़ा के सरना में धर्मगुरु बगरय ओड़ेया और धर्मगुरु टुटी ओड़ेया की अगुवाई में पूजा-पाठ कर सिडबोंगा से सुख, शांति और खुशहाली की कामना की.

इससे पहले सात प्रकार के बीजों से तैयार जावा एवं करम डाली अखड़ा में स्थापित की गई. जावा के लिए नदी से बालू छानकर दो नई टोकरियों में भरी गई और सात प्रकार की बीज जैस धान, मड़ुआ, उरद, सरगुजा, ज्वार, गोंदली व रहड़ उठाकर सात दिनों तक हल्दी पानी से सींचकर तैयार गई. जावा फूल सौहार्द व खुशहाली का प्रतीक है जिसे पुरुष कान और महिलाएं कोपों में एक-दूसरे को देकर खुशियां बांटी. इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि करम न केवल एक त्योहार नहीं बल्कि यह अपने कर्मों के प्रति आत्मचिंतन-मंथन तथा विचार करने का अवसर है. हमें जीवन में धर्म के अनुसार काम करना चाहिए क्योंकि धर्म की हमेशा जीत होती है. उन्होंने आगे कहा कि त्योहारों से समाज में प्रेम व भाईचारा बढ़ता है. समाज से ऊंच-नीच, लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और समाज में सुख, शांति और खुशहाली आती है. इस अवसर पर बिरसा कंडीर, महादेव मुंडा, सुखराम पुर्ती, मंगा ओड़ेया, डा सीताराम मुंडा, महादेव मुंडा, मथुरा कंडीर, सुगना पहान, टुटी ओड़ेया, नरनसिंह तोपनो, जमुना मुंडू, मधियाना धान, सुखराम पुर्ती, बुधराम मुंडू के साथ क्षेत्र के आदि गणमान्य लोग शामिल हुए.

## विद्यालय में करम से पूर्व कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली/मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत एस एस उच्च विद्यालय (+2) में करम पर्व को लेकर विद्यार्थियों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी उपस्थिति रही। विद्यालय की छात्राओं द्वारा करम वृक्ष की डाली को विद्यालय प्रांगण में गाड़ा गया था और चारों तरफ गीत गाकर एवं नृत्य कर पूजा आराधना किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यह पर्व प्राकृतिक दर्शन और सामुदायिक सहभागिता का महापर्व है। लोग इस त्यौहार को झारखंड में लोक पर्व के रूप में भी मानते हैं। यह त्यौहार प्रकृति का महापर्व है और उत्साह और उमंग के लिए लोकप्रिय है। मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, लुपुंग पंचायत की मुखिया सीमा गोंझू, टुटकी पंचायत की मुखिया शर्मिला कुमारी,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विमल कांत झा, प्राचार्य पवन कुमार पांडे, ओमप्रकाश मिश्रा, रामानंद सिंह, मुकेश कुमार, भारती महतो, उषा कुमारी महतो, समेत सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## तमाड़ के रायडीह मोड़ से पिकअप वैन की चोर

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के रायडीह फ्लाई ओवर के समीप से अज्ञात वाहन चोर ने पिकअप वैन को माल सहित चोरी कर ली। रायडीह निवासी अमित गुप्ता के घर के बाहर रखा पिकअप वाहन (जेएच05डीके 9590) शुक्रवार की आधी रात लगभग 2 बजे चोरी हो गया। चोरों ने वाहन चोरी करने से पूर्व पिकअप में लगे जीपीएस को भी काट दिया।उसके बाद वाहन की चोरी का गयी. जिससे वाहन का ट्रेकिंग नहीं हो पाया। इस सम्बन्ध में अमित गुप्ता ने तमाड़ थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। आवेदन में अमित गुप्ता ने बताया कि पिकअप वाहन घर के बाहर प्रत्येक दिन की तरह खड़ी थी। और वाहन में माल भी लोड था। जो चोरी हो गया है। तमाड़ पुलिस अधिकारी बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है।जिसकी मदद से चोरों की तलाश कर वाहन को बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आस्ट्रिया से 'इकोनामिक्स एंड बिजनेस एनालिटिक्स' में स्नातकोत्तर करेगी खलारी की श्रुति



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी एसीसी कालोनी निवासी श्रुति सिंह युरोप के आस्ट्रिया से 'इकोनामिक्स एंड बिजनेस एनालिटिक्स' में स्नातकोत्तर करेगी। श्रुति को आस्ट्रिया के जोहान्स केपलर यूनिवर्सिटी लिंज़ में 'इकोनामिक्स एंड बिजनेस एनालिटिक्स' में मास्टर डिग्री प्रोग्राम में दाखिला मिला है। श्रुति के पिता मुकुल सिंह व माता राजमणि सिंह केडी खलारी स्थित किडीफाई (प्ले स्कूल) के निदेशक हैं। श्रुति के दादा स्व. राधेश्याम सिंह एसीसी मिड्ल स्कूल खलारी के विज्ञान शिक्षक से सेवानिवृत हुए थे। वहीं दादी मीरा देवी गृहणी हैं। श्रुति के इस उपलब्धि पर लोगों ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में चंद्रिका सिंह, चंद्रकांत सिंह, राणा सिंह, हरेन्द्र सिंह, आशुतोष, राकेश रंजन, आरती, अर्चना, गुंजन सिंह, विनीता, अन्नपूर्णा, कमलाकांत मिश्र, सुरेश सिंह, सुनीता, राजवत, अवधेश आदि शामिल हैं।

## नवनिर्माण के लिए जावा जगाने की जरूरत है : सुमित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** प्रखंड के टाटी पुर्वी पंचायत के टाटी बस्ती आखड़ा में करम परब की पुर्व संध्या देर रात ,17 सितंबर को अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय मैदान में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी के केन्द्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो की बदलाव संकल्प सभा को ऐतिहासिक सफल बनाने को लेकर जनजागरण अभियान चलाया गया। साथ ही गत लोकसभा चुनाव में टाटी बस्ती से झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी देवेन्द्रनाथ. हतो को अपार समर्थन के लिए आभार जताया गया। केन्द्रीय सचिव सुमित कुमार महतो ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार धान की रोपाई के बाद हर वर्ष भादो एक्कादशी पर करम परब मनाने के 6 से 9 दिन पुर्व हमारी बहनें जावा जगाने , आखड़ा सजाने का काम करती हैं उसी प्रकार झारखंड में नीति-निर्माण एवं हक-अधिकार की लड़ाई को धारदेने के लिए लगातार अलख जगाने की जरूरत है। गौरतलब है की पिछले 17 सितंबर 2023 को ईईएफ मैदान टाटीसिलवे की बदलाव संकल्प सभा ऐतिहासिक थी। जिसने सभी राजनैतिक दल में खलबली मचा दी थी।बैठक को जिला महासचिव राजकिशोर महतो ने भी सम्बोधित किया। संचालन टाटी बस्ती निवासी जिला युवा मोर्चा सचिव सुरेन महतो ने किया । बैठक में मुख्य रूप से महाबीर महतो, प्रेमनाथ महतो, सोनार कुम्हार, महेन्द्र महतो, अमरिता देवी, रविन्द्र कुमार दीपक, जय मेहता,सुरेन्द्र महतो, ज्योतिलाल सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल थें।

## पिपरवार कोयलांचल में मनाया गया राष्ट्रीय हिंदी दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में हिंदी दिवस मनाया गया।विद्यालय की प्राचार्य डॉ. आर चौधरी सहित अन्य शिक्षको ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने हिंदी के महत्व और इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।प्राचार्य डॉ. आर चौधरी ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति की पहचान है।हिन्दी भाषा हमारे देश के संस्कार और संस्कृति के लिए जरूरी है।उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है।स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद,डीपी मिश्रा और आभा खन्ना ने हिंदी दिवस पर प्रकाश डालते हुए हिंदी के महत्व के बारे में जानकारी दी। स्कूल के छात्र आर्यन राज और हर्ष राज ने हिंदी के महत्व और इसकी विशेषता पर विस्तार से प्रकाश डाला।छात्रा लकी कुमारी ने हिंदी कविता की प्रस्तुति की जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानी राय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के मौके पर हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो द्वारा प्रश्न पूछ कर किया गया।इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से दशम तक के छात्र/छात्राऐ शामिल हुई।प्रतियोगिता में बच्चों को दो ग्रुप में बांटा गया।शिशु वर्ग में हर्षिता, राजनंदिनी व अश्विन प्रथम, नव्या,स्वाती,अमित द्वितीया और विराट,अंकुश,सोनम तृतीय पर रही।वही बाल वर्ग में करण,बमबम और श्रुति प्रथम स्थान,प्रिंस,प्रेम और अनुभव द्वितीय एंव भाविका,नीतू व सनोवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य गणेश महतो ने सभी बच्चों को इस तरह के आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेने एवं बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता का संचालन हिंदी विषय के आचार्य राजेंद्र महतो एवं सुरेंद्र पाल के द्वारा किया गया।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## पिपरवार मे ईद मिलादुन नबी कल, सारी तैयारी पुरी



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार 16 सितंबर को ईद मिलाद उन नबी मनाया जाएगा,जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।ईद मिलाद उन नबी के मौके पर कोयलांचल क्षेत्र के कई इलाकों में जुलूस ऐ मोहम्मदी निकाली जाएगी।ईद मिलाद उन नबी को लेकर कल्याणपुर अंजुमन की एक आवश्यक बैठक युसूफ अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल्याणपुर में ईद मिलाद उन नबी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर सुबह में कल्याणपुर मस्जिद से जुलूस ए मोहम्मदी निकालने एवं दोपहर में कल्याणपुर मस्जिद में मिलाद उन नबी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में इदरीश अंसारी,नईम अंसारी,खुर्शीद अंसारी,अनवर अंसारी, इब्राहिम अंसारी,लियाकत अंसारी,मुख्तार अंसारी, अब्बास अंसारी,असलम अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर दूसरी और बचरा जमा मस्जिद में बचरा अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें 16 सितंबर को ईद मिलाद उन नबी के मौके पर बचरा में जुलूस ए मोहम्मदी निकालने का निर्णय लिया गया।वहीं रात्रि में बचरा जमा मस्जिद में जलसा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया,जिसमें बाहर से कई उलेमा एवं मौलाना कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर बच्चों के बीच तकरीर एंव नात सहित अन्य प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा। बैठक में हाफिज मुमताज आलम,इरफान अंसारी, अब्दुल कुदूस,अयूब अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी,रिंकु खान,कल्लन आजाद,छोटु खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## डायन बिसाही के आरोप में महिला की हत्या के अभियुक्त गिरफ्तार



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो थाना क्षेत्र के भसनंदा गांव में डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए 47 वर्षीय महिला की निर्मम हत्या के अभियुक्तों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बेड़ो थाना कांड संख्या 96/24 दिनांक 10/09/24 धारा 103/3(5) बीएनएस एवं डायन प्रतिषेध अधिनियम 2001 के तीन प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा वहीं एक नाबालिक को निरुद्ध किया। गिरफ्तार आरोपीयों में मंगल उराव उम्र 21 (वर्ष) पिता धौया उराँव, सोमरा उराँव उम्र 20 (वर्ष) पिता धौया उराँव और राजु उराँव 25 वर्ष पिता सुकरा उरांव हैं।

## स्पेल बी 2024 के 14वें संस्करण की घोषणा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने मिर्ची के साथ साझेदारी में स्पेल बी 2024 के 14वें संस्करण की घोषणा की है, जिसे बी स्पेलबाउंड नाम दिया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 30 शहरों को कवर करेगी और इसमें 500 से अधिक स्कूल शामिल होंगे, जिसमें 3 लाख से अधिक छात्र भाग लेंगे। शीर्ष 50 प्रतिभागी राष्ट्रीय फिनाले में पहुंचेंगे, जिसमें विजेता को 1 लाख रुपये और डिज्नीलैंड, हांगकांग की यात्रा मिलेगी। 2024 स्पेल बी का फोकस स्पेलिंग से आगे बढ़कर नेतृत्व कौशल और अखंडता और नवाचार जैसे मूल मूल्यों के विकास पर है। एसबीआई लाइफ में ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस और सीएसआर के प्रमुख रवींद्र शर्मा ने सामाजिक चुनौतियों का सामना करने के लिए सुसज्जित भविष्य के नेताओं को तैयार करने में पहल की भूमिका को रेखांकित किया।

## राय उच्च विद्यालय में 60 स्कुली बच्चो के बीच किया गया साइकिल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय में राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नेसार अहमद ने किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे राय पंचायत की मुखिया शीला देवी उपस्थित थी।कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया शीला देवी द्वारा साइकिल वितरण के साथ किया गया।इस क्रम में सत्र 2024-25 मे अष्टम कक्षा में अध्ययन करने वाले एसटी, एससी,ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्र छात्राओं के बीच 60 साइकिल का वितरण किया गया।इस दौरान निःशुल्क साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।छात्र छात्राओं ने कहा कि विद्यालय आने जाने में कई तरह की परेशानी होती थी, लेकिन अब साइकिल से आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया शीला देवी ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए राज्य सरकार से मिले उपहार छात्र-छात्राओं के आगे की पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।वही कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य नेसार अहमद ने कहा कि विद्यालय से दूर रहने वाले एवं आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के बच्चों के लिए यह योजना एक बड़ा वरदान है। इस योजना के तहत साइकिल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अपने घरों से आसानी से पढ़ाई के लिए विद्यालय पहुंच सकते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य नेसार अहमद,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो,अनूप कुमार सिंह, विकेश कुमार,संजय दास, रामसुन्दर सिंह,रागिनी प्रिया,गणेश बैठा,सुमन देवी, शांति प्रिया,सोनी कुजूर, शोभा देवी,समाजसेवी विजय पहान,रामकुमार भुईया,विजय कुमार सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कर्मा पर्व, खलारी में मांदर की थाप पर रात भर थिरके लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** भाई-बहन के प्रेम मानव प्रकृति से जुड़ा करमा पूजा शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। खलारी कोयलांचल क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में संस्कृति स्थल (अखड़ा) पर करम डाल रोपकर पाहन द्वारा पूजा-अर्चना की गई। इससे पूर्व करम स्थल को प्रकृति से जुड़े फूल-पत्तियां से सजाया गया। महिलाओं और बच्चियों ने उपवास रखकर करम देव की पूजा-अर्चना की. साथ ही करम-धरम की कथा भी सुनी।

करमदेव से अपने भाई की सुख-समृद्धि की कामना की। अच्छे वर व सफल दांपत्य जीवन की प्रार्थना किया। क्षेत्र धमधधिया, करकट्टा, खिलानधौड़ा, जामुन दोहर, मुखिया धौड़ा, रामनगर, शांतिनगर, गुलजारबाग, चदरा धौड़ा, जामडीह, मोहननगर, मानकीबस्ती, डकरा, केडीएच, भूतनगर सहित कई जगहों पर करम डाल की पूजा की गई। साथ ही पूजा स्थल पर सामूहिक नृत्य हुआ। इस अवसर पर ढोल, नगाड़ा, मांदर के साथ महिलाओं, बच्चों व युवाओं सहित अन्य ग्रामीणों ने जमकर नृत्य किया। रविवार को करम देव की विधिवत विसर्जन किया जाएगा।

**एकता और भाईचारगी का संदेश देता है करमा पूजा :** छोटू पाहन का कहना है कि करमा पूजा एकता और भाईचारगी के साथ जीवन जीने की सीख देता है। करम-धरम की कथा में सामूहिकता का पाठ विद्यामान है। सभी वर्गो को मिलजुल कर अपनी-अपनी तरक्की का संदेश देता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में करमा पर्व की महत्ता ज्यादा है। आज समाज में ईर्ष्या-द्वेष काफी बढ़ गया है. सामूहिकता का भाव घटता जा रहा है। समाज की चिंता के बजाय खुद की तरक्की व आयोजन हावी है। इसका समाज में नकारात्मक भाव पैदा हो रहा है। करमा का कथा जरूर सुनना चाहिए. कथा सुनकर उसको अपने व्यक्तिगत जीवन भी उतारे।

## करीम सिटी कॉलेज में सतरंग का आगाज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करीम सिटी कॉलेज में, सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर ने सतरंग के 14वें संस्करण का प्रारंभिक आयोजन किया। सतरंग एक सांस्कृतिक उत्सव है जो हर साल स्पार्क द्वारा आयोजित किया जाता है। सतरंग में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। शनिवार को रक्स (नृत्य प्रतियोगिता) और अदाकारी (रंगमंच कार्यक्रम) की प्रारंभिक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। रक्स के निर्णायक डॉ. कौसर तस्नीम और डॉ. बसुधरा रॉय थीं। इस कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीराम मुर्मू ने किया। सतरंग का फाइनल 26 सितंबर से 30 सितंबर तक होगा। सांस्कृतिक उत्सव के अन्य कार्यक्रम ललित कला प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता और गायन प्रतियोगिता हैं।

## हर्षोल्लास के साथ करम पूजा में जमकर झूमी बालाएं



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ व कुकड्डु प्रखंड क्षेत्र सहित तमाम जगहों पर शनिवार को हर्षोल्लास के साथ करम पूजा का आयोजन किया गया। चुनचुड़िया, पिलीद, सालुकडीह, डुमरा, कुटाम व सोड़ो सहित लगभग सभी गांवों में करम पूजा किया गया। आदिवासी समाज व अन्य समाज के द्वारा करम राजा का विधि-विधान से पूजन किया गया। आंगन में करम डाली गाड़कर व जावा डाली को रखकर कुआंरी बालाओं ने उपवास रखकर करम पूजा की। करम डाली को करम गीत गाते हुए घर के आंगन में लाकर गाड़ा गया। वहीं नदी से बांस की टोकरी में कुंआरी लड़कियों ने बालू, जौ,मकई, कुलथी, धान आदि अनाज देकर फूल से सजाकर जावा डाली लाया गया।

## भाजपा नेता विमल बैठा ने लोगों को दिया पीएम के कार्यक्रम का आमंत्रण



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विमल बैठा ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न बस्तियों में दौरा करते हुए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कार्ड बांटकर आमंत्रित किया। भाजपा नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को कैरेज कॉलोनी, ट्रैफिक कॉलोनी, लोको कॉलोनी, बलदेव बस्ती में डोर टू डोर दौरा करते हुए आमंत्रण पत्र दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम के आगमन से लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टाटानगर रेलवे स्टेशन से बंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे एवं तत्पश्चात गोपाल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे। इस दौरान मधु मुखी, धीरज मुखी, राजन कर्मकार, अनिल मुखी, राजेश मुखी, सुनीता कर्मकार, अनिता मुखी, राधिका मुखी, राजेश मुखी आदि लोग उपस्थित थे।

## विवेक विद्यालय में हिन्दी दिवस का किया गया भव्य आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय में आयोजित हिन्दी सप्ताह के क्रम में शनिवार को हिन्दी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने हिन्दी भाषा के प्रति अपने प्रेम तथा हिन्दी साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों एवं उनकी विधाओं पर प्रकाश डाला और हिन्दी भाषा के प्रति अपने प्रेम को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। पिछले एक सप्ताह से चल रहे हिन्दी सप्ताह के अंतर्गत बच्चों ने हिन्दी भाषा पर जोर देते हुए कविता पाठ, दोहा गायन, लघुनाटिका व चौपाई गायन आदि को अलग-अलग ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की यह प्रस्तुति सभी को मंत्रमुग्ध कर लिया। प्राचार्य अवधेश सिंह ने विद्यालय के हिन्दी विभाग को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज के समय में हिन्दी के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने के क्रम में विद्यालय प्रांगण में हिन्दी सप्ताह का आयोजन एक सकारात्मक एवं उत्कृष्ट कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा की गई सभी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी को अपनी मातृभाषा हिंदी के प्रति आत्मिक प्रेम को बनाए रखने का संदेश दिया तथा सभी को हिन्दी दिवस की बधाई दी।

## विद्या ज्योति स्कूल गम्हरिया के विद्यार्थियों ने जीते कई पदक, स्वागत



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विकास विद्यालय रांची द्वारा विगत 10 से 14 सितंबर तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स मीट 2024 में विद्या ज्योति स्कूल गम्हरिया के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। उक्त विद्यालय के कक्षा 11वीं की छात्रा राधा कुमारी ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक तथा 100मी दौड़ में रजत पदक प्राप्त करने में सफलता पाई। वहीं उसी कक्षा की रानी कुमारी ने 200मी दौड़ में कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार कक्षा 9वीं के छात्र सागर मुर्मू ने 100मी दौड़ में कांस्य पदक और आदित्य सिंह ने 400मी दौड़ में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा 10वीं के छात्र विष्णु महतो ने 800मी के तथा 9वीं के अरविंद सिंह 1500मी दौड़ के फाइनल में क्वालीफाई नहीं कर पाया। उनके साथ विद्यालय के कोच करमू मंडल और आशा दास भी उक्त प्रतियोगिता में मौजूद रहे। पदक प्राप्त कर विद्यालय लौटने पर प्राचार्य सुनील कुमार झा, उप प्राचार्य आनंद कुमार सिंह व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सभी विजेता बच्चों का स्वागत किया गया।

# लोकसभा चुनाव के बाद पता चला, संथाल परगना में हुई है घुसपैठ : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को जमशेदपुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला। पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बड़े चुनावी वादे के साथ पांच साल पहले सत्ता में आई हेमंत सोरेन सरकार अपने पांच काम उंगली पर नहीं गिना सकती। अपनी विफलता छुपाने के लिए एवं जनता से किये मायावी वादे को नकारने के बाद चुनावी हड़बड़ी में लोक लुभावन योजना लाई जो दलालों, बिचौलियों एवं भ्रष्ट अफसरों की भेंट चढ़ गई है। प्रदेश के कई स्थानों पर मंईयां योजना के फॉर्म फेंके मिले और ये सरकार आंकड़ों की बाजीगरी करते हुए जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को 2 हज़ार रुपये चूल्हा खर्च, ग्रीन कार्ड से मुफ्त अनाज़, युवाओं को साल में 5 लाख



नौकरी, नवविवाहिता को सोने का सिक्का, वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगों को ढाई हजार पेंशन, जैसे तमाम वादे झूठे निकले। शहीद निर्मल महतो की शहादत स्थली से झूठे वादे करने वाले हेमंत सोरेन ने विधानसभा में घोषणा किया था कि ग्रेजुएट को 5 हज़ार एवं पोस्ट ग्रेजुएट को 7 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे। कैबिनेट से हर गरीब को हर महीने सस्ते दर पर 25 लीटर पेट्रोल वाला आदेश पारित करवा दिया था वह भी झूठ ही साबित हुआ। 25 करोड़ तक की योजनाओं को झारखंड के आदिवासी मूलवासी को ठेका देने की घोषणा भी सिर्फ़ घोषणा सिद्ध हुई। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऐसे तमाम घोषणा करके झारखंड की जनता की भावनाओं का दोहन एवं विश्वासघात करने वाली हेमंत सोरेन को उखाड़ फेंकने और परिवर्तन का संकल्प झारखंड की जनता ले चुकी है। मरांडी ने कहा कि संथाल में डेमोग्राफी परिवर्तित हुई है, ये तो झारखंड हाइकोर्ट ने भी कहा है। लेकिन तुष्टिकरण में अंधी ये सरकार को भी श्रावण के अंधे की तरह हर चीज़ हरी ही नज़र आ रही है। जल, जंगल एवं जमीन बचाने की बात करने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जल, जंगल एवं जमीन को आदिवासियों एवं मूलवासियों से छिनकर बंगलादेशी घुसपैठियों को देने का सैद्धान्तिक एवं प्रशासनिक सहमति दे दी है। एक सवाल के जवाब में कहा कि संथाल परगना में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशियों को कम वोट मिलने के बाद हुई समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई कि यहां बांग्लादेशी घुसपैठ हुआ है। इसलिए भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जांच की मांग की गई है।

## शिक्षक एवं सहायक का किया गया सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला जिले के चांडिल डैम स्थित शीश महल में स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के अभियान के तहत शिक्षक सम्मान समारोह एवं आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका और सेविका सहायिकाओं को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसदौरान स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल सह झारखंड आंदोलनकारी लोकप्रिय समाजसेवी सुखराम हेंब्रम ने बताया कि शिक्षकों के हर कर्म से बच्चों को शिक्षा मिलती है। आप सभी का इस समाज को मार्गदर्शन देने और समाज को सशक्त बनाने में बहुत बड़ा योगदान है। इसके लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं। इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## पीएम मोदी के जमशेदपुर आगमन को लेकर एसपीजी ने सुरक्षा के मद्देनजर किया रिहर्सल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन को लेकर एसपीजी की टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर शनिवार को रिहर्सल किया। प्रधानमंत्री के आने-जाने के लिए निर्धारित रूटों पर सुरक्षा का जायजा लिया गया। एसपीजी की टीम ने सोनारी एयरपोर्ट से लेकर बिष्टुपुर गोपाल मैदान और वहां से टाटानगर स्टेशन तक गई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनारी एयरपोर्ट पर आयेंगे और फिर वहां से बिष्टुपुर होते हुए पहले टाटानगर स्टेशन जायेंगे, उसके बाद वहां के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बिष्टुपुर वोल्टास बिल्डिंग से लेकर गोपाल मैदान चौक तक रोड



शो करेंगे और जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। इसके बाद गोपाल मैदान में वे सभा को संबोधित करेंगे और फिर लौट जायेंगे। वे सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक शहर में रहेंगे। पीएम मोदी के आगमन को देखते हुए तैयारियां चल रही है। प्रधानमंत्री रविवार की सुबह 8:45 में रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इसके बाद वो हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के लिए रवाना हो जायेंगे। वही शनिवार को सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने विधि-व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग की। इस दौरान उन्होंने कई दिशा निर्देश भी दिये । साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक ना हो, इसको लेकर विशेष हिदायत भी दी।

## झारखंड भाजपा को ऑक्सीजन देने आ रहे हैं मोदी : सुधीर कुमार पप्पू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाजवादी चिंतक और अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर दौरा पर तंज कसते हुए एक बयान जारी किया हैं। कहा कि झारखंड में भाजपा अंतिम सांस ले रही है अब प्रधानमंत्री ऑक्सीजन देने आ रहे हैं। मृत सैय्या पर पड़े भाजपा को अब ऑक्सीजन भी काम नहीं करेगा। झारखंड भाजपा में कोई ऐसा नेता नहीं है जो डूबती नाव को पार करवा दे। दूसरे दलों से नेताओं को लाकर इज्जत बचाना चाहती है भाजपा। कहने के लिए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है



भाजपा, परंतु दूसरे दलों से नेताओं को लाया जा रहा है और उसे मुख्यमंत्री और कैबिनेट मिनिस्टर बनाया जा रहा है यही हालत हो गई है भाजपा की। कोल्हान प्रमंडल में 14 विधानसभा क्षेत्र है। हैरत है कि भाजपा के पास एक भी सीट नहीं है। कहा, पहले से भाजपा में जो कथित तौर पर कद्दावर नेता है वह पार्टी नेतृत्व की नजर में कोई काम के नहीं है अब भाजपा नेतृत्व की नजर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस नेताओं के ऊपर लगी हुई है ताकि उन्हें भाजपा में लाकर कुछ सीटे जीती जा सके। निराशा और हताश भाजपा नेता झारखंड में कमजोर महसूस कर रहे हैं। इसीलिए झामुमो नेता चंपई सोरेन के ऊपर दांव खेलना चाहती है। परंतु भाजपा का सभी प्रयास बिफल होगा।

## हो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग पर जंतर-मंतर पर धरना



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आदिवासी हो समाज युवा महासभा द्वारा आहूत एकदिवसीय धरना प्रदर्शन में चक्रधरपुर से आदिवासी मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। विदित हो कि देश भर के हो समाज के संगठनों द्वारा हो भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर वर्षो से यह आंदोलन किया जा रहा है और समाज के लोगों द्वारा अब तक दिल्ली में यह चौथी बार प्रदर्शन आयोजित किया गया था। अब तक झारखंड एवं उड़ीसा सरकार दोनों ने केंद्र सरकार से हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर सिफारिश कर चुके हैं। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों को रायरंगपुर विधायक जोलेन बारदा, सरायकेला जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, आदिवासी हो समाज युवा महासभा के गब्बर सिंह हेम्ब्रम, ईपिल सामद और हो लैंग्वेज एक्शन कमिटी के रामराई मुंदुईया, लक्ष्मीधर तियु आदि ने संबोधित किया।आदिवासी मित्र मंडल से सचिव रविन्द्र गिलुवा, पूर्व अध्यक्ष सत्यजीत हेम्ब्रम, पंकज बांकिरा व मदन बोदरा सहित अन्य सदस्यगण धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारी पूरी, अमन- ए- पैगाम हदीसों की झांकियां आएंगी नजर

### - डीजे साउंड सिस्टम व नकली तलवार प्रदर्शन पर रोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पैग़ंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम के जन्मदिन %ईद मिलादुन नबी% के पाक मौके पर 16 सितंबर 2024 सोमवार को निकाले जाने वाले 16वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारी पूरी कर ली गई है. साथ ही जुलूस में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने के लिए तंजीम अहले सुन्नत की ओर से दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं. यह जानकारी जुलूस की आयोजक संस्था तंजीम अहले




सुन्नत जमात के उलेमा-ए-कराम द्वारा धतकीडीह स्थित मदरसा फैजुल उलूम में आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई. तंजीम के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने बताया कि इस साल भी नबी की शान में शानदार और भव्य 16वां मुत्ताहिदा जुलूस-ए मोहम्मदी (संयुक्त जुलूस-ए-मोहम्मदी) निकाला जाएगा. जुलूस में अमन का पैगाम देने वाली हदीसों का प्रदर्शन, इस्लाम की शिक्षा, देश-प्रेम की छवि नजर आएगी, मस्जिदों, मदरसों और गली मोहल्लों में नबी की शान में लिखे बैनर लगाए गए हैं और आकर्षित सजावट की गई है. जनता से अपील की गई है कि खाना-तोहफे बांटने के साथ-साथ शिक्षा से जुड़ी सामग्री भी बांटें. जुलूस का नेतृत्व उलेमा-ए-कराम करेंगे. 500 से अधिक वोलेंटियर(सेफ्टी टी शर्ट एवं आईडी कार्ड )जुलूस और यातायात व्यवस्था में सहायता करेंगे, दूसरों को तकलीफ ना हो इसका विशेष ख्याल रखेंगे. डीजे साउंड सिस्टम और नकली तलवार आदि के प्रदर्शन पर भी रोक लगा दी गई है. प्रेस वार्ता में मुफ्ती जियाउल मुस्तफा, मौलाना बुरहानुल होदा, मौलाना शमशादुल कादरी, मौलाना इंतखाब आलम मिस्बाही, मौलाना कलीमुद्दीन, सफी अहमद, माजिद अख्तर, मौलाना सलाउद्दीन उपस्थित थे.

## खूंटपानी में शिवचरण होनहागा की स्मृति में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खूंटपानी प्रखंड के पुरूनिया फुटबॉल मैदान में स्व शिवचरण होनहागा की स्मृति में एबीसी क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 16 टीमों के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सुरेन्द्र स्पोर्टिंग क्लब ने आर्मी ब्रदर्स को 2-0 गोल के अंतर से हरा कर जीत दर्ज की। पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने विजेता सुरेन्द्र स्पोर्टिंग क्लब की टीम को 12 हजार, उपविजेता आर्मी ब्रदर्स की टीम को 8 हजार तथा तीसरे व चौथे स्थान पर रहे भाई



एफसी व लग्जरी लवली एफसी की टीम को 35-35 सौ नकद राशि के साथ- साथ एक-एक खस्सी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिये भी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें पुरुनिया क्लब को हराकर गोल्डेन इगल क्लब विजेता बना। तीसरे स्थान पर रांची व चौथे स्थान पर बुटी एफसी की टीम रही। सभी को एक-एक खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह में पहुंचे स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने खिलाड़ियों को आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रोत्साहित किया। मौके पर दुर्गा चरण पाड़ेया, समाजसेवी बासंती गागराई, देवघर थाना प्रभारी राउतु होनहागा, मानकी होनहागा, अजय सामद, सुरेश मोहंती समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## प्रदेश सह प्रभारी व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया टिप्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कार्यसमिति की बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का, विशिष्ट अतिथि मंत्री बना गुप्ता एवं जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी शामिल हुए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला कार्यकारिणी सदस्य, विंग के अध्यक्ष व चेयरमैन, आमंत्रित सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने हिस्सा लिया। प्रदेश सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उसका सांसद ने



कहा कि आज के परिवेश में जिला कांग्रेस कमेटी, प्रखंड कांग्रेस कमेटी, मंडल कांग्रेस कमेटी, पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं बूथ स्तर के सम्मानित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिलजुल कर भाजपा सरकार के मोदी की नीति के खिलाफ जोरदार एकजुटता के साथ कार्य करें। हर हाल में कांग्रेस पार्टी एवं गठबंधन के नेताओं को साथ लेकर एकता और मजबूती का प्रदर्शन भी करें। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज झारखंड में कांग्रेस पार्टी के एक एक कार्यकर्ता का ही देन है कि विगत लगभग पांच वर्षों से गठबंधन की सरकार है। अब सभी कांग्रेस कार्यकर्तागण और पदाधिकारी एक साथ मिलकर हर मोर्चे पर भाजपा सरकार की नीति का प्रतिकार करें।

## वंदे भारत का उद्घाटन तो ठीक लेकिन रेल हादसे रोकने में विफल है मोदी सरकार : डॉ. अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि वंदे भारत का उद्घाटन एक राजनीतिक इवेंट है. मजदूरों का शहर वासियों के गाल पर यह तमाचा है. टाटा स्टील को छोड़ दे तो शहर में 80 प्रतिशत आबादी की औसतन मासिक आय 18 से 25 हजार के बीच है. ऐसे में इनके लिए वंदे भारत जैसे ट्रेनो के क्या मायने है. उन्होंने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन में पिछले 2 वर्षों में लगभग औसतन प्रत्येक उद्घाटन कार्यक्रम में 2.35 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं. वहीं रेल की सुरक्षा कवच पर 45 हजार करोड़ रुपये आएगा. लेकिन मोदी सरकार रेल की सुरक्षा पर खर्च नहीं कर रहीं है जबकि बुलेट ट्रेन पर 1.25 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष औसतन 35 करोड़ लोग समान्य श्रेणी के ट्रेनों में ही सफर करते है. मोदी सरकार द्वारा पहले से चल रही पैसेंजर, एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल एवं स्लीपर बोगी की संख्या कम कर दी गई है. अब तो स्लीपर क्लास में वेटिंग टिकट पर सफर करने पर भी पाबंदी लगा दी गई है. इससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है. वंदे भारत ट्रेन का उदघाटन तो ठीक है. लेकिन समान्य ट्रेनों में सुविधा बढ़ाने पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है. मात्र 2 से 3 प्रतिशत लोगों के लिए मोदी सरकार काम कर रही है. डॉ. अजय



कुमार ने कहा कि मोदी पहले ट्रेनों को सही समय पर चलाने का प्रयास करें, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाएं. मोदी पहले आम लोगों की आमदनी तो बढ़ाए. तभी वो वंदे भारत जैसे ट्रेनों में सफर कर पाएगा. डॉ. अजय कुमार ने कहा कि भाजपा आज आदिवासियों का हमदर्द बनने का ढ़ोंग कर रही है. लेकिन सच्चाई यह है कि झारखंड में सबसे ज्यादा शासन करने वाली भाजपा ने हमेशा आदिवासियों को ठगने का काम किया है. डॉ. अजय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने दो वर्ष पूर्व आदिवासियों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आजादी का प्रतिक सरना धर्म कोड से संबंधित विधेयक मंत्रीमंडल से पास कर मोदी सरकार को भेजा था. लेकिन आदिवासियों की हितैषी बनने वाली भाजपा द्वारा सरना धर्म कोड को अब तक लागू नहीं करना उनके आदिवासी विरोधी होने का प्रमाण है. उन्होंने कहा कि दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव में आदिवासी एवं मुलवासियों ने भाजपा को नाकार दिया. जिसके कारण सभी आदिवासी सीट पर भाजपा की करारी हार हुई. यही कारण है कि बीजेपी अब आदिवासियों की हमदर्द बनने का नाटक कर रही है. डॉ. अजय कुमार ने कहा कि भाजपा नेता हेमंत विसवा सरमा बंगलादेशियों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पने का झुठा प्रचार कर रहे हैं. क्योंकि 12 सितंबर को गृह मंत्रालय द्वारा रांची हाईकोर्ट में जमा किए गए शपथपत्र में कहा गया है कि झारखंड में आदिवासियों से विवाह कर उनकी जमीन हड़पने से संबंधित कोई आकड़े गृह मंत्रालय के पास नहीं है. मतलब साफ है कि जब केंद्रीय गृह मंत्रालय यह स्वीकार कर रहा है कि बंगलादेशी घुसपैठियों से संबंधित कोई आकड़ा उसके पास नहीं है. तो भाजपा नेता किस आधार पर बात कह रहे है. ऐसे में हेमंत विसवा सरमा को इस्तीफा देना चाहिए.

## निराश व मायुस होकर वापस लौटे राजद जिला प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राजद प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीते शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे राजद के सरायकेला-खरसावां जिला प्रभारी मनोज कुमार पांडेय पार्टी संगठन की समीक्षा करने गम्हरिया पहुंचे। लेकिन जिले के सभी नेता और कार्यकर्ताओं को नदारद पाकर हतप्रभ हो गए। जबकि उन्होंने जिले में आगमन की सूचना पूर्व में ही प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष एवं प्रवक्ता मुकेश झा को फोन कर दिया था। उसके बावजूद भी कोई उनसे औपचारिक मुलाकात करना भी मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने गम्हरिया लाल बिल्डिंग पहुंच कर



मोबाइल से सभी से संपर्क करने की कोशिश की तो किसी ने बाहर रहने का बहाना बनाया तो किसी ने फोन ही रिसीव नहीं किया। अंततः निराश होकर उन्हें वापस रांची लौटना पड़ा। श्री पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि सरायकेला-खरसावां जिले में नेताओं के पूरी तरह से गुटबंदी के कारण राजद को हाशिए में खड़ा कर दिया है। उन्होंने बताया कि सब अलग-अलग गुट बनाकर चुनाव में अपनी रोटी सेंकने के जुगात में लगे गए हैं जो कतई दल हित में नहीं है। इस बात की जानकारी होने पर युवा राजद के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी रहे भक्ति महतो ने मायुस और निराश होकर रांची वापस लौटने के क्रम में कांड्रा के समीप एक वार्ता के दौरान इस बात पर अफसोस जाहिर किया। उन्होंने आगामी 27 सितंबर को चांडिल में राजद के सभी पुराने कार्यकर्ताओं से बैठक कर सारी सच्चाई बयां कर प्रदेश नेतृत्व को सौंपने को कहा है। उन्होंने बताया कि उसके बाद प्रदेश नेतृत्व का जो भी निर्णय होगा वह सर्वमान्य होगा।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# 'नैतिक नाकामी' के कारण

दिल्ली के भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने का आग्रह किया है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल कई महीनों से जेल में बंद हैं, पांच महीने से कैबिनेट की बैठक तक नहीं हुई है और न ही विधानसभा सत्र बुलाया जा सका है। मुख्यमंत्री किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते, लिहाजा दिल्ली के छठे वित्त आयोग का गठन नहीं किया जा सका है। यह संविधान का सरासर उल्लंघन है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की कई रपटें सदन में पेश नहीं की जा सकी हैं। दिल्ली अद्र्धराज्य में संवैधानिक, प्रशासनिक, सरकार और अंततः जनता के स्तर पर बहुत कुछ ठप पड़ा है, लिहाजा इस सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। भाजपा विधायकों ने यह पत्र तब लिखा है, जब विधानसभा चुनाव मात्र 4-5 माह दूर हैं और बर्खास्तगी के बाद वैकल्पिक सरकार बनाना व्यावहारिक नहीं है। चूंकि पत्र विधायकों ने लिखा है, लिहाजा यह राजनीतिक कवायद है। राष्ट्रपति ऐसे पत्रों के आधार पर सरकारें बर्खास्त नहीं किया करते। अलबत्ता औपचारिकता निभाते हुए राष्ट्रपति ने वह पत्र गृह मंत्रालय को भिजवा दिया। यदि दिल्ली के उपराज्यपाल सरकार और राजधानी शहर के हालात पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपनी रपट भेजते और राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा करते, तो उस पर गंभीर विचार किया जा सकता था। प्रधानमंत्री के साथ भी इस मुद्दे पर विमर्श किया जा सकता था। तब भी यह जरूरी नहीं था कि फाइल 'राष्ट्रपति भवन' भेजी ही जाती। दरअसल यह अध्याय केजरीवाल ने खुद लिखा है। बीते दोनों चुनावों में उनकी आम आदमी पार्टी (आप) को एकतरफा, प्रचंड बहुमत मिला था। दिल्लीवालों ने उसे एक अवसर देना तय किया था। शराब घोटाले में भ्रष्टाचार के आरोप में जब मुख्यमंत्री को ही जेल जाना पड़ा, तो उससे पहले ही केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था। यह केजरीवाल की 'नैतिक नाकामी' थी कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। बेशक संविधान इस संदर्भ में खामोश है कि यदि एक मुख्यमंत्री को जेल होती है, तो उसकी संवैधानिक बाध्यता और व्यवस्था क्या होगी? शायद संविधान रचने वाले हमारे पुरखों ने इस स्थिति की कल्पना तक नहीं की थी कि भ्रष्टाचार के आरोप में किसी मुख्यमंत्री को, बिना सजा सुनाए, जेल में बंद करने की नौबत आ सकती है। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने भी केजरीवाल की नैतिकता का फैसला उन्हीं पर छोड़ दिया था। केजरीवाल को अदालत से जमानत भी नहीं मिल पा रही है। इन परिस्थितियों में केजरीवाल एक राष्ट्रवादी आंदोलनकारी की तरह हुंकार भरते रहे हैं कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे। शायद उन्हें जानकारी नहीं थी कि जेल में हदबंदियां और पाबंदियां कितनी होती हैं! वह बैठक तक नहीं कर सकते थे। कैबिनेट की बैठक बुलाना निषेध था। मौखिक रूप से, अपनी पत्नी के जरिए, सरकार के मंत्रियों और 'आप' के ओहदेदारों को कितने निर्देश दे सकते थे? राष्ट्रीय राजधानी में इसके नतीजे सामने और स्पष्ट दिख रहे हैं। केजरीवाल ने अभी तक किसी भी नेता या विधायक पर भरोसा नहीं किया है कि वह उसे नया मुख्यमंत्री बनवा सकते। बेशक पूरी दिल्ली में अराजकता का माहौल है। गर्मियों में आम आदमी को पानी नसीब नहीं हुआ और उसे टैंकर के पानी के लिए हाथापाई तक उतरना पड़ा। मॉनसून का मौसम आया और बारिश होने लगी, तो दिल्ली पानी-पानी हो गई। सांसदों के अतिविशिष्ट क्षेत्र के घरों तक में पानी घुस गया। इतना जलजमाव और जलभराव हुआ कि 50 से अधिक मासूम लोगों की मौत तक हो गई। पानी में करंट तैरने लगा, जिसके संपर्क में आने से भी कुछ मौतें हुईं। चुनाव फरवरी, 2025 से पहले होने हैं। हमें नहीं लगता कि केंद्र सरकार 'राष्ट्रपति शासन' लगाने की पराकाष्ठा तक जाएगी। उससे केजरीवाल और 'आप' के पक्ष में सहानुभूति की लहर पैदा हो सकती है। वैसे भी दिल्ली सरकार पर पूरी हुकूमत केंद्र सरकार की है, क्योंकि उपराज्यपाल उसका प्रतिनिधि है और वही 'मुखिया' है।

संविधान का सरासर उल्लंघन है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की कई रपटें सदन में पेश नहीं की जा सकी हैं। दिल्ली अद्र्धराज्य में संवैधानिक, प्रशासनिक, सरकार और अंतत: जनता के स्तर पर बहुत कुछ ठप पड़ा है, लिहाजा इस सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। भाजपा विधायकों ने यह पत्र तब लिखा है, जब विधानसभा चुनाव मात्र 4-5 माह दूर हैं और बर्खास्तगी के बाद वैकल्पिक सरकार बनाना व्यावहारिक नहीं है। चूंकि पत्र विधायकों ने लिखा है, लिहाजा यह राजनीतिक कवायद है। राष्ट्रपति ऐसे पत्रों के आधार पर सरकारें बर्खास्त नहीं किया करते। अलबत्ता औपचारिकता निभाते हुए राष्ट्रपति ने वह पत्र गृह मंत्रालय को भिजवा दिया। यदि दिल्ली के उपराज्यपाल सरकार और राजधानी शहर के हालात पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपनी रपट भेजते और राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा करते, तो उस पर गंभीर विचार किया जा सकता था। प्रधानमंत्री के साथ भी इस मुद्दे पर विमर्श किया जा सकता था।

भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे

# 'तरंग शक्ति': गरज रहा भारत का आसमान

योगेश कुमार गोयल

भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है।

भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है, जो भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस 'वॉर एक्सरसाइज' में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में 'तिरंगा' बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये उसे निहारता ही रह गया। 'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को तो जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग



फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। 'तरंग शक्ति' के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रायल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा. जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। 'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले सभी देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना, उन्हें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और परिचालन समन्वय में सुधार करने में सक्षम बनाना है। 'तरंग शक्ति' में उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के अलावा रक्षा प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं और वायु अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों के रक्षाकर्मी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों का दौरा भी करेंगे। 'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'रेड फ्लैग' अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है। करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास 'रेड फ्लैग 2024' के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था। इन आयोजित मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स एंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज युद्ध अभ्यास शामिल थे। अमेरिका द्वारा 'रेड फ्लैग' अभ्यास वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है और इसके दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना के अलावा सिंगापुर वायुसेना, ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स, रॉयल नीदरलैंड्स वायुसेना और जर्मन लूफ्टवाफे ने भी हिस्सा लिया था। भारतीय वायुसेना ने रेड फ्लैग में पहली बार 8 राफेल लड़ाकू विमान तैनात किए थे, जिन्हें ट्रान्साटलांटिक यात्रा के लिए आईएल-78 मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ-साथ सी-17 ग्लोबमास्टर विमान की भी सहायता मिली थी। भारतीय वायुसेना द्वारा इससे पहले 1 से 10 अप्रैल 2024 तक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए 10 दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास 'गगन शक्ति-2024' भी आयोजित किया जा चुका है, जिसमें देश के सभी वायुसेना स्टेशन बारी-बारी से शामिल हुए थे। उस युद्धाभ्यास में करीब 11 हजार वायु सैनिकों ने हिस्सा लिया था। 'गगन शक्ति-2024' में चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयारी का परीक्षण भी किया गया था।

दृष्टि कोण

# रिफंड की बाट जोहते पीएसीएल निवेशक

पिछले दिनों चिटफंड कंपनी पीएसीएल यानी पल्स ग्रुप के चैयरमेन निर्मल सिंह भंगू की मौत की खबर आई थी। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली जेल में तबीयत बिगडऩे के बाद भंगू को दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई। पल्स ग्रुप के मालिक निर्मल सिंह भंगू को पीजीएफ/पीएसीएल लिमिटेड द्वारा संचालित चिटफंड घोटाले में 8 जनवरी 2016 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और वह तभी से जेल में था। हिमाचल, राष्ट्रीय अखबारों और राष्ट्रीय मीडिया में भंगू की मौत की खबर को ज्यादा तवज्जो नहीं मिली। राष्ट्रीय मीडिया वैसे भी अपनी गैर जरूरी बहसों के लिए बदनाम है। क्या ही अच्छा होता जो वह पीएसीएल और सहारा समूह से पीड़ित निवेशकों की व्यथा को उजागर करता। हिमाचल के निवेशकों ने भी पल्स ग्रुप में करोड़ों रुपया लगाया हुआ था और अभी भी हजारों लोगों का रुपया अटका पड़ा है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 45000 करोड़ रुपए के सामूहिक निवेश घोटाले में पीएसीएल (पूर्व में पल्स एग्रोटेक कॉर्प) के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया था जिनमें अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एमडी) निर्मल सिंह भंगू, एमडी और प्रमोटर-निदेशक सुखदेव सिंह और दो कार्यकारी निदेशक गुरमीत सिंह और सुब्रत भट्टाचार्य शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों का पैसा रिफंड करवाने के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश आरएम लोढ़ा के नेतृत्व में एक समिति बनाई हुई है। समिति ने समूह की सारी संपत्ति जब्त कर ली और मार्च 2016 में संपत्ति की नीलामी शुरू की। सेबी ने अभी तक 19000 रुपए तक के दावे वाले 2.08 मिलियन से ज्यादा निवेशकों को 1021.81 करोड़ रुपए का भुगतान का दावा किया है। भारत में चिटफंड, पोंजी स्कीमों, एकत्रित निवेश योजनाओं, एमएलएम यानी बहुस्तरीय विपणन, मनी सरकुलेशन और पिरामिड आकार वाली गैर बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों द्वारा निवेशकों से रुपयों की उगाही और ठगे जाने का एक लंबा इतिहास रहा है। इसी वजह से पीएसीएल लिमिटेड (पर्ल ग्रुप), पश्चिम बंगाल की शारदा ग्रुप और सहारा ग्रुप जैसी कंपनियों के निवेशकों और एजेंटों में व्यापक असंतोष है। 13 फरवरी 1996 से पर्ल एग्रोटेक कंपनी लिमिटेड द्वारा पंजाब से अपना कारोबार बढ़ाना शुरू किया गया और 2010-11 की अवधि तक पूरे भारतवर्ष में पीएसीएल ग्रुप के कुल 283 कार्यालयों द्वारा व्यापक स्तर पर भूखंड आबंटित करने के नाम पर एकत्रित निवेश योजनाओं द्वारा करोड़ों रुपयों को इक_ा किया गया। सीबीआई को 22 अगस्त 2014 को पता चला कि पीएसीएल लिमिटेड की सभी व्यावसायिक गतिविधियां एकत्रित निवेश योजनाएं हैं और कम्पनी के प्रोमोटरों पर मुकद्दमा दर्ज किया गया। भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने सुब्रत भट्टाचार्य बनाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) सिविल अपील संख्या -13301/2015 के मामले में तथा अन्य संबंधित मामलों में 2 फरवरी 2016 को एक आदेश पारित किया था। उक्त आदेश के माध्यम से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्देश दिया गया था कि वे माननीय न्यायमूर्ति श्री आरएम लोढा (भारत के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करे ताकि पीएसीएल लिमिटेड द्वारा खरीदी गई जमीन की बिक्री को डिस्पोज ऑफ किया जा सके और बिक्री से मिलने वाले पैसों से निवेशकों को भुगतान किया जा सके जिन्होंने पीएसीएल लिमिटेड में पैसा लगाया था। पाठकों को ज्ञात होना चाहिए कि बैंक और एनबीएफसी के बीच में अंतर होता है। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी का संचालन कंपनी एक्ट 1956 के तहत होता है और आरबीआई के साथ साथ इनका पंजीकरण कंपनी अधिनियम की धारा 609 के तहत नियुक्त कंपनी रजिस्ट्रार, जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्य और संघ राज्य क्षेत्र आते हैं, के पास करवाया जाता है। वहीं बैंकों का संचालन बैंकिंग अधिनियम-1949 के तहत होता है। बैंकों में आम जनता के साथ मौद्रिक लेन-देन का दायरा व्यापक होता है जबकि एनबीएफसी छोटे बचतकर्ताओं से डिमांड डिपॉजिट स्वीकार नहीं कर सकते हैं। इसी तरह एनबीएफसी न तो अचल संपत्तियों के निर्माण में निवेश कर सकती हैं और न ही यह प्राथमिक रूप से कृषि या औद्योगिक गतिविधियों में शामिल हो सकती हैं। बैंक कृषि एवं उद्योग दोनों क्षेत्रों की वित्त संबंधी जरूरतों की पूर्ति करने के लिए अधिकृत हैं। गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों को सामूहिक निवेश योजनाओं, एमएलएमएपोंजी स्कीमों, लकड़ी, भेड़ बकरियों, पशुपालन, कृषि कार्यों इत्यादि से धन स्वीकार करने की अनुमति नहीं है और यह प्राइस चिट एंड मनी सरकुलेशन एक्ट 1978 के अंतर्गत एक संज्ञेय अपराध है। इस अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन पर निगरानी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई राज्य सरकारों द्वारा की जा सकती है। मनी सरकुलेशन, मल्टी लेवल मार्केटिंग, पोंजी स्कीम ऐसी योजनाएं हैं जो सदस्यों को नामांकित होने पर आसान या त्वरित धन वापसी का वादा करती हैं। अमूमन इन स्कीमों से उत्पादों की ज्यादा बिक्री नहीं होती है, लिहाजा पिरामिड श्रृंखला टूट जाती है और पिरामिड से जुड़ा सबसे निचला सदस्य अधिकतम प्रभावित होता है।

कुछ अलग

# राज सहायता का सच

राजसहायता या सहायिकी किसी आर्थिक या सामाजिक नीति को बढ़ाने के लिए दी गई वित्तीय सहायता होती है। यह आम तौर से सरकार द्वारा व्यक्तियों, कम्पनियों या संस्थाओं को दी जाती है। इसके कई रूप हो सकते हैं, जैसे कि सीधे पैसे देना, कर छूट देना, बिना ब्याज के ऋण देना इत्यादि। उपभोक्ताओं को सहायिकी किसी माल या सेवा की कीमत घटाने के लिए दी जाती है। मसलन भारत की राशन व्यवस्था में अनाज व अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाती है। सहायिकी प्रदान करने का खर्चा अंततः दो ही स्रोतों से मिलता हैः या तो इसे साधारण करदाता पर कर बढ़ाकर लिया जाता है या फिर उसे मुद्रा छापकर पूरा किया जाता है जिससे महंगाई बढ़ती है। कुछ क्षेत्रों में सीमित सहायिकी देने से सामाजिक कल्याण, कमजोर वर्गों की रक्षा और अर्थव्यवस्था में व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है। कर्ज के बोझ तले बुरी तरह दबे हिमाचल प्रदेश की आर्थिक हालत किसी से छिपी नहीं है। हिमाचल प्रदेश पर बढ़ते कर्ज के बोझ की वजह से यहां बड़े विकास कार्यों की राह पर भी रोड़ा अटका पड़ा है। इस बीच हिमाचल प्रदेश सरकार ने 16वें वित्त आयोग से राज्य के विकास को आगे बढ़ाने के लिए स्पेशल ग्रांट देने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार ने गगल एयरपोर्ट, शिवधाम, सडक़ और पुलों के लिए फाइनेंस कमीशन से उदार मदद की मांग उठाई है। राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल के सामने 15 हजार 700 करोड़ रुपए का विशेष अनुदान देने का आग्रह किया है। यह अनुदान रूटीन में मिलने वाली मदद से अलग होगा है। वर्तमान समय में हिमाचल प्रदेश के आर्थिक हालात लगातार बढ़ रहे कर्ज तले खराब होते जा रहे हैं जिस कारण आम लोगों की चिंता भी बढ़ रही है। प्रदेश में 42 फीसदी बजट कर्मचारियों के वेतन और रिटायर्ड कर्मियों की पेंशन देने पर ही खर्च हो रहा है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश में विकास के लिए नाममात्र का ही पैसा बचता है। जिस प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन के लिए भी कर्ज उठाना पड़ता हो, वहां के आर्थिक सर्वेक्षण का मजमून भी अविश्वसनीय सा लगता है। यह इसलिए कि बोर्ड-निगमों की तश्तरी में सजी राज्य की जीडीपी घाटे में है। राज्य को पर्यटन, ऊर्जा व फल राज्य का दर्जा हासिल है, लेकिन इनसे जुड़े बोर्ड व निगम घाटे में हैं। राज्य सरकार अपने दम पर किसी बड़े प्रोजेक्ट को पूरा नहीं कर सकती। हर बड़े प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए राज्य सरकार को केंद्र सरकार पर ही निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में अगर 16वें वित्त आयोग ने राज्य सरकार की मांग मान ली तो इससे राज्य को बड़ी राहत मिलेगी। सुक्खू वित्त आयोग की टीम के सामने राज्य के बदहाल आर्थिक हालात भी बयां कर चुके हैं। इसके अलावा बीते साल आई आपदा के दौरान प्रदेश को हुए नुकसान के लिए भी कम से कम पांच हजार करोड़ रुपए की मदद का आग्रह किया गया है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने अमीरों को मिलने वाली बिजली की सब्सिडी को बंद करके भी एक सही फैसला लिया है। इसी तरह हिमाचल परिवहन में भी कुछ व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे कि केवल जरूरतमंद लोगों को ही मुफ्त सेवा मिले। आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवडियां बांटकर वोट बटोरने का कल्चर सा चल पड़ा है। यह रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवडियां बांटकर उन्हें खरीद लेंगे। इस रेवड़ी कल्चर पर भी रोक लगाने की जरूरत है।

जीवन की औसत अवधि 100 वर्ष की है तो पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए शिक्षा-दीक्षा होगी, उसके बाद के अगले 25 वर्ष, यानी 50 वर्ष तक की आयु में गृहस्थ आश्रम में रहते हुए दुनियावी जिम्मेदारियां निभाना, बच्चों का पालन-पोषण और उनकी शिक्षा-दीक्षा आदि की जिम्मेदारी संभालना, यह माना जाता है कि 50 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बच्चे जवान हो जाते हैं, समझदार हो जाते हैं, खुद मुख्तार हो जाते हैं और मां-बाप पर निर्भरता नहीं रहती, अत: व्यक्ति अध्यात्म की ओर प्रवृत्त हो सकता है। जीवन के इस भाग को वानप्रस्थ आश्रम का नाम दिया गया है और यह संन्यास और गृहस्थ आश्रम के बीच की स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने व्यक्तिगत सुख-साधन का लालच छोड़ कर खुद को समाज की भलाई के लिए प्रवृत्त करता चलता है।

देश दुनीया से

# ब्रह्मचर्य और अध्यात्म

भारतीय सनातन संस्कृति में जीवन को चार भागों में बांटा गया है। अगर मान लिया जाए कि जीवन की औसत अवधि 100 वर्ष की है तो पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए शिक्षा-दीक्षा होगी, उसके बाद के अगले 25 वर्ष, यानी 50 वर्ष तक की आयु में गृहस्थ आश्रम में रहते हुए दुनियावी जिम्मेदारियां निभाना, बच्चों का पालन-पोषण और उनकी शिक्षा-दीक्षा आदि की जिम्मेदारी संभालना, यह माना जाता है कि 50 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बच्चे जवान हो जाते हैं, समझदार हो जाते हैं, खुद मुख्तार हो जाते हैं और मां-बाप पर निर्भरता नहीं रहती, अतः व्यक्ति अध्यात्म की ओर प्रवृत्त हो सकता है। जीवन के इस भाग को वानप्रस्थ आश्रम का नाम दिया गया है और यह संन्यास और गृहस्थ आश्रम के बीच की स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने व्यक्तिगत सुख-साधन का लालच छोड़ कर खुद को समाज की भलाई के लिए प्रवृत्त करता चलता है। इसके बाद के अंतिम 25 वर्ष संसार के काम छोड़ कर व्यक्ति पूरी तरह से अध्यात्म में ही प्रवृत्त हो जाता है। सहज संन्यास मिशन ने आज की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए इसे और आसान बना दिया है। एक सहज संन्यासी कभी भी अपना परिवार नहीं छोड़ता, समाज से दूर नहीं जाता, दुनिया से दूरी नहीं बनाता, बल्कि परिवार में रहते हुए, समाज में रहते हुए, दुनिया में रहते हुए सिर्फ अपनी सोच और जीवन पद्धति में ऐसे बदलाव लाता है कि जीवन सच्चा हो जाए, प्रेममय हो जाए, आध्यात्मिक हो जाए। इसे हम सहज सुलभ मार्ग कहते हैं क्योंकि यह प्राकृतिक जीवन है और बहुत आसान है, सरल है, सहज है। अगर हम अपना सनातन इतिहास देखें तो हम पाते हैं कि हमारे आदर्श रहे ऋषि-मुनि और मनीषीजन भी विवाहित थे, संन्यासी जीवन में भी उनकी धर्मपत्नी उनके साथ थी, उनके बच्चे भी होते थे और वे आदर्श जीवन जीते थे। महर्षि गौतम की कहानी हम सबने सुन रखी है। वे गंगा स्नान के लिए गए तो देवराज इंद्र ने उनकी धर्मपत्नी देवी अहिल्या के साथ धोखा किया। इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि महर्षि गौतम और उनकी धर्मपत्नी देवी अहिल्या साथ-साथ रहते थे, बल्कि संन्यासी होते हुए भी उन्हें कामदेव के आह्वान से परहेज नहीं था। यही कारण है कि अपने सनातन इतिहास में हमें बहुत से ऋषियों, उनकी धर्मपत्नी और बच्चों का जिक्र मिलता है। उस जमाने में भी ऋषि-मुनियों द्वारा गुरुकुल में शिक्षा देने की प्रथा थी तो शिक्षा का काम गुरु देखते थे और गुरुकुल की व्यवस्था की जिम्मेदारी गुरुमाता पर होती थी। एक दो उदाहरणों से ही बात समझ में आ जाएगी। महर्षि कश्यप की धर्मपत्नी देवी अदिति, महर्षि वेदव्यास की धर्मपत्नी देवी वाटिका उर्फ पिंजला थीं। आधुनिक युग में एक बड़ा भ्रम यह है कि संन्यास का मतलब है ब्रह्मचारी होना। सच तो यह है कि ब्रह्मचर्य और अध्यात्म का कोई विरोध नहीं है। ब्रह्मचारी भी आध्यात्मिक हो सकता है और गृहस्थ व्यक्ति भी आध्यात्मिक हो सकता है। यह समझना आवश्यक है कि आध्यात्मिक होने के लिए ब्रह्मचर्य कोई अनिवार्य शर्त नहीं है। यही कारण है कि सहज संन्यास मिशन की परंपरा के संन्यासीगण न केवल गृहस्थ में बने रहते हैं बल्कि वे ब्रह्मचारी भी नहीं होते। हां, यह अवश्य है कि उनमें से कोई भी व्यभिचारी भी नहीं हो सकता। सहज संन्यास परंपरा के पुरुष अथवा महिला संन्यासीगण अपने जीवनसाथी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से शारीरिक संबंध नहीं रख सकते। दरअसल, शुरुआती जीवन में ब्रह्मचर्य इसलिए आवश्यक है ताकि शरीर का पूरा विकास हो सके और समय आने पर व्यक्ति अपने जीवनसाथी को चरम सुख का आनंद दे सके। गृहस्थ आश्रम में भी व्यभिचार की मनाही इसीलिए है, क्योंकि एक से अधिक व्यक्तियों के साथ शारीरिक संबंध गुप्त रोगों का कारण बनते हैं, सेहत खराब होती है, और सारा परिवार दुख भोगता है। यही नहीं, व्यभिचारी व्यक्ति अपने इन संबंधों को छुपाए रखने के लिए झूठ पर झूठ बोलता रहता है। सहज संन्यास मिशन में हम संन्यासीगण अपने जीवन में व्यभिचार से परहेज के इस नियम का कड़ाई से पालन करते हैं, पर न गृहस्थ जीवन छोड़ते हैं और न ही जीवनसाथी के साथ संबंध बनाने से किनारा करते हैं। गृहस्थ जीवन से बाहर के संबंध पतन का कारण बनते हैं क्योंकि समाज में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए व्यक्ति झूठ बोलता है, अपनी कमाई, जिस पर परिवार का हक है, किसी पराये व्यक्ति पर खर्च करता है, समय बर्बाद करता है, सेहत खराब करता है। यह व्यभिचार है और यह कार्मिक हिंसा है। ऐसे आचरण वाला कोई व्यक्ति आध्यात्मिक दिख सकता है, प्रतिष्ठित हो सकता है, शक्तिशाली हो सकता है, पर आध्यात्मिक तो नहीं ही हो सकता। सहज संन्यास मिशन का स्पष्ट नियम है कि हमें अच्छा दिखना ही नहीं चाहिए, बल्कि सचमुच अच्छा होना भी चाहिए, होना ही चाहिए। सहज संन्यासी बातचीत में, व्यवहार में स्त्री और पुरुष में भेद नहीं करता।

आप का नजरीया

# राहुल का 'भारत विरोध'

यह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की पुरानी आदत है। यह उनकी राजनीति का हिस्सा भी है अथवा कुछ विदेशी ताकतें ऐसा करने को उन्हें उकसाती रही हैं। करीब 7-8 साल से राहुल गांधी विदेशी सरजमीं से भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। यदि वह आरएसएस, भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ही टिप्पणियां करें, तो उन्हें राजनीति मान कर नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन वह भारत-विरोध की तथ्यहीन, अज्ञानी, अपरिपक्व टिप्पणियां करेंगे, तो बेशक उसे 'देश-विरोध' ही समझा जाए और सरकार गंभीरता से ग्रहण कर निर्णय ले और उचित कार्रवाई करे। अब राहुल गांधी महज एक सांसद ही नहीं, बल्कि लोकसभा में 'नेता प्रतिपक्ष' हैं। वह संवैधानिक पद पर हैं और ऐसे राजनेता को 'छाया प्रधानमंत्री' आंका जाता है। यदि एक संवैधानिक व्यक्ति ही देश को अपमानित करेगा, चीन की तुलना में 'बौना' करार देगा और गलत तुलनात्मक विश्लेषण करेगा, तो यह देश, समाज और सरकार को उसे 'अक्षम्य' मानना चाहिए। ऐसा व्यक्ति देश, संविधान और कानून से ऊपर नहीं है। आजकल राहुल गांधी अमरीका में हैं। वह साक्षात्कार दे रहे हैं और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित कर रहे हैं। क्या गलत तथ्य पेश कर रहे हैं और नई पीढ़ी को भ्रमित कर रहे हैं? दरअसल भारत के बारे में उनकी सोच ही गलत और पूर्वाग्रही है। वह भारत के मूल विचार को ही नहीं जानते। उनके अनुसार, भारत विचारों की विविधता वाला देश है। अमरीका की तरह राज्यों का संघ है। शायद उन्होंने संविधान के अनुच्छेद एक में जो परिभाषा दी गई है, उसे नहीं पढ़ा। पढेंगे नहीं, तो समझेंगे कैसे? उसमें भारत को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र परिभाषित किया गया है। संघीय चरित्र और ढांचा होने के कारण उस राष्ट्र में कई राज्य भी हैं, लेकिन वे निरंकुश नहीं हैं। भारत सरकार ही संवैधानिक तौर पर उन्हें संचालित करती है। अलबत्ता राज्यों को भी कुछ अधिकार दिए गए हैं। बहरहाल राहुल गांधी ने दूसरा मुद्दा रोजगार का उठाया और दावा किया कि चीन, वियतनाम आदि कुछ देशों में 'बेरोजगारी की समस्या' ही नहीं है, जबकि अमरीका समेत पश्चिमी देशों और भारत में बेरोजगारी एक विकट समस्या है। यहां विश्व बैंक के आंकड़े गौरतलब लगते हैं, क्योंकि 2023 में चीन की बेरोजगारी दर 4.7 फीसदी थी, जबकि भारत में यही दर 4.2 फीसदी थी। यानी चीन में बेरोजगारी, भारत की तुलना में, अधिक रही है। वहां का एक ही उदाहरण पर्याप्त है कि 2 लाख नौकरियों के लिए करीब 77 लाख चीनियों ने आवेदन किया था। हम मानते हैं कि उत्पादन के क्षेत्र में चीन वैश्विक स्तर पर प्रभुत्व की स्थिति में है, लेकिन भारत भी आज 'एप्पल' और 'आईफोन 16' सरीखे अंतरराष्ट्रीय उत्पादों को बना रहा है। अब दुनिया भर में यही भारत-निर्मित उत्पाद सप्लाई किए जाएंगे और उन पर 'मेक इन इंडिया' अंकित होगा। सवाल है कि विदेशी मंचों पर राहुल गांधी, भारत के बारे में, गलत तथ्य पेश क्यों करते रहे हैं? यही नहीं, उन्होंने यहां तक कहा कि भारतीय राजनीतिक प्रणालियों और पार्टियों में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव है।

संक्षिप्त खबरें

## नक्सलियों नें दुरूप गांव में दो मोबाइल टावर किया क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के महुआडांड़ प्रखंड के नेतरहाट थाना क्षेत्र के दुरूप गांव में शनिवार दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे नक्सलियों द्वारा बीएसएनएल टावर को क्षतिग्रस्त किया गया।जानकारी के अनुसार नक्सलियों का एक दस्ता वहां आया और दो टावर को आग के हवाले कर दिया। सोलर प्लेट को लाठी- डंडे से पीट कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में किसी संगठन का हाथ यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि क्षेत्र में चर्चा है कि माआवोदियों के दस्ते ने इस घटना को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने कुछ ग्रामीणों के मोबाइल जब्त कर उन्हें अपनी गिरफ्त में ले लिया था। बाद में उन्हें सकुशल छोड़ दिया गया। हालांकि इस घटना की अधिकारिक पुष्टि समाचार लिखे जाने तक नहीं की गयी थी। एसपी ने जांच करने की बात कही है।

# डीसी रमेश घोलप ने अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर प्रखंड क्षेत्र के अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में बहाल मूल भूत सुविधाओं व छात्रावास में रह रहे बच्चो के पठन पाठन का जायजा लेने उपायुक्त रमेश घोलप पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने छात्रों से संवाद किया एवं उनके पठन पाठन की जानकारी ली। साथ ही छात्रावास भवन मरम्मती, शौचालय, पेयजल, साफ सफाई समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं बहाल करने को लेकर भवन प्रमंडल, पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल तथा नगर परिषद के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित को समय समय पर कार्यो से संबंधित जायजा लेने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चतरा हरिनाथ महतो समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## विधायक ने गारु के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, समाधान का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को महुआड़ाड़ प्रखंड से लौटते समय गारू प्रखंड का दौरा किया और स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गारू क्षेत्र की समस्याओं को न केवल सुना बल्कि उनका समाधान करने का आश्वासन भी दिया।धाँगरटोला में पूर्व मुखिया शिव शंकर सिंह ने विधायक के समक्ष अपनी चिंताओं को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गारू प्रखंड के सुरकुमी गांव समेत कई गांवों में पॉल तार तो लगा दिए गए हैं, लेकिन बिजली आपूर्ति अभी भी शुरू नहीं की गई है।इस पर विधायक रामचंद्र सिंह ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इन गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी, जिससे गारू प्रखंड वासियो समेत पुरे प्रखंड को सुविधाएं मिल सकें। पूर्व मुखिया ने सुरकुमी गांव से हेसवा तक की पक्की सड़क की स्थिति पर भी सवाल उठाया और इसे दुरुस्त करने की मांग की। विधायक ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है, हालांकि वन भूमि के कारण कुछ जगहों पर काम में देरी हो रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा होगा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा प्राप्त हो सके।इस क्रम में सूर्यदेव प्रसाद, पवन कुमार, अखिलेश यादव, रामलाल भुइया और दिलेशर यादव समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर के वितरण में नए नियमों के कारण बुकिंग कराने में बढ़ी परेशानियां

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गैस सिलेंडर के वितरण में इन दिनों काफी मुश्किलें बढ़ी है। यदि आप गैस सिलेंडर बुक कर रहें तो किसी कारण वश ओटीपी नहीं दिया गया तो आप समझो की आपका गैस सिलेंडर बुकिंग नहीं हुई है। यह नियम पेट्रोलियम विभाग द्वारा जारी करने के कारण इसी समस्या उत्पन्न हो रही है। पेट्रोलियम विभाग द्वारा यह नियम जारी किया गया है की जिस मोबाईल नंबर को गैस कनेक्शन लेने के समय रजिस्टर्ड किया गया है उसी मोबाइल में गैस सिलेंडर बुक करते समय ओटीपी जाएगा। यदि नेटवर्क दिक्कत हो या अन्य किसी तरह का दिक्कत होने पर ओटीपी नहीं आया तो समझो आपका गैस सिलेंडर बुकिंग नहीं हुआ है। आपको बता दें की पेट्रोलियम विभाग के इस नई नियमों के कारण गांव दिहातों या सुदूरवर्ती तथा जहां नेटवर्क की समस्याएं पूर्व से है वहां के लोगों के लिए यह नीति जानलेवा है। चुकी जब तक ओटीपी नहीं आएगा तब तक ना तो आपका सिलेंडर बुक होगा और ना उपभोगताओं को एजेंसी द्वारा दिया जाएगा। मामले को लेकर विंदेश्वरी एचपी गैस वितरक के संचालिका प्रेमलता चंद्रा ने बताई की ओटीपी के कारण आए दिन परेशानियां बढ़ती जा रही है। जहां हम डिलेवरी में प्रतिदिन का 100 से 70 सिलेंडर का वितरण उपभोगताओ के बीच किया जाता था ।अब इस तरह की समस्या से मात्र 15 से 20 सिलेंडर हीं दे पाते हैं चुकी ओटीपी के चक्कर में लोग घंटो इंतजार में खड़े रहते हैं तब कहीं ना कहीं ओटीपी आता है। और तो और जिन उपभोगताओं को मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड किया गया है वैसे बहुत उपभोगता हैं जिनका वो नबर या तो बंद हो चुका है या खो गया है । वैसी परिस्थिति में उन्हें सिलेंडर नहीं मिलेगा। पेट्रोलियम विभाग द्वारा यह कारवाई या नियम गैस सिलेंडर को निर्धारित कीमत से कहीं ज्यादा ऊंचे कीमतों में बेचने से बचाने के लिए की गई है।



## शिलान्यास बोर्ड पर चेयरमैन ममता देवी का नाम नहीं होने से मंत्री सत्यानंद भोगता को ग्रामीणों ने खदेड़ा



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटर गंज प्रखंड के कोमना पंचायत में शिलान्यास करने पहुंचे राज्य के मंत्री सत्यानंद भोगता को भारी फजीहत झेलना पड़ा। मामला यह था की उक्त कोमना पंचायत अंतर्गत एक पुल का निर्माण के लिए शिलान्यास किया जाना था। जिस शिला पट्ट में मंत्री सत्यानंद भोगता का नाम अंकित था और वहीं जिला के जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी का नाम उक्त पट्ट में अंकित नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हो गया और ग्रामीणों ने मंत्री को खरी खोटी सुनाते हुए खदेड़ दिया। किसी तरह मंत्री ने उक्त स्थल से भाग कर ग्रामीणों से पीछा छुड़ाया। ग्रामीणों का कहना था की जिला परिषद अध्यक्ष का नाम आखिर शिला पट्ट में क्यों अंकित नहीं की गई। क्या सत्यानंद भोगता केवल और केवल अपना राजनीति चमकाने के उद्देश्य से जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी का नाम नहीं दिया गया। इससे साफ जाहिर होता है की यह शिलान्यास नही यह राजनीतिक स्टंट है।

# वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन सह करमा महोत्सव का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के कठौतिया और भदुआ गाँव में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उत्तरी वन प्रमंडल द्वारा करम महोत्सव सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी और रेंज अफसर अजित राम शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत करम पूजा से हुई और उसके बाद पौधारोपण कर प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने करम पर्व के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं और मांदर की थाप पर थिरके। उन्होंने मांदर भी बजाया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि प्राकृतिक पर्व करम परब के मूल उद्देश्य आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने प्रकृति की महत्ता को समझते हुए भविष्य की पीढ़ी के लिए सभी से प्रकृति का संरक्षण करने का अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि प्रकृति को संरक्षित करने के लिए आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने चाहिए और पर्यावरण संरक्षण पौधे लगाकर ही संभव है। वहीं रेंजर अजित राम ने कहा कि केवल वन विभाग के भरोसे पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है, आम लोगों को भी पौधों का संरक्षण करना होगा। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना के शिला ओपी क्षेत्र के अंतर्गत लेपो पोखरिया जंगल के समीप 01 किलो 800 ग्राम गिला अफीम के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार कर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले को लेकर प्रेस वार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केशरी ने बताया की पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त जानकारी मिली थी की सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी अंतर्गत लेपो पोखरिया जंगल के समीप अफीम की खरीद बिक्री करने के लिए दो पहिया वाहन से आने वाले हैं। सूचना के सत्यापन को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित की गई। गठित टीम ने कारवाई को लेकर लेपो पोखरिया जंगल के समीप जाल बिछाया जहां संदिग्ध स्थिति में दो



स्कूटी और एक होंडा साइन मोटरसाइकिल के साथ तीन युवक आ रहे हैं। उन्हें रोक कर जब तलासी ली गई तो काले रंग के स्कूटी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर JHO2BE 5238 के डिक्की में रखा एक सफेद रंग के प्लास्टिक में 01किलो 800 ग्राम गिला अफीम जिसका मादक बजारों में कीमत करीब 7 से 8 लाख बरामद किया गया है। वहीं गिरफ्तार तस्करों में 1.सुनील मुंडा पिता बौसिन मुंडा स्थाई पता ग्राम मरांगहदा,थाना खूंटी रांची, वर्तमान पता लेपो टेटूआतरी, थाना सिमरिया जिला चतरा , 2.अनिल कुमार वर्मा, पिता कोउलेश्वर राम, ग्राम लेपो थाना सिमरिया शिला ओपी, जिला चतरा, 3.छोटू कुमार वर्मा पिता कोलेश्वर राम, ग्राम लेपो थाना सिमरिया शिला ओपी, जिला चतरा का नाम शामिल है।

## करम पुजा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील, प्रशासन ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में करमा पूजा के दौरान पूर्व में घटित घटनाओं के ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, बारियातु थाना प्रभारी राजा दिलावर व बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने सभी क्षेत्र वासियों से हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में करमा पुजा मनाने की अपील किया है। साथ ही आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि - पूजा के अवसर पर नशापान न करें, अफवाहों/भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दे, अश्लील गानों को न बजाएं,गहरे पानी में करम डाली का विसर्जन न करें। छोटे बच्चों को पानी में न जाने दें, नदियों व जलाशय में अचानक जलस्तर बढ़ जाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं। विसर्जन के समय अभिभावक अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।साथ ही किसी तरह के वाद-विवाद या अप्रिय घटना होने पर प्रशासन को सुचित करें।

## लातेहार जिले में करमा पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में संकट मोचन भवानी मंदिर जुबली रोड एवं अम्बाकोठी मुहल्ला में करमा पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व स्थानीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे विशेष उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर बहनों ने दिनभर उपवास रखकर शाम को करम डाल की पूजा की। पूजा के दौरान बहनों ने करम डाल में रंग-बिरंगे धागे बांधकर अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। करमा पर्व के दिन जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में गीत-संगीत और झूमर का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण रंगीन और जीवंत हो गया। इन कार्यक्रमों ने पर्व की खुशी को और बढ़ा दिया और लोगों को एकजुट किया। पूरे जिले में दिनभर चहल-पहल बनी रही, जहां लोग पर्व की खुशियों को साझा करते नजर आए। रविवार की सुबह, पर्व की समाप्ति पर महिलाएं और युवतियां करम डाल को सजाकर नदियों और तालाबों में विसर्जित करने के लिए निकलीं। इस दौरान वे उत्साहपूर्वक और धार्मिक भावनाओं के साथ करम डाल को विसर्जित करती हैं, जो पर्व की आधिकारिक समाप्ति को दर्शाता है। करमा पर्व इस वर्ष शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

## शहर में बढ़ती जा रही पशु चोरी की घटनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों से गाय( पशु ) चोरी के मामले रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रतिदिन शहरी क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों से गाय चोरी की सूचनाये मिल रहे हैं, पुलिस द्वारा इन चोरों पर नकेल नहीं कसने के कारण,पशु तस्करों का हौसला बुलंद है। पुलिस ही नहीं इसके लिए मवेशी पालक भी बराबर जिम्मेवार है। बता दें कि नगर पंचायत द्वारा मवेशी पलकों को अपने पशुओं को खुला नहीं छोड़ने की अपील की गई है। इसके बावजूद मवेशी पालक दूध निकालने के बाद अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं।जिसके कारण पशु चोर आसानी से इन पशुओं को सवारी गाड़ी में लोड कर अंयन्त्र ले जाते हैं। बीती रात्रि ही धर्मपुर मोड़ से दयाशंकर सिंहा और तौफिद अंसारी की एक -एक गाय चोरी अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लीं गई । इसके पूर्व भी कई पशु चोरी की घटनाएं हुई है। गौरतलब है कि शहर के चटनाही इलाके से श्याम सुंदर प्रसाद, धर्मपुर से बैजनाथ ठाकुर, बेहराटांड़ से गिरिवर यादव और कन्हाई पासवान, गुरुद्वारा रोड से प्रवीण दास और बबलू दास, ब्लॉक कॉलोनी से सुरेंद्र प्रसाद, बाईपास पुल से नागेंद्र प्रसाद के घर पास से, चंदनडीह में उरांव टोला से, सदर प्रखंड के उदयपुर के खटाल से 6 गाय की चोरी कर ली गई। इसके अलावा बीते दिन पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय के समीप से भी सवारी गाड़ी गाय चोरी की घटना हुई है। जिसका वीडियो भी स्थानीय लोगों द्वारा वायरल किया गया था,परंतु अभी तक इन पशु तस्करों पर लगाम नहीं लगाया जा रहा है, जिससे दिन प्रतिदिन पशुओं की चोरी हो रही हैं। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि लोगों से अपना पशुओं सड़क पर नहीं छोड़ने की अपील की जा रही है। वहीं पुलिस भी इसे गंभीरता से लेकर कार्रवाई कर रही है। **कांजी हाउस बना शोभा की वस्तु :** नगर पंचायत द्वारा शहर के करकट में बनाया गया कांजी हाउस शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। हालांकि कांजी हाउस की सैरात नगर पंचायत कार्यालय से प्रतिवर्ष की जाती है, परंतु कांजी हाउस के संवेदक सुविधा नहीं होने के कारण कुछ भी नहीं कर पाते।

## चैनपुर पुलिस ने अवैध बालू खनन करते एक बालू लदे ट्रैक्टर किया जब्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** अवैध बालू चोरी को रोकने को लेकर चैनपुर पुलिस ने सोमवार को कोयल नदी स्थित दुलही घाट पर छापामारी कर एक बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाई। मामले की जानकारी देते हुए चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि जिले में सरकार के रोक के बावजूद अवैध रूप से बालू का उत्खनन एवं परिवहन होने की सूचना मिल रही थी पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए छापेमारी दल गठित कर चैनपुर थाना क्षेत्र के दुलही घाट कोयल नदी से बालू उठाव करते एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। यह ट्रैक्टर चैनपुर थाना क्षेत्र के कोशियारा गांव निवासी अवधेश चौरसिया की बताई जा रही है। इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : राधा देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देश पर स्थानीय स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के द्वारा सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया और योजनाओं की जानकारी दी गयी। बता दें कि इस पंचायत में 15 सितंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार व आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था। लेकिन अब यह कार्यक्रम 24 सितंबर को होगा। मुखिया राधा देवी ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि इस शिविर में प्रखंड के अधिकारी भाग लेंगे, आप उनके समक्ष अपनी समस्या को रख सकते हैं। आपकी समस्या का समाधान शिविर में होगा।मौके पर स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने का अपील की। संस्था के सचिव आशीष टैगोर ने ग्रामीणों को बताया कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को एक हजार रूपये प्रति माह सम्मान राशि दी जा रही है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है।सरकार ने हड़िया एवं दारू बेचने वाले महिलाओं के लिए फूलों झानो आशीर्वाद योजना लाई है. उन्होंने मुख्य मंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, मुख्यमंत्री हरित योजना आदि की जानकारी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में बसंत, योगेश्वर राम, बसंती देवी, प्रतिमा कुमारी, जिया कुमारी, जितेंद्र पासवान आदि शामिल थे।

## नरही पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी प्रखंड अंतर्गत नरही गांव के पंचायत भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता,20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, बीडीसी चिंतामणि देवी, उपमुखिया शारदा पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 793 आवेदन आए जिसमें 206 आवेदन का निष्पादन किया गया तथा 587 आवेदन लंबित रहे। अबुआ आवास योजना 554, मनरेगा के तहत नये कार्य 7, मनरेगा के तहत नई जॉब कार्ड 19, राशन कार्ड नया व संशोधन 18, सर्वजन पेंशन योजना 75, पेयजल 8 एवं स्वास्थ जांच 112 आवेदन आए। जिसमें मनरेगा के तहत नई जॉब कार्ड 19, सर्वजन पेंशन योजना 75 एवं स्वास्थ्य जांच 112 का निष्पादन का किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगाया गया



था।बीडीओ अदिति गुप्ता ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है,ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा की सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के लाभ से कोई भी जरूरतमंद वंचित नहीं रहे इसके लिए प्रशासन योजनाओं का लाभ देने का काम कर रही है। अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार, वेद प्रकाश रोजगार सेवक मनीष कुमार चौबे, सतनारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।कार्य क्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार के द्वारा किया गया।

## लोजपा के केन्द्रीय अध्यक्ष का आगमन पर होगी लातेहार के नगर भवन में स्वागत कार्यक्रम



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने शनिवार को बानपुर स्थित अपने आवास में प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता कर उन्होंने बताया कि 23 सितंबर 2024 समय 11 बजे दिन को पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष और भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का आगमन लातेहार के दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में होगी। जहां उनके आगमन की खुशी में भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तथा कार्यक्रम के माध्यम से लातेहार कि समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जाएगा। बेरोजगारी और पलायन की समस्या जमीन से संबंधित हेरा फेरी। गलत सर्वे के चलते आज ग्रामीण आपस में भाईचारा समाप्त हो रहा है। रजिस्टर टू में नाम होने के बावजूद भी ऑनलाइन रसीद नहीं कट रही है। डिग्री कॉलेज चालू नहीं होना। चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त नहीं होना। लातेहार के जटिल समस्याओं को हम लोग कार्यक्रम के माध्यम से आवाज को बुलंद करेंगे।

# पदमा के अडार में चंगाई सभा का विरोध करने पर जुटे सैकड़ों लोगों ने ग्रामीणों पर बोला हमला

☞ **चंगाई सभा का विरोध :** पदमा के अडार में चंगाई सभा का विरोध करने पर ग्रामीणों और सभा में आए लोगों के बीच मारपीट हुई, जिसमें पत्थर और लाठी-डंडे चले। इस घटना में करीब दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए।

☞ **गंभीर चोटें :** ग्रामीण पुरुषोत्तम पांडेय को गंभीर चोट आई, जिसे हजारीबाग रेफर किया गया। घायलों का अनुमंडल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

☞ **प्राथमिकी और पुलिस का बयान :** पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत किया। पदमा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी। पुलिस का कहना है कि चंगाई सभा की कोई पूर्व सूचना नहीं थी।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पदमा, हजारीबाग :** पदमा के अडार में चंगाई सभा का विरोध करने पर ग्रामीणों पर सभा में पहुंचे सैकडों लोगों ने हमला बोल दिया।जिसमें जमकर पत्थर और लाठी डंडा चला है। मामला शनिवार दोपहर का है, इस मारपीट की घटना मे करीब दो दर्जन से अधिक को चोटे आयी है। ग्रामीण पुरुषोत्तम पांडेय को भी गंभीर रुप से चोट लगी है और उसे हजारीबाग रेफर किया गया है। पदमा के अडार में सनातन परम पिता परमेश्वर के नाम पर चंगाई सभा में हंगामा की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने मामला को शांत कराया है। घायलों का अनुमंडल अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। इस बाबत पदमा ओपी में देर शाम प्राथमिकी दर्ज करने की कवायद की जा रही थी। चंगाई सभा करने का आरोप पदमा के अडार निवासी शिव कुमार यादव पर है। बताया जाता है कि सनातन परम पिता परमेश्वर के नाम पर उसके द्वारा हिंदु देवी देवताओं के खिलाफ महिलाओं को भड़काया जाता है और ईशा मसीह की प्रार्थना के माध्यम से बीमारी और परेशानी दूर करने का दावा किया जाता है। ग्रामीण इसका लंबे समय से विरोध कर रहे थे। शनिवार को सैकड़ों लोग चंगाई सभा में आए थे। जिसका विरोध करना शिव कुमार के लोगों को नागवार गुजरा और ग्रामीणों के अनुसार उसके कहने पर पत्थर बाजी और मारपीट ग्रामीणों के साथ प्रारंभ हो गई। वहीं इस संबंध मे पदमा ओपी प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह का कहना है की भीड़ जमा होने और चंगाई सभा की कोई जानकारी नहीं थी। इस बाबत वरीय पदाधिकारी ही कुछ बता पाएंगे। मामला शांत है, आवेदन का इंतजार किया जा रहा है। प्राथमिकी दर्ज की जाएंगी।

# करम पूजा के अवसर पर भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने बहनों को उपहार भेंट किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को करमा पूजा के पावन अवसर पर भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत के गांव में पहुंचकर बहनों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से बहनों को उपहार भेंट किया, उपहार स्वरूप उन्होंने फल से भरा टोकरी भेंट किया है। जहाँ क्षेत्र की कई महिलाएं और बहनें उपस्थित रहीं। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा करमा पूजा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, जहाँ हम अपने कार्यों के प्रति समर्पण और निष्ठा व्यक्त करते हैं। बहनों का समाज में महत्वपूर्ण योगदान है, और उनके सम्मान के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। साथ ही कहा की करमा पूजा के अवसर पर बहनों को उपहार स्वरूप फल की टोकरी प्रदान किया हूं। इस अवसर पर उन्होंने कहा,फल की टोकरी हमारी भारतीय परंपरा का प्रतीक है, जो स्वास्थ्य, समृद्धि और शुभता का प्रतीक मानी जाती है। इसे प्रदान करने का उद्देश्य यह है कि हमारे समाज की बहनें स्वस्थ और सशक्त रहें, और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती रहें। यह छोटा सा उपहार उनके प्रति हमारे सम्मान और आभार की अभिव्यक्ति है। उपहार वितरण कार्यक्रम के दौरान श्री अजमेरा ने बहनों तथा महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज में उनकी भागीदारी को और भी बढ़ावा देने की बात पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं चला रही है, और आगे भी इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। सभी बहनों ने इस प्रयास की सराहना की और भाजपा नेता हर्ष अजमेरा का आभार व्यक्त किया।

# आधुनिकता की बढ़ती संस्कृति ने हिंदी को किया है अपमानित, सरकार ने भी औपचारिकताएं निभाई : जयदीप कुमार सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** 14 सितंबर 1949 को मातृभाषा हिंदी को राजभाषा का दर्जा तो मिला, पर वह सम्मान नही जिसका वह हकदार था. आप हिंदी में बात करेगे तो हमे प्रसन्नता होगी, यह स्लोगन सरकारी कार्यालयों या रेलवे स्टेशनों पर भले ही यह स्लोगन देखने को मिल जाए पर वास्तविकता कोसो दूर है. सरकारी कार्यालय हो या घर हिंदी को औपचारिकता की श्रेणी में रखा जा रहा है. पदाधिकारियों की अधिकांशतः कार्यशैली या वार्तालाप अंग्रेजी में होते है, सूचना और पत्र अंग्रेजी में जारी किए जाते है वही घरों में बच्चो को सुप्रभात के स्थान पर गुड मॉर्निंग, एक दो तीन के स्थान पर वन,टू और थ्री और चंदा मामा दूर के स्थान पर ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार जैसे वाक्य हिंदी की प्रासंगिकता पर सवाल खड़ा करता है. अंग्रेजी बोलने वालो के आगे हिंदी बोलने वालो को निचली दृष्टि से देखा जाता है. सूट बूट पहनने वालो की खातिरदारी के आगे धोती कुर्ता पहनने वालो की चमक फीकी होती है. यदि यही वास्तविकता है तो हिंदी को राष्ट्र या राज अथवा मातृभाषा की श्रेणी में रखना एक बेईमानी सा है. हिंदी को पिछ्ले दरवाजे पर लाने के लिए सरकार भी कम जिम्मेवार नहीं है. देश के बड़े और नामी गिरामी स्कूलों में हिंदी बोलने पर पाबंदी, हिंदी किताब का उपयोग सिर्फ एक औपचारिकता मात्र, सभी सरकारी वेब साइट में अंग्रेजी की प्राथमिकता, बैंकिंग कार्य या अन्य कोई विभागीय पत्राचार आदि जैसे अनेकों उदाहरण जो हिंदी को हासिए पर लाने का काम किया है. 75 वर्ष पूरे हो चुके है, बाबजूद हिंदी को वह सम्मान नही मिला जो मिलना चाहिए था. भारत जैसे हिंदी भाषी राष्ट्र में हिंदी व संस्कृत कुंठित हुआ है. इसके ठीक विपरीत अंग्रेजी भाषा की चमक बढ़ी है, हर वर्ष हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर भले ही हिंदी को याद कर लें, पर सच्चाई यह है कि अंग्रेजो की पकड़ ने आज भी हम सबों को गुलाम बना कर रखा है. इससे ऊपर आना होगा, हिंदी को वास्तविक राजभाषा बनाने के लिए हर एक स्थान पर इसकी अनिवार्यता स्पष्ट करनी होगी, इसकी औपचारिकता को हटाना होगा।

# कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने सदर विधानसभा के कई गाँव का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने सदर विधानसभा के सिंदूर पंचायत से बड़कागांव सीमा तक सैकडो गांवों का दौरा किये। इस दौरान कुसुंभा पंचायत के पत्ता में एक सभा में डॉ मेहता ने कहा की झारखंड सरकार सभी समाज के लिए हितकारी है उनके द्वारा दर्जनो योजनाएं जैसे नौजवान वकीलों को 5000 रुपए प्रति का प्रतिमाह देना, सीनियरी वकीलों को 7000 प्रतिमाह पेंशन देना, मईया सम्मान योजना, अबुवा आवास, सखी सहायता, महिला ग्रुप योजना, हजारों हजार, नियुक्तियां, 2 लाख तक कृषि ऋण माफी, 200 यूनिट बिजली निःशुल्क, मुख्यमंत्री असाध्य योजना, ओबीसी के लिए 27त्न आरक्षण बिल प्रस्ताव पारित करना, पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक एवं होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा देना तथा तीन गुना वेतन बढ़ाना,सोबरन साड़ी धोती, छात्रों को दोगुनी छात्रवृत्ति, प्रखंड से शहरों तक बस सेवा, बेरोजगारों रोजगार, बोलोरो गाड़ी देना, कृषि संबंधी सामग्री एवं दुधारू पशुओं पर 80त्न के सब्सिडी देना इत्यादि योजनाएं झारखंडवासियों के लिए खुशहाली दायक है। वहीं डॉ चूड़ामणि दांगी ने कहा की सरकार की योजनाओं का संपूर्ण भारत में प्रशंसा किया जा रहा है जबकि केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण लाखों सरकारी नौकरियां समाप्त हो चुका है। अनेकों उपकरण या तो बंद हो चुके हैं या गुजरात के धनाढ्य व्यापारी खरीद रहे हैं जबकि झारखंड सरकार नेको नौकरियां दे रही है। मुखिया नारायण कुशवाहा ने सभा मे कहा की केंद्र के भाजपा सरकार किसान बेरोजगार एवं महिला विरोधी सरकार है जिसका जल्द पतन होगा। जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ सी पी दांगी, मनोज मेहता, प्रो भुवनेश्वर महतो, संजय रविदास ,पूर्व जिलापरिषद सदस्य राजकुमार कुशवाहा, नारायण कुशवाहा ,महेंद्र मेहता, रवि यादव, छोटू कुशवाहा, बालेश्वर महतो, राजू दास, नरेश, दीपक सिंह, राजु मेहता इत्यादि सैकड़ो लोग थे।

# एनटीपीसी के सहयोग से फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह ने बेल्तू गांव में पंचायत स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट को समर्थन देकर समुदाय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह पहल एनएमएल के व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य परियोजना-प्रभावित गांवों में खेल और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है। यह टूर्नामेंट आज औपचारिक रूप से बेल्तू की मुखिया जितनी देवी द्वारा उद्घाटन किया गया। जिसमें एस.के. सेनापति, डीजीएम (सीएसआर/आर एंड आर), कमलाराम राजक, सीनियर मैनेजर (सीएसआर) और पंचायत समिति सदस्य भी शामिल थे। इस आयोजन में 12 पड़ोसी गांवों की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया, और स्थानीय निवासियों की बड़ी संख्या ने भी भाग लिया। उद्घाटन के दौरान मुखिया जितनी देवी ने गांव समुदाय में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और आयोजन को सफल बनाने के लिए एनएमएल को सराहना प्रकट की। उनके विचारों ने स्थानीय युवाओं और समग्र समुदाय पर ऐसे पहलों के सकारात्मक प्रभाव को उजागर किया। फुटबॉल टूर्नामेंट अगले तीन दिनों तक बेल्तू मैदान पर आयोजित किया जाएगा। गांववालों की उत्साह और भागीदारी एनएमएल के प्रयासों की सफलता को दर्शाती है, जो क्षेत्र में खेल और मनोरंजन गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रही है।

## एकलव्य द जीनियस माइंड स्कूल लाल बंगला चरही में करम परब मनाया गया

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सृजन और भाई-बहन के अटूट प्रेम का महान परब करम लाल बंगला चरही स्थित एकलव्य द जीनियस माइंड स्कूल विद्यालय में पुरे धाम से मनाया गया। बच्चों से लेकर शिक्षकगण सभी ने पारंपरिक रीति-रिवाज से करम परब को जानने का प्रयास किए। सभी बच्चों को करम परब की विशेषता को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें करम परब के वैज्ञानिक महत्व को भी समझाया गया कि किस तरह जावा के साथ करमइतीन का संबंध एक महत्वपूर्ण संदेश जीवन में लेकर आती है, जब वही आगे चलकर युवावस्था में शादी के बाद एक मां का रुप धारण करती हैं तो उन्हीं चीजों को पालन करना पड़ता है। साथ ही एक बहन सावन खत्म होते ही ससुराल से बड़ी आशा के साथ भाई का इंतजार करती है कि उसका भाई नयी साड़ी और श्रृंगार उसके लिए खरीदकर बहन को ससुराल से लाने जाएगा और बहन मायके में अपनी सहेलियों संग नृत्य और संगीत के साथ धूमधाम से करम मनायेगी। साथ ही कुंवारी बहने करम परब में भाई का सहयोग हर कदम पर महसूस करती हैं। करम लाने से लेकर अखड़ा सजाने तक भाई का सहयोग अपेक्षित है।

## मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल स्वर्गीय संजय महतो के परिवार से मिले

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को चूरचु प्रखंड के ग्राम पंचायत बहेरा के स्वर्गीय संजय महतो के परिवार के आश्रितों से मिलें मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री झारखंड सरकार जय प्रकाश भाई पटेल दिनांक 09/2024 को संडक दुर्घटना में चाईबासा मृत्यु हो गया था उनके पिता जगदीश महतो दो पुत्र लकी कुमार, गुलशन कुमार पत्नि सुनिता देवी पूर्व मंत्री द्वारा हर सहयोग मदद करेगें क्रिया क्रर्म के लिये सहयोग करेगें आवास, विधवा पेंशन परिवारिक लाभ दिलवाने का आश्वासन दियें उनके मुख्य रूप से बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो पूर्व उप प्रमुख सह पूर्व विधायक प्रतिनिधित चौलेशवर महतो सुरेश महतो ,अनिल महतो,मनोज कुमार महतो, भीम महतो, संजय महतो,रामलाल महतो,सोहन महतो थे।

# ओड़िशा से साइकिल से अयोध्या जा रहे 90 रामभक्तों का डॉ. अमित सिन्हा ने किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ओडिशा के बालासोर से उत्तर प्रदेश के अयोध्या के लिए निकले 90 साइकिल यात्रियों का कारवां जब हज़ारीबाग़ पहुंचा, तो भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले इन साइकिल यात्रियों ने अपनी यात्रा के दौरान देशभर में जागरूकता फैलाने का लक्ष्य रखा है। यात्रा के दौरान प्रदूषण रहित भारत, योगा फॉर हेल्थ, प्लांटेशन फॉर नेचर और ऑर्गेनिक फॉर अर्थ जैसे महत्वपूर्ण संदेशों का प्रचार किया जा रहा है। इन यात्रियों में 17 से 75 वर्ष की उम्र के लोग शामिल हैं, जो पर्यावरण और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पूरे जोश और समर्पण के साथ इस यात्रा पर निकले हैं। हज़ारीबाग़ पहुंचने पर डॉ. अमित सिन्हा ने हज़ारीबाग के पैराडाइस रिसॉर्ट में सभी साइकिल यात्रियों के रहने और रात्रि भोजन की व्यवस्था करवाया। डॉ. सिन्हा के इस उदार आतिथ्य ने यात्रियों को गहरी कृतज्ञता से भर दिया। उन्होंने न केवल उनके प्रयासों की सराहना की बल्कि उनसे बातचीत के दौरान पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती के महत्व पर भी चर्चा किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाते हैं और इस तरह के संदेशों का प्रचार-प्रसार आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। इस साइकिल यात्रा का आयोजन बाघा जतीन स्मृति परिषद के बैनर तले किया गया है, जिसका नेतृत्व अरविंद बेहरा और मनमत पात्रो कर रहे हैं। यह यात्रा स्वतंत्रता सेनानी ज्योतिंद्र नाथ मुखर्जी के बलिदान दिवस 9 सितंबर को शुरू हुई, जब सभी यात्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद यात्रा का उद्देश्य न केवल अयोध्या पहुंचना है, बल्कि रास्ते में विभिन्न स्थानों पर लोगों को पर्यावरणीय जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस यात्रा का विशेष महत्व यह है कि इसमें भाग लेने वाले सभी यात्री किसान हैं और उनकी आजीविका का साधन मात्रा खेती हैं। साइकिल यात्रियों के इस कारवां का यह 10वां भ्रमण है। इससे पहले, यह दल विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर साइकिल यात्रा कर चुका है, जिसमें दो वर्ष पूर्व पॉपुलेशन एंड पोल्यूशन थीम पर नई दिल्ली की यात्रा भी शामिल है। जत्थे के सदस्य अरविंद बेहरा ने बताया कि वे 2015 से इस प्रकार की साइकिल यात्राओं का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में पहली बार मां, माटी, मातृभाषा और मद मुक्त ओडिशा का संदेश देने के लिए यात्रा की थी, और तब से लेकर अब तक ये यात्राएं विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए की जा रही हैं। साइकिल यात्रियों का स्वागत करते हुए डॉ. अमित सिन्हा ने कहा कि इस तरह की यात्राएं समाज में एक सकारात्मक संदेश फैलाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी यात्रियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

# हथियारी सरना समिती द्वारा फुटबॉल महाकुंभ का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** करमा पर्व के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हथियारी सरना समिती द्वारा फुटबॉल महाकुंभ का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस भव्य आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता हर्ष अजमेरा शामिल हुए। आयोजक मंडली के द्वारा आत्मीयता के साथ उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया, समिति के पदाधिकारी ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत व अभिनंदन किया,इसके उपरांत श्री अजमेरा ने समस्त खिलाड़ियों से परिचय जानते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिया फुटबॉल की किक मारकर खेल विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। खिलाड़ियों में खेल के प्रति काफी उत्साह और उमंग देखने को मिला, रिमझिम बारिश के बीच भी खिलाड़ियों के साथ मौजूद रहे। फुटबॉल महाकुंभ में कई गांवों और आसपास के क्षेत्रों से टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के प्रारंभिक दौर से लेकर फाइनल तक, खिलाड़ियों ने अपने कौशल, टीमवर्क और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों का उत्साह और ऊर्जा दर्शकों का मन मोहने वाला था। भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में खेल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, सहयोग, और समर्पण की भावना विकसित करता है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा की ऐसे खेल महोत्सव सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही कहा की आप सभी खिलाड़ियों को विश्वास दिलाता हूं कि हजारीबाग में इंदौर स्टेडियम का निर्माण अवश्य कराऊंगा आप खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं हर संभव उपलब्ध होगी आप खिलाड़ियों हजारीबाग के लिए आन बान शान है। इस अवसर पर विभिन्न टीमों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया,और अंत में विजयी टीम को सम्मानित किया गया। आयोजन में स्थानीय समाजसेवी और खेलप्रेमियों की उपस्थिति रहें। कार्यक्रम का सफल समापन विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया गया। हथियारी सरना समिती ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता का आश्वासन दिया।

# शारदीय दुर्गा पूजा महासमिति बड़ा बाजार ग्वालटोली के अध्यक्ष बने दीनानाथ यादवेंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बड़ा बाजार ग्वाल टोली चौक स्थित श्री हरि हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से संपन्न कराने को लेकर बड़ा बाजार ग्वाल टोली शारदीय दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के माध्यम से कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष दीनानाथ यादवेंद्र , सचिव संजयगोप ,कोषाध्यक्ष संजय शाह उपाध्यक्ष जीतू यादव , बबलू यादव ,संजीत यादव , अरुण यादव , भोला विश्वकर्मा , भरत विश्वकर्मा , सहसचिव राजन गोप , राकेश यादव , आलोक यादव, भोला सिंह, महेश यादव , बसंत यादव सह कोषाध्यक्ष मिथिलेश सिंह , राजेश जैन , विष्णु कुमार , शंभू यादव , संजय यादव कार्यकारिणी अमरदीप यादव, कमल यादव, पप्पन यादव, अमित यादव, चंदन यादव, सोनू यादव, कुंदन यादव, रत्नेश यादव, अमित लाहेरी, अभिनव यादव, रोहित यादव, नीरज गुप्ता, डब्लू वर्मा। मीडिया प्रभारी राजीव झा, दीपक कुमार, संतोष पुरी, गौरव यादव ,पूजा प्रभारी दीपक सोनी, मनीष गुप्ता, विष्णु यादव, हर्षित यादव, अरुणेश वर्मा, सूरज यादव, ब्रह्मदेव निषाद। संरक्षक जीवन गोप, अशोक यादव, हरीश श्रीवास्तव, मनजीत सिंह कालरा, पुरुषोत्तम लाल सरोज, दीप नारायण यादव, इंदर गोप, सुनील यादव, रंजीत यादव, योगेंद्र यादव , उमेश यादव, डॉ रखो हरि, मिथिलेश गुप्ता, सरोज मेहता मनोरंजन सहाय को बनाया गया। समिति के सभी सदस्यों द्वारा इस बार भी दुर्गा पूजा विधिपूर्वक धूमधाम से मनाना तय हुआ है एवं इस वर्ष प्रथम वर्ष की भांति प्रचयन (लॉटरी) की व्यवस्था रखी गई है। जिससे जमा धन राशि का उपयोग दुर्गा मंडप निर्माण एवं धार्मिक कार्यों में किया जाएगा।

## प्रखण्ड मुख्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण का बीडीओ ने रखा आधारशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर का आज जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण की आधारशिला विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कनीय अभियंता बिरेन्द्र कुमार तथा बिरेन्द्र उपाध्याय ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर रखी। जीर्णोद्धार की आधारशिला रखने के पश्चात उपस्थित सभी लोगो ने देवो के देव महादेव की आरती की। इस मौके बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि ब्लॉक् परिसर में भगवान भोलेनाथ का मंदिर है,और मंदिर काफी पुराना है,जिसका जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण होना बेहद जरूरी था,जिसका बीड़ा मैंने और मेरे सहयोगियों ने उठाया आज इस पावन अवसर पर यही कहना चाहता हूँ, कि यह भोलेनाथ की प्रेरणा है,मैं तो निमित्त मात्र हूँ। विष्णुगढ़ वासी बड़े अच्छे है,उनका भी भरपूर सहयोग मिल रहा है,आने वाले दिनों में मंदिर परिसर भव्य और सुंदर होगा जिसकी आज नीव रखी जा चुकी है। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य पुजारी अमन पाण्डेय, शेखर सुमन,रवि पाण्डेय, गौतम कुमार, सुमित कुमार, सूरज पाण्डेय,कामेश्वर पाण्डेय समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए देंगे एक दिवसीय धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता धरना देंगे । इस संबंध मे उन्होंने जानकारी दी की शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और हजारीबाग जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सोमवार को मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के अधिक्षक कार्यालय के निकट 11 बजे से 4 बजे शाम तक एक दिवसीय धरना देंगे। उन्होंने कहा की स्वास्थ्य सेवा में व्याप्त भ्र्ष्टाचार से आम जनता परेशान है आए दिन इलाज में लापरवाही से मरीजों की मृत्यु हो रही है, अस्पताल परिसर में दलालों के द्वारा लोगों को ठगा जा रहा है उन्हें बहला फुसलाकर प्राइवेट डॉक्टर, निजी अस्पताल, जांच घर में भेजा जा रहा है, अस्पताल का अपना एम्बुलेंस सड़ रहा है और प्राइवेट एम्बुलेंस वाले मरीजों से मनमाना भाड़ा ले रहे हैं, कोई घटना दुर्घटना होने पर डॉक्टर गायब रहते हैं, सरकार द्वारा सारा सुविधा उपलब्ध कराने के बाद भी मरीज को रेफर कर दिया जाता है,गरीब और मध्यम वर्ग के लोग ही सरकारी अस्पताल आते हैं, उनके सुविधा के लिए करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और कर्मचारी हैं, अनुबंध कर्मी हैं, आउट सोर्सिंग से हैं, डीएमएफटी मद से भी बहाल हो रहे हैं लेकिन सुधार नहीं है।अस्पताल लूट का अड्डा बन गया है।रक्षक ही भक्षक बन गया है।मनमर्जी से रोस्टर ड्यूटी करते हैं और पूरा तनख्वाह लेते हैं। जनहित में ऐसे मामलों पर लगाम लगाना अति आवश्यक है। ये धरना शांतिपूर्ण होगा, कोई लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं होगा, ये सांकेतिक रूप से ध्यान आकृष्ट कराने के लिए धरना दिया जा रहा है, व्यवस्था में सुधार लाने का एक प्रयास है।इसके बाद व्यापक आंदोलन होगा। ये धरना गैर राजनीतिक होगा, कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, आम जन से भी समर्थन के लिए अपील करते हैं।

# रामगढ़ थाना के प्रांगण में शांति समिति की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी कर्म पूजा, ईद मिलादुन्नबी एवं विश्वकर्मा पूजा को शांति एवं स्वादपूर्ण तरीके से मनाने हेतु रामगढ़ थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में उपस्थित होने वाले मुख्य रूप से रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ अंचल अधिकारी पुलिस रामगढ़ थाना प्रभारी , रामगढ़ शहर के गणमान्य व्यक्ति जनप्रतिनिधि के साथ प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक किया गया। जिसमें आगामी ईद मिलादुन्नबी कर्म पूजा एवं विश्वकर्मा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मनाने हेतु सुझाव दिया गया। इस मौके पर रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया अभी चल रहा है कर्म पूजा आगामी ईद उल मिलद उन नवी एवं विश्व विश्वकर्मा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसमें सभी सदस्यों ने आने वाले त्योहार को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया।इस मौके पर कमल किशोर बगड़िया, आसिफ इकबाल, ग्यास खान, अकबर खान, पिंटू अंसारी सलीम खान, मुमताज मंसूरी, धनंजय कुमार पुटूस, छोटू पटेल, अफरीदी हुसैन, आदिल खान, वासी अख्तर, अजय राम वगैरा-वगैरा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष के नेतृत्व में मजदूरों की समस्याओं को लेकर संसद से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल से हजारीबाग स्थित झंडा चौक उनके आवासीय कार्यालय में भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में वेन डिड मिनरल प्राइवेट लिमिटेड बोंगावर भरेच नगर संडी के कर्मचारियों के जन समस्याओं को लेकर मुलाकात की मुलाकात के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि पिछले 9 महीने से इस प्लांट में कार्यरत है हम लोगों के लिए जो कंपनी कोर्स से नियम लागू किया जा रहा है और सही नहीं है जबकि ई पी एफ मैं 12त्न कंपनी की ओर से ज्यादातर 12त्न मजदूरों का पेमेंट से काटा जाता है लेकिन कंपनी का कहना है कि 24त्न आप ही लोग से काटा जाएगा इसी संबंध में मजदूरों ने एक आवेदन कंपनी के महा प्रबंधक को लिखा महा प्रबंधक को पत्र मिलने के बाद जवाब में मजदूरों को कंपनी से बाहर कर दिया गया महीने में चार संडे छुट्टी उसको ओवर टाइम पैसा खाना दिया जाए यह सभी मांगे पत्र में महाप्रबंधक को दिया गया था जबकि यह सभी मजदूर विस्थापित प्रभावित भी हैं कर्मचारियों ने सांसद महोदय से निवेदन किया कि जल्द से जल्द हम लोग का मांगों को पूरा किया जाए नहीं तो हम लोग कंपनी के गेट के बाहर भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन करेंगे पत्र लिखने वालों में कृष्ण प्रजापति संजय कुमार मिनाज अंसारी राजेश प्रजापति सुजीत यादव कमलेश कुमार एमडी रिजवान अंसारी बालवीर मुंडा राजवीर कुमार मदन प्रजापति नवीन कुमार अभिषेक साहू जाहिद अंसारी दीपक कुमार तबरेज अंसारी सुरेंद्र बेदिया रंजीत रविदास बबलू मुंडा तुलेश्वर बेदिया परमेश्वर महतो अजमल अंसारी सहित लोग शामिल हैं।

# रामगढ़ बना राज्य का पहला जिला, जहां सफलतापूर्वक संपन्न हुई चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया

**▶ पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने पर अभ्यर्थियों ने उपायुक्त व जिला प्रशासन रामगढ़ को दिया धन्यवाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ एवं बोकारो जिला के लिए फुटबॉल मैदान, ललपनिया, गोमिया, बोकारो में आयोजित कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के द्वारा रामगढ़ जिला स्तरीय चौकीदार बहाली के तहत चयनित 72 कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इसी के साथ रामगढ़ जिला राज्य में सफलतापूर्वक चौकीदार नियुक्ति पूर्ण करने वाला पहला जिला बना। लंबे समय से लंबित चौकीदार बहाली पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त चौकीदारों को शुभकामनाएं दी एवं सभी के साथ फोटो भी खिंचवाया। कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने सभी नवनियुक्त चौकीदारों को शुभकामनाएं देते हुए आने वाले समय में बेहतर तरीके से कार्य करने की बात कही। इस दौरान सभी नवनियुक्त कर्मियों ने पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर अपना आभार व्यक्त किया।

# लायंस भुरकुंडा ने 400 जरूरतमंदो के बीच किया भोजन का वितरण

**▶ कल्ब का प्रयास कोई भुखा न रहे : रेखा वर्णवाल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वधान में पिछले सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेल नगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया । जिसमें 400 लोगो को भोजन कराया गया। इसके पूर्व मां शीतला को पुरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा पूजा अर्चना कराई गई । इसके पश्चात मां को भोग लगाया गया और भंडारा का शुभारंभ किया गया। क्लब के अध्यक्ष रेखा वर्णवाल सचिव अंजू देवी कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ,जॉन चेयर पर्सन एमजीएफ डॉ राजेंद्र महतो सहित कल्ब के सदस्यों द्वारा भोजन वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा की भुखे को भोजन करना ही सही मायने में नारायण सेवा है। कल्ब का प्रयास है की क्षेत्र में कोई भुखा न रहे। मौके पर .जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, जिला चेयरपर्सन . कार्यक्रम प्रोजेक्ट चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, माला शर्मा, एमजीएफ संजय जायसवाल, रेनू जायसवाल, विजयंत कुमार, विजय वर्णवाल, डॉ एम के मंजुल ,प्रमोद शर्मा, सरिता शर्मा ,रेखा मंजुल, निर्मल अग्रवाल ,दीनबंधु सिंह एवं क्लब के दर्जनों सदस्यों का विशेष योगदान रहा ।

# सोसो कलां में पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के द्वारा ट्रांसफॉर्मर का किया गया उद्धाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड के सोसो कलां स्थित कर्बला चौक मुहल्ला में शनिवार को पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के द्वारा 175 केबी ट्रांसफार्मर का उद्धाटन मुहाल्ला वासियों के साथ फीता काटकर किया गया। उद्धाटन से पूर्व मुख्य अतिथि का ग्रामीणों के द्वारा फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा प्रयास ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करना है। समाजसेवी , गुलाम सरवर, पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी मोहम्मद तस्लीम अंसारी तनवीर आलम महताब आलम सनोवर अली हाजी अब्बास अंसारी मोहम्मद मतीन अंसारी अमीर आलम प्रिंस बाबू मोहम्मद अबरार मोहम्मद सज्जाद अतहर बाबू

# डिएवी उरीमारी में हिन्दी दिवस समारोह हर्षोल्लास से मना



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दयानंद एंग्लो वैदिक पब्लिक स्कूल उरीमारी में शनिवार को हिन्दी दिवस का समापन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। एक सप्ताह तक चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, जागरूकता एवं भारतीय संस्कृति के महत्व को बढ़ावा देना था। हिंदी सप्ताह का आयोजन 8 सितंबर से प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें हिन्दी स्लोगन, वाद-विवाद, चित्रांकन, भाषण एवं कविता पाठ जैसे कार्यक्रम शामिल थे। इसमें रिषिका, रिद्धि, राज, स्वेच्छा, दिव्यदर्शन, अंशु, प्रज्ञा, नैंसी, अनीशा, अंशिका, अन्वेशा, अंजलि, अवंतिका, रोशनी, सिद्धार्थ, आयुष, आदर्श जैसे सैकड़ों बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रभारी डी के मंडल, विशेष अतिथि हिंदी विभाग के प्रमुख एन के वत्स,पुष्पांजलि प्रधान एवं मंजू सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। हिंदी के वरिष्ठ शिक्षक नीरज कुमार वत्स ने छात्रों को हिंदी के महत्व को समझाते हुए कहा कि हिंदी भाषा सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। वहीं विद्यालय के प्रभारी डी के मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम एक ऐसी भाषा बोलते हैं जो देश की विविधता में एकता को प्रकट करती है। कार्यक्रम के समापन शिक्षिका पुष्पांजलि प्रधान द्वारा किया गया। जिन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। मंच का संचालन कक्षा दसवीं की छात्रा तन्वी रंजन ने किया। हिंदी सप्ताह के समापन ने छात्रों और शिक्षकों के बीच हिंदी भाषा के प्रति नव उत्साह और समर्पण का संचार किया।

# कर्म महोत्सव भाई बहन के अटूट प्रेम, रक्षा सुरक्षा एवं कर्म देवता के प्रति आस्था का प्रतीक है नेहा भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सदाचार परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक कर्म पूजा आदिवासी समाज के संस्कृति पर आधारित झारखंड का एक महत्वपूर्ण पर्व है, अलावे समाज के अन्य जाति के लोग भी इसे मानते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए नेहा भारती ने बताया कि मानता है कि संकट आए हुए एक भाई कौन नदी में तैरता हुआ कम पेड़ का डाली मिला, उसे घर में संकट था, जो भाद्रपद की शुक्ल पक्ष के 11वीं तिथि से प्रारंभ होती है जिसमें कर्मा और धर्मा की पूजा की जाती है। रामगढ़ जिला के पतरातू,मांडू, गिद्दी,भुरकुंडा, कुजू,वेस्ट बोकारो, आरा, सारूबेरा सही अन्य स्थानों में धूमधाम से मनाया गया। सारुबेरा मैं संजू,रूही, ज्योति, श्वेता,मिस्टी, काजल सपना, सिमरन, नैना, सहित दर्जनों लड़कियों ने ढोल नगाड़ा एवं मादर की थाप पर रात भर नृत्य करती रही एवं झुमती रही।कर्म महोत्सव भाई बहन के अटूट प्रेम, रक्षा सुरक्षा एवं कर्म देवता के प्रति आस्था का प्रतीक है नेहा भारती

# दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत अंतर्गत ग्राम बेयांग गांव मे 22 सितम्बर को झूमर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत अंतर्गत ग्राम बेयांग गांव मे आने वाले दिन 22 सितंबर 2024 दिन रविवार को बुड करमा झुमर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । शनिवार को एक बैठक जिसकी अध्यक्षता मधु पहान ने किया और आने वाले दिन पंचायत से एवं प्रखंड तक झुमर टीम पहुंचेगे और अपना झारखण्ड के प्रकृति एवं सस्कृति को बचा कर रखना है झुमर टीम अपना पहनाव गंजी धोती और गमछा पहनकर आँखड़ा मे प्रवेश करेंगे झुमर टीम अपना झारखंडी कला को देखेंई गे पंचायत से लेकर प्रखंड टीम के झुमर टीम पोहचेगे और सबका सहमति से एक केमेठी कि बिस्तर किया गया मुख्य संरक्षक,साहेब राम भोगता, उप संरक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, रविंद्र भोगता, बिनोद बिहारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामकिशुन भोगता मौजूद थे अध्यक्ष, सुरेश मुंडा, सचिव, देवधारी करमाली, कोषाध्यक्ष, जगतु मुंडा, उप अध्यक्ष, राजकुमार करमाली, उपकोषाध्यक्ष,मकरधज करमाली उपसचिव, कुमार महतो और झुमर टीम निगरानी, सिकेंद्र करमाली, धनेश्वर करमाली, उदय मुंडा, सुलेन्द्र, चंदरु करमाली, गणेश करमाली, पंछीत करमाली, सत्याना नायक, गणेश नायक, जागेश्वर नायक, रंजीत करमाली, बंटू करमाली, गोपाल करमाली, ललकु करमाली, परस गंझु, महेंद्र भोगता, कंदनू मुंडा, सिटू करमाली, रमेश नायक, धर्मेंद्र तुरी, बूटन मुंडा कृष्णा कुमार, जुगनू, करमाली, प्रकाश कुमार,महतो, एवं सभी झुमर टीम के सदस्य गन मौजूद थे

# भुरकुंडा में खाटु श्री श्याम के निशान के साथ निकली शोभायात्रा, हुई पूजा : अर्चना



**▶ प्रसिद्ध भजन गायक कमल बगड़िया ने श्याम चौरासी और गणेश वंदना किया प्रस्तुत**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्याम सखा मंडल के तत्वावधान भुरकुंडा पटेलनगर गुरूदेव धाम में आयोजित 11वां खाटु नरेश बाबा श्याम महोत्सव का शुभारंभ जमशेदपुर से आये शीश और निशान के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कमल बगडिया और उनकी टीम द्वारा श्याम चौरासी और गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। महोत्सव को सफल बनाने मे श्री श्याम सखा मंडल भुरकुंडा के संयोजक उमेश राजगढ़िया, सुनील अग्रवाल, विनोद दुबे, संजय अग्रवाल, जयकिशन सोनी, रचित अग्रवाल, राकेश, दीपक, नवीन, गोविंदा, सौरभ शर्मा, रवि अग्रवाल, कालू शर्मा, लकी अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रिम्मी, सुमन, सुलेखा शर्मा, बबिता गोयल, रेणु, निकिता, अमिता, खुशबू, शीला, शालू सहित अन्य जुटे हैं।

# कुंदरूकलां में बूढा-करमा महोत्सव 16 को, मुख्य संरक्षक बने किशुन मुंडा

**▶ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि होंगी विधायक सुनीता चौधरी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ के कुंदरुकला पंचायत के महथा बगीचा खेल मैदान में ग्रामीणों की बैठक हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी व रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता कुंदरुकला मुखिया किशुन राम मुंडा व संचालन मोहराय महतो ने की। महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक किशुन राम मुंडा, संरक्षक मुखिया रेखा देवी, अध्यक्ष तुलसीदास महतो, उपाध्यक्ष जोगेंद्र मुंडा, सचिव हीरा गोप, सह सचिव खिलेश्वर करमाली, कोषाध्यक्ष सतीश महतो के अलावे कार्यकारिणी सदस्य में संतोष महतो, उमाशंकर महतो, शंकर यादव लखविंदर महतो, शिवशंकर महतो, लीलू महतो, बाबूराम बेदिया, सुरेश महतो, बालेश्वर महतो, प्रदीप नायक, मधेश्वर महतो, किशोर महतो, अनूप यादव, तिलकधारी महतो, जीतू मुंडा, छोटेलाल मुंडा, रोहित महतो, महेश महतो सहित कई कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# बीजेपी के युवा नेता राजीव जायसवाल ने नागपुरी कलाकारों के साथ किया विभिन्न करम अखाड़ों का दौरा

**▶ कहा प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है करमा पर्व : राजीव जायसवाल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड के प्राकृतिक पर्व करम पूजा के अवसर पर बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल ने नागपुरी के सुपरस्टार कलाकार सन्नी सिंह, रोहित आर के, प्रितम राज झालीवुड के मसहूर डांसर राजू तिर्की कई कलाकारों के साथ दुलमी प्रखंड के विभिन्न करम अखाड़ों में पहूंच कर करम कर रहे गांव की बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ कई झारखंडी गानों पर नृत्य किया. मालूम हो की पूरे झारखंड में करमा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है. एक तरफ अच्छी फसल की कामना हो रही है तो दूसरी तरफ बहनों ने अपने भाईयों की सलामती के लिए उपवास रखा है. वही राजीव जायसवाल ने कहा कि करमा पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है. यह पर्व भाई-बहन के बीच आपसी सौहार्द और स्नेह का भी प्रतीक है.इस पर्व के माध्यम से युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं.यह पर्व हमें प्रकृति का आदर करने, उसका संरक्षण और संवर्धन करने की सीख देता है.इस पर्व को विश्व पटल पर सम्मान दिलाने की भी जिम्मेदारी हम झारखंडियो की है. पारंपरिक रीति रिवाज, रूढ़िवादी नीति, पूजा, संगीत-नृत्य...इनमें ही हमारा इतिहास, हमारी पहचान, हमारी अस्मिता है. उन्होंने करमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए लोक समस्ता॰ सुखिनो भवन्तु की कामना की. इस मौके पर बिक्की महतो, संजीत महतो पवन पटेल, गोलू महतो,भास्कर, विनीत यादव, अंकित सिंह, सचिन करमाली सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय द्वारा करम पर्व की पूर्व संध्या कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**▶ झारखंड के समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है करमा पर्व : कुलाधिपति बीएन साह**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में शिक्षा विभाग और खोरठा विभाग द्वारा करम पर्व की पूर्व संध्या का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी,कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ )निर्मल कुमार मंडल , वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ )अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार उपस्थित थे।इस अवसर पर करम डाली की पूजन पूरी विधि विधान के साथ की गई। विधार्थियो द्वारा झारखंड की पारंपरिक वेश-भूषा में गहदम झूमर नृत्य और संगीत के द्वारा झारखंड की संस्कृति का परिचय दिलाया।सचिव प्रियंका कुमारी ने करम पर्व की हार्दिक बधाई दी और कहा यह पर्व भाई- बहन के असीम प्यार का त्यौहार है। कुलसचिव प्रो (डॉ )निर्मल कुमार मंडल ने प्रकृति पूजा करम पर्व की सभी को शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा की कर्म पर्व आपसी भाईचारा और साथ में मिल जुलकर रहने का संदेश देता है।पूजन खत्म होने के बाद सभी को अटरी बोटरी प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम शिक्षा विभाग एवं खोरठा विभाग के नेतृत्व में संपन्न हुआ।मौके पर विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अंत में सभी करम डाली को पूरे विधि विधान के साथ नाचते गाते हुए तालाब में जाकर करम गोसाई को विसर्जित किया गया।

# टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का 18 सितंबर से होगा परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टाटानगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 20893 (टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस) रविवार 15 सितंबर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन आद्रा मंडल के चंडील और बोकारो स्टेशनों पर रुकेगी। इन स्टेशनों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। चंडील स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक, इचागढ़, सबिता महतो सम्मिलित होंगी और ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे की यात्रा के लिए रवाना करेंगी। इसके साथ ही, बोकारो स्टेशन पर भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद धनबाद दुलू महतो और विधायक बोकारो बिरंची नारायण शामिल होंगे। वे इस ट्रेन को बोकारो स्टेशन से आगे की यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।



- टाटा-पटना-टाटा वन्दे भारत एक्सप्रेस का परिचालन : रेलवे बोर्ड के सन्देश के संदर्भ में यह निर्णय लिया गया है कि टाटानगर-पटना-टाटानगर वन्दे भारत एक्सप्रेस का परिचालन क्रमश इस प्रकार होंगी।
- गाड़ी संख्या -20893/20894 (टाटानगर- पटना-टाटानगर) वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन 18 सितंबर से बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को होंगी। यह ट्रेन टाटानगर से चंडील, मुरी, बोकारो, गोमो, गया के रास्ते पटना जाएगी।
- आद्रा मंडल के चंडील एवं बोकारो स्टेशन पर इस ट्रेन का आगमन/प्रस्थान इस प्रकार रहेगी।

स्टेशन आगमन /प्रस्थान
टाटानगर ...../05:30
चंडील 06:00/06:02
बोकारो 08:08/08:10
पटना 12:45/.......

- वापसी में इस ट्रेन का आद्रा मंडल के बोकारो और चंडील स्टेशन पर इस ट्रेन का आगमन/प्रस्थान रहेगी।

# दुर्गा पूजा को लेकर किया गया भूमिपूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार को हिरणपुर बाजार निकट स्थित दामिन डाक बंगला परिसर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा भूमि पूजन की गई। पूजा स्थल में धरती माता को आह्वान करते हुए पुजारी सुजय पांडे के द्वारा यजमान भानु साहा सपत्नीक की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ पूजा की गई। पूजा कमिटी के अध्यक्ष दीपक कुमार साहा ने बताया कि आगामी तीन अक्टोबर से पूजा प्रारम्भ होगी। इसको लेकर आवश्यक तैयारियां प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्षो की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से पूजा महोत्सव आयोजित होगी। इसको लेकर पूजा मंडप व पंडाल का भी निर्माण कार्य भी प्रारम्भ होगी। इस अवसर पर पूजा समिति के रविन्द्र भगत , दीपक स्वर्णकार , उत्तम साहा , वरुण रजक ,अजय , तारा रक्षित आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उधर हिरणपुर बाजार सहित गोपालपुर , तोड़ाई , देवपुर , धोवाडांगा , डांगापाड़ा आदि जगहों में स्थित मंदिरों में पूजा की तैयारी जारी है।



# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** 26 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिचालन रेंज, बोकारो द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार ÷ स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान मनाया जा रहा है इस कड़ी में आज 26 बटा0 एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिचालन रेज बोकारो के अधिकारियों/कार्मिकों के साथ-साथ चास नगर निगम के कर्मियों एवं विशेष अतिथि डॉ जयदीप सरकार, पुरूष वॉलीबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक एवं अनंत कुमार, अतिरिक्त नगर आयुक्त चास नगर निगम सहित सिटी पार्क, सेक्टर वन बोकारो में ÷ स्वच्छता ही सेवा ÷ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर सिटी पार्क में स्वच्छता मार्च एवं विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में ब्रजेश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिचालन रेंज, बोकारो के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में चलाया गया। इस स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में राजीव रंजन कमाण्डेंट-26 बटालियन ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवन शैली के प्रति आम जनमानस को प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त उन्होने यह भी बताया कि बोकारो एक बहुत ही सुंदर स्थल है और इसको स्वच्छ रखकर ही सुंदर बनाकर रखा जा सकता है एवं यह अभियान लगातार 02 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। इस कार्यक्रम में राजीव रंजन कमाण्डेंट, अनिल कुमार उप कमाण्डेंट, विनोद यादव उप कमाण्डेंट, डॉ ऋषभ शेखर चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ बटालियन के सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया।



# मौसमी बीमारी से बचाव को लेकर किया जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा :** प्रखंड क्षेत्र में मलेरिया डायरिया सहित अन्य मौसमी बीमारी से ग्रामीणों को जागरूक व बचाव को लेकर सभी स्वास्थ कर्मियों की एक बैठक शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मुकेश बेसरा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बताया गया कि पहाड़ी एवं जंगली इलाको में रहने वाले ग्रामीणों को मलेरिया डायरिया एवं अन्य मौसमी बीमारी से बचाव को लेकर जागरूक करने के लिए सभी सीएचओ, एमपीडब्ल्यू,एएनएम को अपने अपने पोसक क्षेत्र में घर घर जाकर जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए ग्रामीणों को अपने घर के आसपास गंदगी न फैलने दें, संक्रमित होने पर किसी भी ग्रामीण डॉक्टर से पास ना जाने की सलाह दे.सहिया साथी उक्त पीड़ित व्यक्ति का सूचना सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र को दे। ताकि डॉक्टर की टीम ससमय उक्त व्यक्ति का इलाज कर सके।और फैलने वाली बीमारियों का ग्राफ नियंत्रण में रहे. उन्होंने सभी स्वस्थ कर्मियों को अपने अपने पोसक क्षेत्र में लोगो को बरसात के मौसम में पानी गर्म करके पीने, पूरे शरीर पर कपड़े पहनेअन्य जानकारी दिया। मौके पर डॉ रिषभ, ओमप्रकाश पांडेय, संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# चौकीदार सीधी नियुक्ति को लेकर परीक्षा 15 सितंबर को

**▶ डीसी ने परीक्षा केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारी के साथ की बैठक, दिया जरूरी दिशा-निर्देश**

**प्रभात मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर आगामी 15 सितंबर 2024 को लिखित परीक्षा होनी है। इसके लिए कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।परीक्षा को कदाचार मुक्त वातावरण एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने सभी संबंधित परीक्षा केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारी के साथ बैठक कर परीक्षा को लेकर जरूरी तैयारियों की समीक्षा किया। उपायुक्त ने समीक्षा क्रम में बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसको लेकर सभी जरूरी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करना है। परीक्षा कक्ष में वर्जित सामग्रियों को ले जाना निषेध रहेगा। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। उन्होंने कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया। साथ ही प्रशासन द्वारा आवश्यक परीक्षा सामग्री केन्द्राधीक्षकों को उपलब्ध कराया गया।

जानकारी हो कि, जिले में चौकीदार पद पर सीधी नियुक्ति को लेकर 5320 अभ्यर्थी हैं। इसके लिए कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें के0के0एम कॉलेज, पाकुड़, पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज,डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, पाकुड़, हरिणडांगा उच्च विद्यालय, पाकुड़, रानी ज्योतिर्मय बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़, आदर्श बिल्टू मध्य विद्यालय, पाकुड़, मध्य विद्यालय, धनुषपूजा, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बालिका, पाकुड़, मध्य विद्यालय हरिणडांगा, पाकुड़ पश्चिमी, जिदातो बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़, डीएवी पब्लिक स्कूल, पाकुड़, दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़, संत जोसेफ स्कूल, पाकुड़, एलाईट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ एवं संत डॉन बॉस्को स्कूल, पाकुड़ शामिल हैं।मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, पाकुड़ एसडीपीओ डीएन आजाद समेत अन्य पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक उपस्थित थे।




# जमीयत ओलमा हिंद प्रखंड कमिटी का गठन, हाफिज अब्दुल हलीम पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मनोनित

**प्रभात मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जमीयत ओलमा हिंद को पाकुड़ जिला में मजबूती को लेकर प्रखंड और जिला कमिटी का गठन जारी है. झारखंड जमीयत ओलमा हिंद के निर्देश पर मजबूती प्रदान करते हुए बीते शुक्रवार को जिला मुख्यालय के मधपाड़ा जामा मस्जिद में देर शाम एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया. वही मौलाना अंजर कासमी की अध्यक्षता में एवं हाजी सुलेमान अंसारी की अगुवाई में सभा की करवाई मुकम्मल हुई.चुनावी सभा में पाकुड़ जिले के उलेमा और स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.वहीं सर्वसम्मती से दिलावर कॉलोनी नूरी जामा मस्जिद के ईमाम व खतीब हाफिज अब्दुल हलीम को प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया. बड़ी अलीगंज जामा मस्जिद के ईमाम व खतिब हाफिज मो0 फारूक कासमी को उपाध्यक्ष,मध्यपाड़ा के आलम अली को सचिव मनोनित किया गया.साथ ही हाफ़िज़ तनवीरुल हक रहमानी को खादिम और उपसचिव मो0शाहनवाज हुसैन को मनोनित किया गया.इसके साथ दर्जनों लोगों को कार्यकारणी में जगह दी गई है. मुफाती असरार अहमद ,अशरफुल रहमान ,मो अयाज ,मौलाना शमीम कश्मी ,आरिफ ,मो राशिद , उमर फारूक आदि को शामिल किया गया है.अध्यक्ष हाफिज अब्दुल हलीम ने कहा की जमीयत ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है उसको आमलोगों तक पहुंचना मेरी पहली प्राथमिकता होगी.मौके पर मौजूद मौलाना अंजर कासमी ने कहा कि पाकुड़ जिला में जमीयत को मजबूती को लेकर प्रखंड और जिला स्तरीय कमिटी का गठन जारी है,ताकि जमीयत का जो मकसद है उसको पूरा किया जा सके.उन्होंने कहा की लोगो की खिदमत आपसी भाईचारा अमन व आमान कायम करना और एक साफ सुथरा समाज का निर्माण करना है. उन्होंने लोगो से अपील की जमीयत के कामों को आगे बढ़ाने में सहयोग करे.



# कंटेनर वाहन की धक्के से विद्युत पोल सहित तार क्षतिग्रस्त

**▶ शुक्रवार शाम से ही क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित**

**प्रभात मन्त्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** रानीपुर - पोचोइबेड़ा पथ में बड़ी मालवाहक बड़ी वाहनों की परिचालन से क्षेत्र के लोग काफी भयाक्रांत है। बीते शुक्रवार रात तेज गति से जा रहे कंटेनर ने डांगापाड़ा में दो विद्युत पोल को तोड़ दिया। जिससे विद्युत तार जमीन में बिखर गया। इसके बाद गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। तुरन्त पॉवर हाउस को सूचित कर विद्युत आपूर्ति को रोका गया। रात करीब साढ़े 11 बजे खाली कंटेनर नम्बर एचआर 38 ए एफ 8242 इस पथ से अमड़ापाड़ा की ओर जा रहा था। जिसे हरियाणा जाना था। अकस्मात गांव के सड़क किनारे रहे दो विद्युत पोल में धक्का मार दिया। जिससे पोल टूटकर जमीन में गिर गया। वही विद्युत तार सड़क में ही बिखर गया। कंटेनर घटना के बाद तेज गति से भाग रहा था। इसके बाद तालपहाड़ी गांव में भी विद्युत तार को क्षतिग्रस्त किया। तब कंटेनर को तालपहाड़ी गांव में ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया। ।विद्युत पोल टूटकर बिखर जाने से विद्युत आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो गया। इस सम्बंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता शब्बीर अहमद ने बताया कि जल्द ही इसकी मरम्मती कार्य कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी। वही कंटेनर को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उधर इस घटना को लेकर थाना के एएसआई शुभोजीत कुमार ने घटनास्थल की जांच किया गया बताते चले कि इस पथ में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में पत्थर लदे वाहन सहित अन्य बड़ी वाहनों का दिन रात परिचालन होता है। बड़ी वाहनों की तेज गति के कारण क्षेत्र के लोग काफी भयभीत है। ग्रामीण क्षेत्रो में वाहनों की तेज गति पर सम्बन्धित विभाग को अंकुश लगाना आवश्यक है।





## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालिन सूचना संख्या – **NIT/RGH/NP/13/2024-25**

**(Re Tender)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा निकालने वाले पदाधिकारी | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़। |
| 2 | निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक: 15.09.2024 |
| 3 | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि | :– | दिनांक: 22.09.2024 अपराहन 04:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट | :– | केवलई–निविदा(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान | :– | दिनांक: 23.09.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक। |
| 6 | मद का नाम | :– | नागरिक सुविधा/शहरी परिवहन |
| 7 | हेल्पलाईन नं0 | :– | 9962405690 8084609105 |

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Laying of Paver Block Road From Mahuva Tree to Imli Tree in Dhatva Tand ward no- 1 | 1023360.00 | 20468.00 | 5000 | 45 दिन |
| 2 | 2 | Community Building Near Ram Janki Mandir at Tuti Jharna (Manmohan Nagar) in Ward No 2 | 2352608.00 | 47053.00 | 5000 | 120 दिन |
| 3 | 5 | Construction of PCC Road from H/O Suresh Mahto to Parmeshwar Hotel in Ward No 5 | 1844650.00 | 36893.00 | 5000 | 90 दिन |
| 4 | 5 | Construction of Drain from (a) FCI Godown to NH-33 (b) Shivlal Yadav to Yunus Ansari | 2107300.00 | 42146.00 | 5000 | 90 दिन |
| 5 | 5 | Construction of PCC Road from NH-33 (Digwar) to Parmeswar Singh in Ward No 5 | 1758300.00 | 35166.00 | 5000 | 90दिन |
| 6 | 5 | Construction of PCC Road from NH-33 (Digwar) to Suresh Mahto in Ward No 5 | 1543500.00 | 30870.00 | 5000 | 90 दिन |
| 7 | 6 | Construction of PCC Road from H/O Dasrat Yadav to Sanjay Yadav in Ward No 6 (Amrit Nagar Pochra) | 1594200.00 | 31884.00 | 5000 | 90 दिन |
| 8 | 6 | Construction of PCC Road from Bhuiyan Tola to Bitumen Road Painki in Ward No 6 | 1451750.00 | 29035.00 | 5000 | 90 दिन |
| 9 | 8 | construction of PCC road from (a) H/O Ashok kumar to Gudu sharma,Ashok kumar to Narendra yadav,Niraj Niraj to Santosh shah home (b) H/O Mahto ji to Ravindra singh home in ward no 08 | 1260200.00 | 25204.00 | 5000 | 90 दिन |
| 10 | 9 | Construction of PCC road from H/O Janki saw to Puliya in ward no-9 | 2488500.00 | 49770.00 | 5000 | 90 दिन |
| 11 | 12 | Beautification of Devi Mandap at Argada (Chouhan Mohalla) Construction of Boundry Wall and Shed, Laying of Paver Blocks and tiles | 1194600.00 | 23892.00 | 5000 | 90 दिन |
| 12 | 12 | Beautification at Birsa chowk (Mahuwa Tand) in Ward No 12 (Construction of Stage with Shade, Paver Block & PCC Road) | 1507700.00 | 30154.00 | 5000 | 90 दिन |
| 13 | 12 | Beautification of Jharna at Jobhiya ward no.-12 a)Construction of Samshan Shed b)construction of Changing room c)Construction of Boundary wall d)Laying of Paver Block | 1715600.00 | 34312.00 | 5000 | 90 दिन |
| 14 | 15 | Laying of Paver Block at Market Area Old (Sirka Football Ground) in Ward No 15 | 2206600.00 | 44132.00 | 5000 | 45 दिन |
| 15 | 15 | Construction of Drain at Market Area Old (Sirka Football Ground) in Ward No 15 | 1753700.00 | 35074.00 | 5000 | 90 दिन |
| 16 | 15 | Construction of PCC Road from Nimtala Drain to Pokhar in Ward No 15 | 2022300.00 | 40446.00 | 5000 | 90 दिन |
| 17 | 23 | Construction of PCC Road from H/O Jakir Ansari to Sahanshah Nut and Drain from H/O Sahanshah Nut to H/O Prakash Saw in Ward No 23 | 2066100.00 | 41322.00 | 5000 | 90 दिन |
| 18 | 26 | Laying of Paver Block road in Galli Muhallah in Ward no 26 | 1654200.00 | 33084.00 | 5000 | 45 दिन |
| 19 | 28 | Construction of Community hall at beda Tola Chharmandu in ward No-28 | 1366650.00 | 27333.00 | 5000 | 120 दिन |
| 20 | 29 | Construction of Drain at kothar NH-23 from H/O Raju Kushwaha to H/O Kishore Saw in Ward No 29 | 1496500.00 | 29930.00 | 5000 | 90 दिन |
| 21 | 31 | Construction of Drain at Ohdari Muhallah in Ward No 31 | 1363600.00 | 27272.00 | 5000 | 90 दिन |
| 22 | 32 | Construction of Retaining wall in Bhumihar tola from land of Chandan singh to mango tree in ward no-32 | 2438400.00 | 48768.00 | 5000 | 90 दिन |

नोट:–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटरशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, रामगढ़

PR 335845 (Ramgarh)24-25*D

मुख्यमंत्री योगी का लोहरदगा आगमन की तैयारी को लेकर जिला स्तरीय भाजपा के हुई बैठक

## झारखंड सरकार हर मोर्चे पर बिफल, चुनाव पूर्व जनता से किये गए एक भी वादे को नहीं किया पुरा : मनीर उरांव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में 26 सितंबर को परिवर्तन संकल्प यात्रा का लोहरदगा आगमन की तैयारी को लेकर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के जिलास्तरीय पदाधिकारियों के अलावा मंडल अध्यक्ष व मोर्चा के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों की बैठक की गई इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनीर उराँव ने की। उन्होंने कहा कि आयोजित परिवर्तन संकल्प सभा मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह विशेष रूप से उपस्थित जन समूह को संबोधित करेंगे इसके अलावा झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस व राजद गठबंधन यह सरकार हर मोर्चे पर बिफल रही हैं। चुनाव पूर्व जनता से किये गए एक भी वादे को पूरा नही किया हैं। राज्य की जनता परिवर्तन चाहती हैं। बैठक में निर्धारित परिवर्तन संकल्प सभा की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया है। इस क्रम में प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित करने का निर्णय दिया गया जिसमें कुडू एवं पेशरार मंडल में बैठक 16 को, लोहरदगा ग्रामीण, नगर तथा सेन्हा प्रखंड में 18 को एवं किस्को प्रखंड में 19 को बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वही श्रीचंद्र प्रजापति कुडू, ब्रज बिहारी प्रसाद सेन्हा, मिथुन तमेडा व अनिल उरांव पेशरार, राजकिशोर साहू नगर, राकेश प्रसाद लोहरदगा ग्रामीण कैरो चंद्रशेखर अग्रवाल तथा भंडरा प्रखंड बिंदेश्वर उरांव को प्रभारी बनाया गया। बैठक में मोटरसाइकिल दस्ता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रचार प्रसार इत्यादि की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से ब्रजबिहारी प्रसाद, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद्र प्रजापति, राजमोहन राम, राजकिशोर महतो, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, बालकृष्ण सिंह, नवीन कुमार टिंकू, बाल्मीकि कुमार, अनिल उराँव, पशुपति नाथ पारस, संजय प्रसाद, जगनन्दन पौराणिक, प्रकाश नायक, शंभु सिंह, धीरज प्रसाद, ओम गुप्ता, अशोक साहू, सचिन कुमार, सामेला भगत, वीणा बाखला, राजेन्द्र महतो, रामकुमार खेरवार, मुंडा, विवेक चौहान, कैलाश महतो, सुरेश बैठा, सत्यम कुमार आदि उपस्थित थे।

## हाथियों का आतंक एक बार फिर, राशन डीलर का घर क्षतिग्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के कोरोंजो नीम टोली में सरोजिनी आइंद, पति स्वर्गीय बसंत आईन्द के घर पर महिला समूह के द्वारा राशन डीलर का कार्य किया जाता था एवं महिला समूह के द्वारा राशन का चावल एवं गेहूं रखकर वितरण किया जाता था द्य शुक्रवार की रात्रि लगभग 12:00 बजे के आसपास दो हाथियों ने राशन डीलर के घर पर हमला बोलते हुए घर के एक हिस्से का पूरा दीवाल तोड़ दिया और साथ ही जो राशन का चावल एवं गेहूं था उसमें से लगभग सात आठ बोरी चावल एवं गेहूं खा गए एव साथ ही एक बोरा को अपने साथ लेते गए द्य ग्रामीणों को सूचना मिलने पर हाथियों को भगाने का कोशिश किया गया लेकिन हाथियों का जब तक पेट नहीं भरा वो नहीं भागे एवं पेट भर के अनाज खाएं, हाथियों का पेट भरने के बाद में वे बोलबा की ओर निकल पड़े द्य सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को दिया और वह तुरंत वहां पहुंचे एवं राशन डीलर एस एच जी ग्रुप के महिलाओं से मिले एवं साथ ही सरोजिनी आइंद से मिलकर जानकारी लिए एवं वन विभाग से मिलने वाला मुआवजा जल्द से जल्द दिलवाने का आश्वासन दिए मौके पर पंचायत समिति के सदस्य, अटल, सहबाज आदि उपस्थित थे।

## आवारा कुत्ता के कारण बाइक सवार गिरा, तीन घायल, महिला रेफर



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में कल्हेपाट चौक के समीप ग्लैमबर बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल हो गये। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक के समीप शनिवार को आवारा कुत्ता को बचाने के दौरान दुर्घटना हुआ। वही घटना के उपरांत ग्रामीणों ने एम्बुलेंस के माध्यम से सभी घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया जहां चिकित्सक डॉक्टर श्रेया कुमारी के निगरानी में इलाज किया गया। घायलों में एक महिला को गम्भीर अंदरूनी चोट लगने की बात बताते हुए बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। घायलों की पहचान किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत आरेया निवासी शंभु लोहरा का 62 वर्षीय पत्नी मदनी लोहरा,भोला लोहरा का 30 वर्षीय पत्नी अनिता लोहरा तथा 13 वर्षीय पुत्र संतोष लोहरा के रूप में किया गया। जबकि अनिता लोहरा को अंदरूनी गम्भीर चोट लगने के कारण सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया है। बताया जाता है कि तीनों बिना रजिस्टेशन नम्बर के मोटरसाइकिल ग्लैमबर बाइक पर सवार होकर आरेया से बिशुनपुर जा रहे थे। उसी दौरान कल्हेपाट चौक के समीप आवारा कुत्ता को बचाने के क्रम में सड़क दुर्घटना हुआ और सभी मोटरसाइकिल सवार गिर कर घायल हो गये।

## बरामद अज्ञात महिला का शव का हुआ शिनाख्त

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के चितरी कोयल नदी से शुक्रवार को अज्ञात महिला शव बरामद होने के उपरांत शनिवार सुबह सीठीयो निवासी के रूप में शिनाख्त किया गया। वही महिला को शारीरिक व मानशिक रूप से कमजोर होने की बात बताया जा रहा है। थाना प्रभारी अजित कुमार द्वारा शव पहचानी कराने का कार्य जारी था। उसी दौरान शनिवार सुबह में शव की पहचानी सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो ग्राम निवासी स्वर्गीय बढ़ही लाल साहू की पत्नी सुशीला देवी उम्र 65 वर्ष के रुप में किया गया। परिजन ने पुलिस को बताया की मृतक मंगलवार को घर से निकली थी जो शारीरिक एवं मानशिक रूप से कमजोर थी और घर से कब निकली इसकी जानकारी परिजनों को देर शाम मिलने पर मंगलवार से ही खोज बिन किया जा रहा था। वही परिवार जनों द्वारा बताया जाता है कि बीच बीच में भी घर से बाहर चली जाती थीं और वापस आ भी जाती थीं। लेकिन मंगलवार को घर से निकली जो शुक्रवार तक घर नही लौटी खोज बिन के दौरान समाचार के माध्यम से शनिवार को पता चला की महिला का शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। तब महिला की पहचान ग्रामीण व परिजनों द्वारा किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा की शव की पहचानी किया गया है। पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनो को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया जाएगा। तथा आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

## मिशन बदलाव के ट्वीट से मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

### मंगनू का शव अंततः पहुंचा टीनगिना, गांव में हर तरफ मातम का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** इंडिगो विमान से मंगनू साय का शव गोवा भाया हैदराबाद,रांची ,होते हुए उसके गांव टीनगिना (जलडेगा) पहुंच चुका है।अपने इकलौते पुत्र के एक झलक देखने की आस में बूढ़े मां बाप की आंखें पथरा गई थी। गर्भवती पत्नी का बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ज्ञातव्य हो की मंगनु साय की मौत कर्नाटक में हो गई थी।लेकिन इनके गरीब माता पिता को जब जानकारी मिली तो इन पर दुखों का पहाड़ टूट गया। मां बाप और मंगनु की पत्नी व्याकुल हो गए। उनके पास इतने पैसे थे नही की अपने पुत्र के शव को यहां लाकर उसकी एक झलक देख सकें और अंतिम संस्कार कर सके, जमीन को गिरवी रख कर भी मृतक के शरीर को लाना चाहते थे। मंगनू साय के समाज वाले भी अत्यंत चिंतन में लगे थे कि कैसे शरीर को वापस लाया जाए। इन सभी मामलों की जानकारी श्रावण साय ने पंकज साहु को दिया मामले को गंभीरता से ध्यान देते हुए मृतक मजदूर के परिवार को विडयो बनाने को कहा और इसके द्वारा मिशन बदलाव के ट्वीटर टीम ने ट्विटर में अपलोड किया मिशन बदलाव के ट्वीट पर पहल किया गया और वायरल मेशेज को ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया साथ ही जिले के उपायुक्त को मामले में संज्ञान लेने और मृतक के परिवार को हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया, जब ये मामला उपयुक्त के पास पहुंचा फौरन ही उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल मृतक के परिवार को श्रम विभाग से 50,000, दिलवाया साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीन कुमार ने सुखा राशन भी दिया। मिशन बदलाव के पंकज साहु खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे थे और इनका सहयोग श्रवन साय कर रहे थे जो हैदराबाद में काम करते हैं। श्रावण साय ने बताया की,जहां मंगनू मछलियों को समुंद्र में नाव से जाल पकड़ने का काम करता था लेकिन समुंद्र में तूफान के वजह से काम बंद हो गया था और मंगनु पैसे कमाने और अपना पेट भरने के लिए दिहाड़ी काम करने लगा था।

## विधायक भूषण बाड़ा सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के पक्ष में किया चुनाव प्रचार, मांगा वोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा कश्मीर के अंनतनाग जिले के डोरे शाहाबाद में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी झारखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी सह कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। साथ ही वहां के ग्रामीणों के साथ बैठकर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। इधर पुर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह,पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू, डा अजय शाहदेव, रामा खलखो आदि ने भी कांग्रेस प्रत्याशी झारखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी सह कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर के पक्ष में चुनाव प्रचार करने कश्मीर पहुंचे। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर के पक्ष में वोट देने की अपील की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार ही कश्मीर का विकास कर सकती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज पूरे देश की जनता का रुझान इंडिया गठबंधन की ओर है। लोग इंडिया गठबंधन को ही विकल्प के रूप में देख रहे हैं। लोगों का मोह भाजपा से भंग हो चुका है। कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूरे कश्मीर में इंडिया गठबंधन को पूरा जनता का समर्थन मिल रहा है। इधर जनता ने भी कांग्रेस प्रत्यासी को जिताने का पूरा आश्वासन दिया।

## प्रकृतिक महापर्व करमा को लेकर जिले भर में देखा गया खासा उत्साह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में प्राकृतिक का महापर्व कर्मा को लेकर भारी उत्साह देखा गया इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों सहित प्रकृति पर्व करमा शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसकी सारी तैयारियां शुक्रवार को ही लगभग पूरी कर ली गई थी।इस दौरान गांव के अखड़ा की विशेष साज-सज्जा की गई।वही महलाओं दिनभर का व्रत रखकर करम देव की पूजा अर्चना कर और अपने भाई की सुख समृद्धि के साथ अच्छे वर व सफल दांपत्य जीवन की प्रार्थना किए।बताते चलें की शनिवार को संध्या काल के समय नवयुवकों की टोली करम डाली लाया गया जिसके बाद गांव के युवक युवतियों तथा महिलाओं एवं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में करम डाली स्थापित करने के बाद गांव के पाहन पुजार के द्वारा पूजा पाठ और करम-धरम की कथा सुनाई गई। पूजा के बाद रात भर अखड़ा मांदर और नगाड़ों के साथ नृत्य संगीत का दौर चलता रहा।वही पुनः रविवार की सुबह में करम देव का विधिवत विसर्जन किया जाएगा।यह पर्व फसलों और वृक्षों की पूजा का पर्व है। भादो महीने की उजाला पक्ष की एकादशी को यह पर्व पूरे झारखंड में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व की तैयारी 15 दिन पहले शुरू हो जाती है।बताते चलें कि कर्मा पूर्व को लेकर सात प्रकार के बीजों से जावा उठाया जाता है जिसका भी विशेष महत्व माना गया है।पूजा पाठ करने वाले महिलाओं तथा युवतियों द्वारा इसे सात दिन पहले उठाती हैं। इसमें कुंवारी लड़कियों का विशेष योगदान रहता है। लड़कियां उपवास कर बालू लाकर अखड़ा जाती हैं। बालू में सात प्रकार के बीजों (मकई, धान, सरसों, मडुवा, चना उरद और गेहूं) मिलाकर टोकरी में डालकर इसे पवित्र स्थल (पूजा घर) में सात दिनों तक रखती हैं और सुबह-शाम इसकी पूजा करती हैं।इस पर हल्दी पानी डालकर दीप-धूप दिखाती हैं। युवतियां सुबह-शाम एक साथ डलिया को आखड़ा या किसी आंगन में निकालती हैं और इसके इर्द-गिर्द गोल बनाकर जावा गीत गाती और झूमर गाई जाती हैं जिसे जावा जगाना कहते हैं। इसके बाद करमा के दिन इसी जावा से पूजा करती हैं। पूजा के बाद इसे एक-दूसरे के बालों में सजाया और खुशियां मनाया जाता हैं।करमा के दूसरे दिन करम डाल और जावा को नदी या तालाब में विसर्जन कर दिया जाता है। जिसके साथ ही करमा पर्व का समापन होता है।

## बिमरला में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ, शपथ व रैली का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय खान ब्यूरो, रांची प्रक्षेत्र भारत सरकार के दिशा निर्देश पर मिनरल्स एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइन्स में आज दिनांक 14 सितंबर 2024 को स्वच्छता शपथ एवं रैली का आयोजन किया गया। सहायक महा प्रबंधक किरण शंकर सिंह की अगुवाई में बिमरला में आज का कार्यक्रम का आयोजन समापन हुआ। मौके पर श्री किरण शंकर सिंह ने कहा कि हमें अपनी सोच और व्यवहार में लाने की जरूरत है। स्वच्छता सभी के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता के मूल को भी विस्तार पूर्वक जानकारी सबों को दी। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे ने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर अपने विचार दिए। सीएसआर विभाग के अभय भारती ने स्वच्छता शपथ कराया, जबकि नागेंद्र सिंह ने स्वच्छता रैली की अगुवाई की। कार्यक्रम के उत्तरार्द्ध में एचआर विभाग के सहायक प्रबंधक अनुज सिंह ने स्वच्छता को प्रत्येक दिन अपने दैनिक जीवन में उतारने पर बल देते हुए कार्यक्रम के आयोजन पर सभी खान कर्मियों का आभार प्रकट किया। स्वच्छता रैली पर नागपुरी में भी नारे लगाए गए, जो बेहद पसंद किए गए। कार्यक्रम में इनकी रही धर्मेंद्र सिंह, सुजीत झा, कृष्णा शर्मा, अंकित तिवारी, गीता कुमारी, अरुण यादव, बड़ी संख्या में खान कर्मी शामिल हुए।

## खिलाड़ियों को हतोत्साहित होने के बजाय निरंतर प्रयास करने की जरूरत : मोजम्मिल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम लावागांई में तीन दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। टूर्नामेंट के समापन समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। स्थानीय ग्रामीण एवं आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। टूर्नामेंट के विजेता बेड़ो एवं उपविजेता हिरही के टीमों के बीच अतिथियों के द्वारा एक एक बड़ा खस्सी नकद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने उपस्थित ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हार एवं जीत खेल के दो पहलू हैं। हारे हुए खिलाड़ियों को हतोत्साहित न होने के बजाय निरंतर प्रयास की जरूरत होती है। सफलता एक न एक दिन जरूर मिलती है। बशर्ते लग्न एवं दृढ़ निश्चय के साथ अभ्यास की आवश्यकता होती है। यदि खिलाड़ी इसे नियमों एवं अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द बढ़ता होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए अनेक नीति और नियम बनाए हैं।

## जय श्रीराम समिति के कार्यालय का किया गया उद्घाटन, लोगों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के आगामी जिला स्तरीय चुनाव के मद्देनजर कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को हटिया गार्डन स्थित किया गया। किसी भी संस्था के सफल संचालन हेतु एक कार्यालय बहुत ही आवश्यक होता है जहाँ संस्था के सदस्य बैठक कर आपसी विचार विमर्श कर सकें। इसी उद्देश्य से जय श्रीराम समिति के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन सामुहिक रूप से जिला कुशवाहा समाज के अध्यक्ष शैलेश महतो,मुख्य संरक्षक राज किशोर महतो,पूर्व विधायक सह चुनाव प्रभारी रमेश उरांव,जय श्रीराम समिति के निवर्तमान अध्यक्ष राजीव रंजन, नंदलाल महतो,उमेश कांस्यकार, राजेश महतो द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव रंजन ने की।अपने संबोधन में वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और समिति के चुनाव की समीक्षा की। पूर्व विधायक व मुख्य संरक्षक सह चुनाव प्रभारी रमेश उरांव ने कहा कार्यालय के लिए लवकुश भवन के निचले तल्ला में समिति के लिए कुशवाहा समाज के द्वारा भवन उपलब्ध कराने के लिए कुशवाहा समाज के संरक्षक, अध्यक्ष, पदाधिकारी समेत समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं।

## कैरो में मां अंबे दुर्गा पुजा समिति का पुनर्गठन, अध्यक्ष बनाये गये शरत कुमार विद्यार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 13 सितंबर शुक्रवार की रात्रि 08 बजे दुर्गा बाड़ी भवन कैरो में इस वर्ष 2024 दुर्गा पुजा शांति और सौहार्द के साथ संपन्न करने को लेकर बैठक आहुत की गई। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नए समिति का पुनर्गठन करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लाया गया। उक्त बैठक में उपस्थित लोगों ने माँ अंबे दुर्गा पुजा समिति 2024 मे अध्यक्ष पद हेतू सर्वसम्मति से शरत कुमार विद्यार्थी का नाम लाया गया जिसमे बैठक मे सभी लोगों ने समर्थन किया। अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी ने अपने कमिटी में सभी योग्य लोगों को विभिन्न दायित्व देकर अपने समिति का विस्तार भी किया है जो निम्न प्रकार है। अध्यक्ष-शरत कुमार विद्यार्थी, उपाध्यक्ष-मनोज कुमार पांडे, बुधुवा उराँव, संजय महतो सचिव-शंभू प्रसाद सोनी, सह-सचिव-रिंकु प्रसाद, अंकित साहु, कोषाध्यक्ष- बजरंग प्रसाद, सह-कोषाध्यक्ष-राज साहू, गौतम साहू, मिडिया प्रभारी-राम प्रसाद पाल, बाबुलाल उराँव, पुजा प्रभारी-ओम साहू व संजय साहु कार्यकारिणी समिति- विपिन सिंह, राजेश सोनी (उतका) रवि प्रजापति, राजेश साहू, कमलेश प्रसाद, संजय पांडे, अशोक सोनी, मनोज साहू, मुरारी सोनी पंडाल प्रभारी-जितेन्द्र सुमन, ललेश पांडे, सुरेश प्रसाद, रावण निर्माण-अनिल पांडे, पंकज गुप्ता, राजेन्द्र सोनी, जीतवाहन महतो, दिनेश साहू प्रसाद वितरण-अंकित सोनी, शैलेश साहू, पंकज कुमार साहू, रवि रजक, विष्णु साहु, आनन्द सोनी, अमित कुमार, ब्रजेश साहू, हींगन महतो, भोला साहू, प्रिंस सोनी, सुमन सोनी, गोविंद मुखर्जी, रंजन सोनी, अमन पांडे। वही संरक्षक श्री दीपेश्वर पांडे, विशेश्वर दीन, नंदलाल प्रजापति, बालेश्वर साहू, गोपाल सोनी, गंगा प्रसाद, प्रभू भगत, रामपवित्र सोनी, आनन्द साहू, सुरजमोहन साहु, वसंत साहू, गोवर्धन महतो, विहारी साहू, रामप्रसाद यादव, जगदीश यादव, सुनील तिवारी, रौशन तिवारी, शंकर राम, बानेश्वर राम, मंटू साहू, ब्रजकिशोर साहू, ग्राम प्रधान वीरेंद्र उराँव, मुखिया वीरेंद्र महली, बजरंग उराँव, विवेक प्रजापति, कैलाश महतो, सुरेन्द्र उराँव, समेत क्षेत्र के प्रतिनिधि व प्रबुद्धजनो को भी संरक्षक मंडली मे रखी गई है।

## पर्यावरण की रक्षा में आदिवासी समाज की भूमिका अहम होती है : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सरना समिति चान्हो के तत्वाधान में करम पूजा पूर्व संध्या समारोह का आयोजन सरना बाल विकास विद्यालय पोड़हा टोली चान्हो में किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा के सांसद माननीय श्री सुखदेव भगत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शामिल हुए ।कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। समारोह प्रारंभ होने से पूर्व सांसद ने आदिवासियों के मसीहा स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए ।मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा की करमा पर्व प्रकृति को बचाए रखने की सीख देता है ।करम का त्यौहार भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक है ।साथ ही बेहतर फसल के लिए करम देव से प्रार्थना की जाती है। हम आदिवासियों की सदियों से चली आ रही प्रकृति पूजा को उसकी रक्षा के लिए हम सबों की सामूहिक भागीदारी बेहद जरूरी है। करमा पर्व संस्कृति एकता का प्रतीक है। हम आदिवासी समाज प्रकृति के पूजक हैं। प्रकृति से प्रेम करते हैं और पर्यावरण की रक्षा में हमारे समाज की हम भूमिका अहम होती है। झारखंड की संस्कृति और अपने पर्व को बचाए रखने की हम सबों की जरूरत है। सांसद ने उपस्थित सभी लोगों को करमा पर्व की बधाई दिए।विधायक नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि करम का त्योहार प्रकृति को बचाए रखने की सीख देता है साथ ही इससे समाज में आपसी भाईचारिगी और गहरा होता है। मौके पर संसद ने खोड़हा दलों के साथ आदिवासी नृत्य में भागीदारी निभाकर खोड़हा दलों के साथ प्रेम संस्कृति साझा किये। मौके पर चंदन कुमार गुप्ता थाना प्रभारी, एतवा उराव, शिव उरांव, महादेव भगत, सुमन उरांव, खुदी उरांव जयनाथ भगत, सुनीत मुंडा, शामको मुंडा, जीवनी उरांव, सरिता उरांव, प्रियंका उरांव, बिरसा उरांव, विकास उरांव, अजीत सिंह, तंबू उरांव दुर्गा उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 16 सितंबर को खेमराज स्मृति भवन में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की होगी बैठक : मिथुन तमेंड़ा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने हेतू केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा कि महत्वपूर्ण बैठक 16 सितंबर दिन सोमवार को अपराह्न 4.00 बजे से खेमराज स्मृति भवन गुदरी बाजार में रखी गयी है। जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी संरक्षक गण, सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव एवं माता रानी के सभी भक्त गण सादर आमंत्रित है। यह जानकारी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति महामंत्री मिथुन तमेडा ने दी।

चलते चलते एक नजर

## सभी दल के नेताओं में चुनाव लड़ने की होड़

मुजफ्फर हुसैन @ प्रभात मंत्र



**खूंटी :** खूंटी और तोरपा विधानसभा में वर्तमान विधायक भाजपा से है।जिसमें खूंटी विधानसभा से नीलकंठ सिंह मुंडा तथा तोरपा विधानसभा से कोचे मुंडा खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा लगातार पांचवीं बार जीतकर विधायक बने हैं। इस बार स्थिति थोड़ी बदलती नजर आ रही है। लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि 25 वर्षो से विधायक बने हुए हैं और आज भी बुनियादी सुविधाओं से गांव वंचित है। वहीं शहरी मतदाताओं में भी रोष है कि जिला स्थापना के 17वें वर्ष में भी जिला का विकास नहीं हो पाया है। लोगों की चिर परिचित बाईपास सड़क शिक्षा पेयजलापूर्ति से लोग आज भी वंचित नजर आ रहे हैं। वही तोरपा विधानसभा की बात करें तो इस बार विधायक कोचे मुंडा का टिकट कटना तय माना जा रहा है। लोगों का वर्तमान विधायक से मोह भंग हो गया है। लोगों का कहना है कि कोच मुंडा के अलावा किसी को भी टिकट मिला तभी भाजपा सीट निकल पाएगी। अन्यथा झामुमो की झोली में जा सकती है। खूंटी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की शानदार जीत को लेकर खूंटी विधानसभा में कांग्रेस अपनी जीत को लेकर आश्वस्त बता रही है। जबकि कोई धाकड़ चेहरा सामने नजर नहीं आ रहा है। सभी दलों में कार्यकर्ताओं में चुनाव लड़ने की होड़ जरूर है परंतु किसी के लिए मुंडा बहुल क्षेत्र और ईसाई बहुल क्षेत्र से सीट निकालना आसान नहीं होगा।

## साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़, सात स्थानों पर की गई छापेमारी, एक आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआइ) के साथ मिलकर साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में मुंबई से एक आरोपित विष्णु राठी को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि राठी ने खुद को तकनीकी सहायक बताकर अमेरिका की एक नागरिक से 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर की ठगी की थी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि सीबीआई ने अमेरिकी जांच एजेंसी के साथ मिलकर आपरेशन चक्र-3 के तहत साइबर अपराध नेटवर्क को ध्वस्त किया। यह गिरोह 2022 से विदेश में लोगों को निशाना बना रहा था।

## सांसद वीडी राम ने पलामू-गढ़वा वासियों को दिया बंदे भारत ट्रेन का तोहफा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरुप वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 21893/21894 टाटानगर से पटना वाया डालटनगंज एवं गढवा रोड़ स्टेशन होकर सप्ताह में एक दिन दिनांक 22 सितंबर 2024 से चलेगी। उक्त ट्रेन का परिचालन पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डालटनगंज, गढ़वा रोड़ होकर चलाने की मांग जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस संबंध में सांसद ने लोकसभा में नियम 377 के तहत मामले को उठाया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सासंद ने पत्र लिखकर तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। उक्त ट्रेन के परिचालन हेतु दिनांक 13 सितंबर 2024 को रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी। दिनांक 15 सितंबर 2024 को टाटानगर रेलवे स्टेशन से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री उक्त ट्रेन के परिचालन का हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता का अब पटना एवं टाटानगर का आवागमन सुलभ होगा। सांसद श्री राम ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है।

## भंडारिया में आयोजित करम पूजा में शामिल हुई प्रथम महापौर अरूणा शंकर

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रथम महापौर अरुणा शंकर भंडारिया प्रखंड के ग्राम नौका में करमा पूजा आयोजन समिति द्वारा आयोजित करम पर्व में सम्मिलित होते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही अभिनंदन और जोहार किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि यह पर्व पर्यावरण संतुलन हेतु हमारे पूर्वजों ने सात्विक भावना से वृक्षों को ईश्वर मानते हुए और नदियों को मां का दर्जा देते हुए इस त्यौहार को मनाते आ रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि करम प्राकृतिक की आराधना का पर्व है और भविष्य की आवश्यकता भी। महापौर ने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे जल संकट गहराता जा रहा है, इस पर्व का महत्व बढ़ता जाएगा। इस पर्व की महत्ता कई वर्ष पहले पूर्वजों ने समझी थी। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने भंडारिया कर्मा पूजा समिति के अध्यक्ष आनंदी सिंह खरवार एवं उपाध्यक्ष धनपत सिंह खरवार का आभार व्यक्त किया। कहा कि मुझे अपने कार्यक्रम में आमंत्रित किया और हमारी बहनों के साथ बहुत दिनों के बाद झूमर खेलने का अवसर दिया। प्रथम महापौर ने विशेष रूप से मुख्य संरक्षक ब्रह्मदेव सिंह खरवार, विनय सिंह खरवार, जतन सिंह खरवार, कुलदीप सिंह खरवार, इंद्रदेव सिंह खरवार, राजदेव सिंह खरवार, बिरजू सिंह खरवार, विजेंद्र सिंह खरवार, पूरन सिंह खरवार, विजय केसरी,सुखलाल सिंह खरवार सहित वहां के मुखिया विनय सिंह, रूप निरंजन सिंह, राजेश्वर ठाकुर भाई, रामजी ठाकुर भाई, लक्ष्मण उरांव, अंबिका सिंह, मीडिया के भाइयों एवं कर्म पूजा में उपस्थित सभी लोगों को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सम्मान देने के लिए धन्यवाद दिया।



धनबाद में चुनाव लड़ने वालों का उमड़ा जनसैलाब

# नेता व समाजसेवियों के बैनर-पोस्टर से पटा धनबाद

जमीर आरिफ @ प्रभात मंत्र

**धनबाद:** कुछ माह पूर्व लोकसभा चुनाव काफी गहमा गहमी के साथ संपन्न हुआ। किसी को सफलता मिली तो किसी के हिस्से मे विफलता आई। कहीं खुशी का मंजर रहा तो कहीं गम का माहौल।अभी लोकसभा चुनाव का खुमार उतरा भी नहीं की विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। कभी भी चुनाव की तिथी की घोषणा हो सकती है। इसी को लेकर कोयलांचल मे विभिन्न दलों के संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता काफी बढ़ गई है। वहीं समाजसेवियों का तो मानो धनबाद मे जनसैलाब उमड़ पड़ा है। जो व्यक्ति दूर दूर तक राजनीति से ताल्लुक नहीं रखते थे और जिनकी समाज मे एक अलग ही तरह की छवि रही हो।

## गुटबाजी और अंतर्कलह से भाजपा को उठाना पड़ सकता है नुकसान

धनबाद विधानसभा की सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। किन्तु गुटबाजी और अंतर्कलह से भाजपा मे अस्थिरता देखी जा रही है। इन दिनो पार्टी के लोग कई खेमे मे बंटे हुए हैं। अनुशाशन का पाठ पढ़ाने वाली भाजपा, स्वयं अनुशाशनहीन दिख रही है। वर्तमान एवं पूर्व सांसद, जिला अध्यक्ष, पूर्व मेयर, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष आदि के गुटों मे पार्टी के नेता और कार्यकर्ता बंटे हुए दिख रहें हैं। अनुशाशनहीनता का आलम यह है की मौजुदा सांसद अपने ही पार्टी के पूर्व सांसद एवं विधायक को भला बुरा कहने का कोई भी मौका नहीं चूक रहे हैं। कई कार्यक्रमो मे तो अलग अलग गुटों के समर्थक भी सारी मर्यादाओं को पार कर आपस मे उलझते और झगड़ते हुए दिखाई दे रहें हैं। ऐसे मे पार्टी के अंदर की फूट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव मे भाजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### कई व्यवसायी सह समाजसेवी भी टिकट के लिये लगा रहें हैं जोर

राजनीतिक दल के नेताओं के अलावा कई व्यवसायी भी पुरे दम खम के साथ टिकट के लिये जोर लगा रहें हैं। शहर के चौक चौराहों पर लगे बैनर और पोस्टर पर ऐसे कई व्यवसाईयों के नाम के आगे बड़े अक्षरों मे समाजसेवी लिखा हुआ देखा जा सकता है। इनमे से कुछ लोग ऐसे हैं जो पहली बार राजनीति मे कदम रख रहें हैं।



### एक अनार और सौ बीमार मुहावरे की तर्ज पर सभी कांग्रेसी हैं दावेदार

वर्तमान स्थिति को देखते हुए इस बार कांग्रेस के लिये बहुत अच्छी संभावनाएं हैं बशर्ते कांग्रेस पार्टी के लोग एकजुटता के साथ चुनाव लड़े किन्तु ऐसा कल्पना करना सपने के समान है। कारण यह है की कांग्रेस पार्टी मे कोई भी कार्यकर्ता नहीं बल्कि सभी वरिष्ठ तबके के नेता हैं। भले ही उन्हें अपने परिवार का वोट ना मिले लेकिन टिकट के लिये सभी अपनी अपनी दावेदारी ठोक रहें हैं। कुछ तो नेतागण ऐसे भी हैं जो अपने वार्ड के पार्षद का चुनाव तक नहीं जीत सकते, जिन्हें पड़ोस और समाज के दस लोग भी ढंग से नहीं पहचानते लेकिन वे विधायक का टिकट लेने और उसे जितने का दंभ भर रहें हैं। हाल ही के दिनों मे सैकड़ों कांग्रेसी नेताओं ने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए जिला अध्यक्ष को अपना आवेदन सौंपा है।


